

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर मेडल विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 27 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# न्याय यात्रा: खरगे ने ममता बनर्जी को लिखा पत्र, सुरक्षित रास्ता देने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिलहाल बंगाल में है। बंगाल के दार्जिलिंग में पुलिस ने राहुल गांधी की सार्वजनिक बैठक को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। यह बैठक 28 जनवरी को होनी है। बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम ने भी कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। नीतीश कुमार के एक बार फिर भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने के कयासों के बीच कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल को बिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का संजोयक बनाने के साथ ही अन्य राजनीतिक गतिविधियों के लिए भी संयोजक नियुक्त किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है।

**कांग्रेस ने क्राउड फंडिंग से अब तक जुटाए करीब 20 करोड़ रुपये:** कांग्रेस नेता अजय माकन ने बताया कि पार्टी ने न्याय यात्रा के दौरान पिछले दो घंटे में करीब दो करोड़ रुपये जुटाए हैं। अजय माकन, जयराम रमेश समेत कई अन्य नेताओं ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में अजय माकन ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी ने क्राउड फंडिंग के जरिए 17 करोड़ रुपये जुटाए थे। आज पिछले दो घंटे में दो करोड़ रुपये पार्टी को मिले हैं। अजय माकन ने उम्मीद जताई कि आज पार्टी क्राउड फंडिंग से कुल 20 करोड़ रुपये जुटा लेगी। अजय माकन ने ये भी बताया कि अब 670 रुपये से ज्यादा देने वाले दानदाताओं को अब उसे राहुल गांधी का साइन किया हुआ टीशर्ट बतौर उपहार दिया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी के साइन किए टीर्शट भी दिखाए। बिहार में जारी राजनीतिक घटनाक्रम पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक के कलबुर्गी में मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'जदयू के विपक्षी गठबंधन से बाहर जाने की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उनके दिमाग में क्या है, यह साफ नहीं है। मैं कल देहरादून जा रहा हूं और फिर दिल्ली जाऊंगा। पूरी जानकारी लेने के बाद ही मैं इस पर कुछ कह सकूंगा। देखते हैं क्या होता है...हमारी कोशिश है कि सभी को एकजुट रखा जाए।

# बिहार: नीतीश फिर मारेंगे पलटी!

- 'महागठबंधन' में राजद के सहयोगी दलों ने हमेशा मुख्यमंत्री का सम्मान किया: तेजस्वी यादव

**सियासी उठापठक**

▶▶ सीएम नीतीश कुमार आदरणीय थे और हैं। कई चीजें उनके (नीतीश कुमार) नियंत्रण में नहीं हैं



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार की** राजधानी पटना में राजद की बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री और पार्टी नेता तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार को लेकर चुप्पी तोड़ दी। तेजस्वी यादव ने पार्टी नेताओं से कहा कि सीएम नीतीश कुमार आदरणीय थे और हैं। कई चीजें उनके (नीतीश कुमार) नियंत्रण में नहीं हैं। 'महागठबंधन' में राजद के सहयोगी दलों ने हमेशा मुख्यमंत्री का सम्मान किया।

**मुख्यमंत्री मुझसे बार-बार पूछते थे 2005 से पहले बिहार क्या था?:** तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मेरे साथ मंच पर बैठते थे और पूछते थे कि 2005 से पहले बिहार में क्या था? मैंने कभी प्रतिक्रिया नहीं दी। अब, अधिक लोग हमारे साथ हैं। जो काम दो दशकों में नहीं हुआ, वह हमने कम समय में कर दिखाया, चाहे वह नौकरी हो, जाति जनगणना हो, आरक्षण बढ़ाना आदि हो। बिहार में अभी खेल होना बाकी है। राजद सांसद मनोज कुमार झा ने कहा कि एक सकारात्मक बैठक हुई। कई चीजों पर चर्चा हुई। बैठक में सभी मुद्दे चाहे राष्ट्रीय स्तर के हों या राज्य स्तर के सभी मुद्दों पर चर्चा हुई। यह विधानमंडल की बैठक थी।

लालू यादव, उप मुख्यमंत्री (तेजस्वी यादव) सभी विधायक, सभी उपस्थित थे। हम सभी ने लालू यादव को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया है।

**हमलोगों को पूरी तरह से धैर्य रखना है:** तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोगों को पूरी तरह से धैर्य रखना है।

कुछ विधायक ने हमें कहा है कि कल से लगातार ट्रांसफर पोस्टिंग की जा रही है। तेजस्वी ने कहा जो करना है करने दीजिए हम लोग पूरी तरफ सरकार के साथ रहना है आखिरी तक कही कुछ टिप्पणी नहीं करनी है।

## राज्य को लेकर चिंतित हूं: चिराग पासवान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

बिहार में सियासी घटनाक्रम का दौर शुरू हो गया है। वर्तमान सीएम नीतीश कुमार द्वारा पीएम मोदी की तारीफ करने के बाद से ही बिहार की राजनीति में उथल-पुथल की चर्चाएं शुरू हो गई है। जहां एक तरफ आरजेडी अंदरूनी कलह से इनकार कर रही है, वहीं भाजपा इस मौके को भुनाने की पूरी कोशिश में लगी हुई है। आरजेडी ने कहा कि बिहार के भलाई के लिए हम तख्तापलट होने नहीं देंगे। इसी बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान की बैठक हुई।

**चिराग बोले- राज्य की स्थिति को लेकर चिंतित हूं:** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने अमित शाह से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बिहार में जो चल रहा उसे जानना जरूरी है। इसी मुद्दे पर मैं आज अमित शाह और जेपी नड्डा से मिला। मैंने राज्य से जुड़ी अपनी चिंताओं को उनके सामने रखा।

उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है। गठबंधन पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इसको लेकर स्थिति काफी सकारात्मक है। आने वाले दिनों में आप सभी को स्पष्ट हो जाएगा। हम आज भी एनडीए का हिस्सा ही हैं।

## मराठा आरक्षण की मांग: धरना खत्म

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

मराठा आरक्षण की मांग को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। आज सीएम एकनाथ शिंदे ने मनोज जरांगे से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने मिलकर छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान दोनों के बीच मसौदा अध्यादेश को लेकर चर्चा की गई। गौरतलब है कि मराठा आरक्षण की मांग को लेकर मनोज जरांगे धरने पर बैठे थे, सीएम ने आज उन्हें जूस पिलाकर उनका अनशन तोड़ा है। इसी बीच, महाराष्ट्र सरकीर ने मराठा समुदाय के सदस्यों के रक्त सबंधियों को कुनबी की मान्यता देने के लिए एक अधिसूचना जारी की है, जिनके पास कुनबी जाति के रिकॉर्ड पाए गए हैं। बता दें कुनबी एक कृषक समुदाय है, जो अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी से आते हैं। मनोज जरांगे सभी मराठों के लिए कुनबी प्रमाण पत्र की मांग कर रहे थे। विशेष पिछड़ा वर्ग (जारी करने और सत्यापन का विनियमन) जाति प्रमाण पत्र (संशोधन) नियम, 2024 कहा जाएगा।

# संविधान सभा के आदर्शों से प्रेरणा लें: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन खास है, क्योंकि यह 75वें गणतंत्र दिवस के ठीक बाद हो रहा है। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के पास यह अवसर है कि वे संविधान सभा के आदर्शों से प्रेरणा लें। उन्होंने अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा, इस बार का यह सम्मेलन और भी खास है, क्योंकि यह भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के ठीक बाद हो रहा है। 75 वर्ष पहले हमारा संविधान 26 जनवरी को लागू हुआ था। यानि संविधान के भी 75 सा पूरे हो रहे हैं। मैं देशवासियों की ओर से संविधान सभा के सभी सदस्यों को आदरपूर्वक नमन करता हूं।

**आह्वान**

▶▶ पीठासीन अधिकारियों के पास यह अवसर है कि वे संविधान सभा के आदर्शों से प्रेरणा लें: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, एक समय था, जब सदन में कोई भी सदस्य शिष्टाचार का उल्लंघन करता था और अगर उसके खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाती थी। तो सदन के अन्य वरिष्ठ सदस्य उस सदस्य को समझाते थे कि भविष्य में वे ऐसी गलती न करें, जो सदन के माहौल और उसकी मर्यादा को प्रभावित करती है। 'लेकिन, आज के समय में हमने देखा है कि कुछ राजनीतिक दल ऐसे सदस्यों के समर्थन में खड़े हो जाते हैं। अपनी गलतियों का बचाव करने लगते हैं।





यातायात व्यवस्था - बीटिंग रिट्रीट समारोह - 29 जनवरी 2024

गणतंत्र दिवस समारोह, 2024 के हिस्से के रूप में 29.01.2024 को विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट समारोह आयोजित किया जाएगा। दिल्ली यातायात पुलिस ने राष्ट्रपति भवन, नार्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक और संसद भवन में बीटिंग रिट्रीट समारोह और रोशनी के दौरान यातायात की व्यापक व्यवस्था की है।




**यातायात प्रतिबंध**

29.01.2024 को 1400 बजे से 2130 बजे तक निम्नलिखित यातायात प्रतिबंध रहेंगे सामान्य यातायात के लिए विजय चौक बंद रहेगा, निम्नलिखित मार्गों पर ट्रैफिक की अनुमति नहीं होगी:–

(क) आर/ए सुनहरी मस्जिद और आर/ए कृषि भवन के बीच रफी मार्ग
(ख) विजय चौक की तरफ आर/ए कृषि भवन से रायसीना रोड
(ग) आर/ए दारा शिकोह रोड, आर/ए कृष्ण मेनन मार्ग और विजय चौक की तरफ आर/ए सुनहरी मस्जिद के आगे
(घ) विजय चौक एवं 'सी' हेक्सागन के बीच कर्तव्यपथ

आम जनता/वाहन चालकों को सलाह दी जाती है कि वे वैकल्पिक मार्गों अर्थात: रिंग रोड, रिज रोड, अरबिन्दो मार्ग, मदरसा 'टी' प्वाइंट, सफदरजंग रोड–कमल अतातुर्क मार्ग, रानी झांसी रोड, मिन्टो रोड आदि का उपयोग करें।

**बसों का मार्ग परिवर्तन**

आमंत्रित व्यक्तियों एवं दर्शकों के वाहनों के सुगम आवागमन और समारोह स्थल एवं इंडिया गेट के चारों ओर सड़कों पर भीड़भाड़ को कम करने के लिए डी.टी.सी. और अन्य सिटी बसें 29.01.2024 को 1400 बजे से 2130 बजे तक अपने निर्धारित मार्गों के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पर चलेंगी।

1. शांति पथ–विनय मार्ग–सरदार पटेल मार्ग से केन्द्रीय सचिवालय एवं कनॉट प्लेस की ओर आने वाली बसें पंचशील मार्ग–सिमोन वॉलीवर मार्ग–वंदे मातरम मार्ग–आर/ए शंकर रोड–शेख मुजिबुर रहमान रोड होते हुए चलेंगी।
2. केन्द्रीय सचिवालय के लिए आने वाली बसें उद्यान मार्ग पर समाप्त होगी और काली वाड़ी मार्ग–मंदिर मार्ग–शंकर रोड होते हुए वापस जाएंगी।
3. कनॉट प्लेस के लिए आने वाली बसें मंदिर मार्ग–काली बाड़ी मार्ग–जी.पी.ओ–बाबा खड़ग सिंह मार्ग होते हुए आयेंगी और कनॉट प्लेस पहुंचेंगी और भगत सिंह मार्ग–पेशवा रोड–मंदिर मार्ग–शंकर रोड और वंदे मातरम मार्ग होते हुए वापस जाएंगी।
4. तुगलक रोड पर दक्षिण दिल्ली से आने वाली बसें और कनॉट प्लेस/केन्द्रीय सचिवालय जाने वाली बसें अरबिन्दो चौक से सफदरजंग रोड–कमल अतातुर्क मार्ग–पंचशील मार्ग–सिमोन वॉलीवर मार्ग की ओर जाएंगी और क्रम सं.1 में वर्णित मार्ग के अनुसार चलेंगी।
5. मंडी हाउस और फिरोज शाह रोड पर आने वाली बसें बाराखम्बा रोड होते हुए कनॉट प्लेस जाएंगी और शिवाजी स्टेडियम पर समाप्त होगी तथा कस्तुरबा गांधी मार्ग/बाराखम्बा रोड होते हुए वापस जाएंगी।
6. शांहजहां रोड से कनॉट प्लेस की ओर आने वाली बसें अरबिन्दो चौक–सफदरजंग रोड–कमल अतातुर्क मार्ग–पंचशील मार्ग होते हुए शिवाजी स्टेडियम तक जाएंगी।
7. दक्षिण की तरफ से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला और आईएसबीटी कश्मीरी गेट के लिए आने वाली बसें एम्स से रिंग रोड की ओर होते हुए धौला कुआं की तरफ जाएंगी और फिर रिज रोड, रानी झांसी रोड की तरफ जाएंगी।
8. आश्रम की तरफ से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला और आईएसबीटी कश्मीरी गेट के लिए आने वाली बसें आश्रम चौक–रिंग रोड से सराय काले खां, राजघाट होते हुए जाएंगी।
9. पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला, कश्मीरी गेट से आने वाली बसें जो दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व की ओर जाती है, वे दिल्ली गेट–जवाहर लाल नेहरू मार्ग–राजघाट–रिंग रोड–सराय काले खां– आश्रम चौक होते हुए जाएंगी।
10. विकास मार्ग से आने वाली बसें जो दक्षिण की ओर जाती है, वे रिंग रोड–सराय काले खां–आश्रम चौक होते हुए जाएंगी।
11. कस्तुरबा गांधी मार्ग होते हुए कनॉट प्लेस से इंडिया गेट की ओर जाने वाली बसें मिन्टो रोड–डीडीयू मार्ग–आई.पी. फ्लाईओवर–रिंग रोड–सराय काले खां होते हुए जाएंगी।

**आम जनता के लिए निर्देश**

कोई भी लावारिस वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति देखने पर तुरंत अपने नजदीक ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी को इसकी सूचना दें। आम जनता और वाहन चालकों से अनुरोध है कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए संयम बनाए रखें और यातायात के नियमों का पालन करें तथा सड़क पर अनुशासन बनाए रखें एवं यातायात पुलिसकर्मियों के निर्देशों का पालन करें। आम जनता से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और पर्याप्त समय लेकर चलें।

आम जनता और वाहन चालक दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट https://traffic.delhipolice.gov.in, फेसबुक पेज https://www.facebook.com/dtptraffic, ट्विटर हैंडल https://twitter.com/dtptraffic, इंस्टाग्राम पेज https://www.instagram.com/dtptraffic, व्हट्सअप नम्बर 8750871493 एवं हेल्पलाइन नम्बर 1095/011-25844444 के माध्यम से नवीनतम जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**पार्किंग**

विजय चौक पर रोशनी को देखने वाले वालों लोगों के लिए पार्किंग सायं 7.00 बजे के बाद रफी मार्ग और ''सी' हेक्सागन के बीच वाटर चैनल के पीछे उपलब्ध होगी।

यातायात सलाह के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

DP/9631/2024

https://traffic.delhipolice.gov.in https://www.facebook.com/dtptraffic https://twitter.com/dtptraffic https://www.instagram.com/dtptraffic

ट्रैफिक प्रहरी बनें | Google Play या App Store से ऐप डाउनलोड करें | 24 घंटे ट्रैफिक हेल्पलाइन: 011-25844444/1095 | पुलिस को सूचना देने के लिए कॉल करें 14547 | तुरंत पुलिस सहायता पाने के लिए 112 पर कॉल करें।

नई दिल्ली, 28 जनवरी 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# 30 जनवरी को ग्रेनो प्राधिकरण पर लगेगा अन्नदाताओं का जमघट

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा :** नए जमीन अधिग्रहण कानून को लागू कराने और आबादी के मुद्दों को लेकर किसान सभा 30 जनवरी को ग्रेनो प्राधिकरण पर प्रदर्शन करेगी। किसान गांव-गांव जाकर सभाकर 30 जनवरी के आंदोलन के लिए हजारों की संख्या में प्राधिकरण पर आने का आह्वान कर रहे हैं। तुगलपुर गांव में किसानों ने आंदोलन को समर्थन दिया है। सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि आंदोलन के पहले चरण में प्राधिकरण ने किसान सभा से लिखित समझौता किया है, लेकिन 10 फीसदी का मुद्दा अब भी अधर में है। संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. रूपेश वर्मा ने कहा कि यह किसानों के हक की लड़ाई है। नए कानून में दिए जाने वाले लाभों से वंचित किया जा रहा है। वहीं, अखिल भारतीय किसान सभा ने गांव बीरौंडा, सिरसा, खानपुर और मलकपुर में जनसभाएं आयोजित की। जिसमें सैकड़ो लोगों ने हिस्सा लिया। जनसभा को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश



की सरकार बड़े पूंजी पतियों के साथ गठजोड़ बनाकर कार्य कर रही है। किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वादा किया था स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट लागू करने का वादा किया था किसानों के साथ छल हुआ है। किसान लागत से भी कम दाम पर अपनी फसल बेचने को मजबूर है, आत्महत्या करने को मजबूर है।

किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा की 30 जनवरी का आंदोलन 10% आबादी प्लाट के लिए किया जा रहा है। जिसमें हजारों किसान उत्साह के साथ हिस्सा लेने आ रहे हैं। किसान अपना हक लेने आ रहे हैं, पक्का मोर्चा लगाएंगे और हक लेकर ही घर वापस जाएंगे। किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष अजब सिंह नेताजी ने एलान किया कि पहले चरण में हमने 10 परसेंट सहित अन्य मुद्दों को प्राधिकरण बोर्ड से पास कराया है। अब शासन से अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आंदोलन होगा। लड़ाई आर पार की होगी, जिस तरह पिछली बार हुई थी।

**अधर में...**

**आंदोलन के पहले चरण में प्राधिकरण ने किसान सभा से लिखित समझौता किया है, लेकिन 10 फीसदी का मुद्दा अब भी अधर में है सं**

# नशे में धुत्त कार चालक ने तीन लोगों पर चढ़ाई कार, एक की मौके पर मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा से आज एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक दारोगा के बेटे ने अपनी कार से तीन लोगों को रौंद दिया। जानकारी के अनुसार ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में मूंगफली खरीद रहे 3 लोगों को ब्रेजा कार सवार ने रौंद दिया। इस हादसे में एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग बुरी तरह से घायल हैं। यह घटना सूरजपुर थाना क्षेत्र की है। मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ ने आरोपित चालक को पकड़ कर धुनाई कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी की पहचान दारोगा के बेटे के रूप में हुई है

# तीसरी मंजिल से पत्नी को फेंका, फिर लेकर पहुंचा

**गाजियाबाद।** गोविंदपुरम की कृष्णा कुंज कॉलोनी में देर रात पार्किंग ठेकेदार ने पत्नी को तीसरी मंजिल स्थित फ्लैट की बालकनी से नीचे फेंक दिया। आरोपित महिला को गंभीर हालत में लेकर संजय नगर जिला संयुक्त अस्पताल पहुंच गया।

**पुलिस को सूचना देने के बहाने अस्पताल से हुआ फरार**

चिकित्सकों ने महिला की गंभीर हालत देखकर शक होने पर आरोपी से पूछा तो बताया कि चोट लगी है। इसके बाद आरोपित पुलिस को सूचना देने के बहाने अस्पताल से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक कृष्णा कुंज में तीसरी मंजिल पर रहने




वाले विकास कुमार के पास एमएमएच कॉलेज की पार्किंग का ठेका है। शनिवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे विकास अपनी पत्नी शालू को संयुक्त जिला अस्पताल गंभीर हालत में लेकर गया। महिला को चिकित्सकों ने मृत घोषित करते हुए चोट लगने का कारण पूछते हुए पुलिस को बताने को कहा तो आरोपित खुद ही पुलिस को सूचना देने के नाम पर अस्पताल से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने पर मधुबन बापूधाम पुलिस और कविनगर पुलिस आयी। महिला के स्वजन ने आरोपित पर हत्या का आरोप लगाते हुए शिकायत दी है। दोनों के बीच विवाद किस बात पर हुआ इसका पता नहीं चल पाया है। दोनों के तीन बच्चे हैं। देर रात पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया। उससे पूछताछ की जा रही है।

# 11 जनवरी से लापता किसान का अभी तक नहीं चला पता

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद।** सदरपुर से 11 जनवरी को लापता हुए किसान उमेश कई दिन बाद भी बरामद न होने से गुस्साए ग्रामीणों ने शनिवार को मधुबन बापूधाम थाने का घेराव कर दिया। नाराज ग्रामीणों ने तीन घंटे तक थाने पर हंगामा किया। किसानों का आरोप है कि पुलिस ने आरोपित पकड़ लिया है। पूछताछ में आरोपित ने उमेश की हत्या कर शव गंगनहर में फेंकना बताया है। इसके बाद भी पुलिस ने शव की तलाश शुरू नहीं की है। शनिवार को मधुबन बापूधाम थाने पहुंचे ग्रामीणों के साथ लापता किसान उमेश के पुत्र अंकुर ने बताया कि 11 जनवरी को उनके पिता गोविंदपुरम में प्रॉपर्टी डीलर नीरज कौशिक से उधार दी गई रकम वापस लेने गए थे। उसके बाद से उनका कुछ पता नहीं चला है। मधुबन बापूधाम थाने में 15 जनवरी को उनकी शिकायत पर प्रापर्टी डीलर नीरज कौशिक पर केस दर्ज किया



गया। अंकुर ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने नीरज कौशिक को मुकदमा दर्ज करने के एक दिन बाद ही छोड़ दिया था। उसके बाद से पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने पहले दिन से ही इस मामले में लापरवाही बरती है।

**थाना प्रभारी पर ग्रामीणों ने लगाया आरोप**

थाना परिसर में एकत्र ग्रामीणों ने थाना प्रभारी अंकित तरार पर डीसीपी सिटी के सामने ही आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे मामले में उन्होंने सबसे ज्यादा लापरवाही बरती है।


# प्लॉट पर निर्माण कार्य करने वालों को बड़ी राहत

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण हजारों आवंटियों को बड़ी राहत देने जा रहा है। आवंटित भूखंड पर भवन निर्माण के लिए उन्हें दो वर्ष का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इससे संबंधित प्रस्ताव 29 जनवरी को प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। बोर्ड की स्वीकृति मिलने के बाद आवंटियों को भवन निर्माण की अवधि समाप्त होने पर लगने वाले विलंब शुल्क से छूट मिल जाएगी। यमुना प्राधिकरण ने आवासीय, औद्योगिक, संस्थागत समेत विभिन्न श्रेणी में भूखंड आवंटित किए हैं। आमतौर पर प्राधिकरण योजना के तीन साल में सेक्टरों का आंतरिक विकास कर आवंटियों को भौतिक कब्जा देता है। इसके बाद आवंटियों को भूखंड पर निर्माण कार्य करना होता है।

# मानवता के लिए निभाई जा रही सेवाओं को प्रदर्शित करने हेतु लगाया गया स्टॉल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में स्टॉल लगाकर मानवता की सेवा के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस प्रदर्शनी का आयोजन लायंस क्लब ऑफ इंडिया द्वारा किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए यहां जारी एक बयान में दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के चेयरमैन उच्च शिक्षा सरदार एमपीएस चड्ढा और स्टाफ सदस्य सरदार नरिंदर सिंह रावलपिंडी विशेष रूप से मुंबई में हैं ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में



200 से अधिक देशों के प्रतिनिधि पहुंचे हैं और 400 से अधिक स्टॉल हैं जिनमें विभिन्न संगठन अपने द्वारा किये जा रहे परोपकारी कार्यों के बारे में जानकारी साझा कर रहे हैं। दिल्ली कमेटी ने स्टॉल नंबर एच 12 लगाया है। विशेष स्क्रीन के साथ-साथ काउंटर भी लगाए हैं जहां पर साहित्यिक सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुओं के साथ-साथ यह बताया जा रहा है कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी किस प्रकार चिकित्सा, धार्मिक व अन्य क्षेत्रों में मानवता की सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कमेटी के स्टॉल पर आज 5 हजार से ज्यादा लोग आये हैं तथा कल और भीड़ होने की संभावना है।


## गुमशुदा की तलाश



श्रीमती अर्पिता

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका **नामः श्रीमती अर्पिता**, **पत्नीः** –, **पताः** मकान नं. 9/7, सुब्रमण्यम लाइन, दिल्ली कैन्ट, नई दिल्ली जो कि थाना दिल्ली कैन्ट, दिल्ली क्षेत्र से **दिनांक 19.01.2024** से लापता है। इस संदर्भ में **DD No. 5A dated 20.01.2024** के तहत थाना दिल्ली कैन्ट, दिल्ली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है। **उम्रः** 29 साल, **लिंगः** महिला, **कदः** 5 फुट, **रंगः** गेहुँआ, **पहचानः** गर्दन के दांयी तरफ एक तिल, **पहनावाः** गुलाबी रंग का सूट–सलवार पहन रखा है। पुलिस के भरसक प्रयास के बावजूद अभी तक इस लापता महिला का कोई पता नहीं चल पाया है। जिस व्यक्ति के पास इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**वेबसाइट: http//cbi.nic.in**
**ई–मेल - cic@cbi.gov.in**
**फैक्स नं.: 011-24368639**
**फोन नं.: 011-24368638, 24368641**
**DP/952/SW/2024**

**थानाध्यक्ष**
**थानाः दिल्ली कैन्ट, दिल्ली**
**फोन नं. 25693161, 9810563274**


# गाजियाबाद के बाद जिले के सबसे पुराने बाजारों में से एक का बदला जाएगा नाम?

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिले का नाम बदलने का प्रस्ताव हाल ही में नगर निगम की बोर्ड बैठक में पास कर स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया है, अभी उस पर निर्णय हुआ नहीं है कि शहर में व्यापारियों ने सबसे पुराने बाजारों में से एक तुराबनगर बाजार का नाम बदलकर सीताराम बाजार करने की मांग उठाई है। इस बाजार की गलियों को नाम भी भरत, लक्ष्मण, कौशल्या, सुमित्रा, हनुमान के साथ अर्जुन, द्रोपदी सहित के नाम पर करने की मांग की गई है। बाजार में और गलियों में प्रस्तावित नाम के बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। एक मैप भी जारी किया गया है, जिसमें प्रत्येक गली को उसकी पहचान के लिए नया नाम सुझाया गया है। तुराब नगर व्यापार मंडल के चेयरमैन रजनीश बंसल ने बताया कि जिस स्थान को तुराब नगर बाजार के नाम से जाना जाता है, उस स्थान पर यदि कोई दुकान या भवन खरीदने के लिए रजिस्ट्री कार्यालय में पहुंचते हैं तो पता चलता है कि वह स्थान पूर्वा इस्माइल खां के नाम से दस्तावेजों में दर्ज है। जानकारी करने पर पता चला कि इस्माइल खां एक जमाने में यहां जमीदार थे, यह जमीन पूर्वी हिस्से में थी। इस वजह से पूर्वा इस्माइल खां इसका नाम कर दिया गया था। जबकि वर्तमान में यहां पर ज्यादातर दुकानें और भवन हिंदुओं के हैं। ऐसे में व्यापारियों ने अब तुराब नगर बाजार सहित गलियों का नाम बदलने का प्रस्ताव अपनी ओर से महापौर सुनीता दयाल को भेजा है।


## एक्शन इंडिया
### (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## change of name

I Prem Kumar S/o Badri Dass Singla R/o H No. 189R Model Town Near Ramlal Chowk Panipat Haryana-132103 , have changed my name to Prem kumar Singla.

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली में बीजेपी चला रही ऑपरेशन लोटसः आप

## आप के सात विधायकों को खरीदने की कोशिश में भाजपा, 25 करोड़ का दिया ऑफरः अरविंद केजरीवाल

**गंभीर आरोप**

**भाजपा आम आदमी पार्टी के 7 विधायकों के संपर्क में है और 25 करोड़ रुपये देने की बात भी कह रही है**






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार को गिराने की साजिश चल रही है। दिल्ली में एक बार फिर से ऑपरेशन लोटस चलाया जा रहा है। भाजपा आम आदमी पार्टी के 7 विधायकों के संपर्क में है और 25 करोड़ रुपये देने की बात भी कह रही है। यह आरोप दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर लगाए हैं। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर एक लंबा पोस्ट साझा कर भाजपा पर कई आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही आज मंत्री आतिशी ने भी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर हमला किया है।

**केजरीवाल ने पोस्ट में क्या लिखाः** केजरीवाल ने अपने पोस्ट में लिखा, पिछले दिनों इन्होंने हमारे दिल्ली के 7 एमएलए को संपर्क कर कहा है - 'कुछ दिन बाद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उसके बाद एमएलए को तोड़ेंगे। 21 एमएलए से बात हो गयी है।

### 'दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार गिरा देंगे'

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार गिरा देंगे। आप भी आ जाओ। 25 करोड़ रुपये देंगे और बीजेपी की टिकट से चुनाव लड़वा देंगे।' हालांकि उनका दावा है कि उन्होंने 21 एमएलए से संपर्क किया है लेकिन हमारी जानकारी के मुताबिक उन्होंने अभी तक 7 एमएलए को ही संपर्क किया है और सबने मना कर दिया। उन्होंने आगे लिखा, इसका मतलब किसी शराब घोटाले की जांच के लिए मुझे गिरफ़्तार नहीं किया जा रहा बल्कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार गिराने के लिए षड्यंत्र कर रहे हैं।


**'नौ सालों में हुए कई षड्यंत्र':** पिछले नौ सालों में हमारी सरकार गिराने के लिए इन्होंने कई षड्यंत्र किए। लेकिन इन्हें कोई सफलता नहीं मिली। भगवान ने और जनता ने हमेशा हमारा साथ दिया। हमारे सभी एमएलए भी मजबूती से साथ हैं। इस बार भी ये लोग अपने नापाक इरादों में फेल होंगे। ये लोग जानते हैं कि दिल्ली की जनता के लिए हमारी सरकार ने कितने काम किए हैं। इनकी पैदा की गयी तमाम अड़चनों के बावजूद हमने इतने काम किए हैं। दिल्ली की जनता 'आप' से बेइंतहा प्यार करती है। इसलिए चुनावों में 'आप' को हराना इनके बस की बात नहीं। तो एक फर्जी शराब घोटाले के बहाने गिरफ्तार करके सरकार गिराना चाहते हैं।

### आतिशी को साक्ष्य प्रकट करने की चुनौतीः बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मंत्री आतिशी द्वारा शनिवार सुबह लगाए गए विधायक तोड़ने के आरोपों पर भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पलटवार किया है। भाजपा का कहना है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व आम आदमी पार्टी के अन्य नेता राजनीतिक रूप से हताश हो गए हैं। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि 62 विधायकों की पार्टी में इतनी निराशा व हताशा है कि उसके नेता तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं। वह भाजपा पर आम आदमी पार्टी के विधायकों को तोड़ने की कोशिश के झूठे आरोप लगा रहे हैं। आईएनडीआईए गठबंधन का हाल पूरा देश देख रहा है। इनकी राजनीतिक जमीन अब खिसक गई है।

# दिल्ली फिर से बनी गैस चैंबर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
महज तीन दिनों के भीतर दिल्ली की हवा फिर से जहरीली हो गई। दिल्ली का एक्यूआई 400 से ऊपर यानी गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। आठ इलाकों का एक्यूआई तो 450 से ऊपर बेहद गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 2016 के बाद यह पहला गणतंत्र दिवस है, जब वायु गुणवत्ता का स्तर गंभीर श्रेणी में रहा है।



**शुक्रवार को अदक चार के पारः** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक शुक्रवार को राजधानी का एक्यूआई 409 दर्ज किया गया। इस स्तर की हवा को गंभीर श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले बृहस्पतिवार को यह 332 रहा था और बुधवार को 409 दर्ज हुआ था। यानी पहले चौबीस घंटों के भीतर 77 अंकों का सुधार हुआ और अगले 24 घंटों में 77 अंकों की बढ़ोतरी हो गई। नेहरू नगर की हवा सबसे खराब रही। यहां का एक्यूआई 489 रहा। शाम चार बजे पीएम 10 का स्तर 334 और पीएम 2.5 का स्तर 207 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा। यानी दिल्ली की हवा में प्रदूषक कणों का औसत स्तर तय मानकों से सवा तीन गुना ज्यादा रहा। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक अगले तीन दिनों के दौरान भी हवा की गति आमतौर पर दस किमी प्रति घंटे से कम रहने की संभावना है। इसके चलते प्रदूषक कणों का बिखराव धीमा होगा और हवा की गुणवत्ता का स्तर बहुत खराब श्रेणी में ही बना रहेगा।

**सात साल बाद इतनी खराब हवाः** आमतौर पर गणतंत्र दिवस आते-आते प्रदूषण का स्तर सुधरने लगता है। पिछले आठ सालों में 26 जनवरी के दिन प्रदूषण के स्तर पर नजर डालें तो कुछ ऐसा ही ट्रेंड देखने को मिलता है, लेकिन सात साल बाद इस साल 26 जनवरी के दिन प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। इससे पहले वर्ष 2016 की 26 जनवरी के दिन प्रदूषण का स्तर 417 के अंक पर यानी गंभीर श्रेणी में रहा था।



दिल्ली में सर्दी का सितम जारी है। कई दिनों से गलन लोगों को परेशान कर रही है। लोग दुआ मना रहे हैं कि अब बहुत हुआ...खत्म हो सर्दी का दौर।

# ईडी ने हिजबुल आतंकवादियों के खिलाफ दायर की चार्जशीट

**शिकंजा**

**25 जनवरी को श्रीनगर में एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम अदालत के समक्ष दायर की गई थी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने** शनिवार को कहा कि उसने कश्मीर में आतंकी वित्तपोषण मामले में मनी लॉन्ड्रिंग आरोप पत्र दायर किया है। शिकायत में हिजबुल मुजाहिदीन के कुछ आतंकवादियों का नाम लिया है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) 25 जनवरी को श्रीनगर में एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष दायर की गई थी। इसमें कहा गया है कि इसमें नामित आरोपियों में मुदासिर अहमद शेख, मुश्ताक अहमद काम्बे और मोहम्मद इकबाल खान शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि अदालत ने आरोपपत्र पर संज्ञान लिया है और आरोपी को मुकदमा शुरू करने के लिए नोटिस जारी किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का मनी लॉन्ड्रिंग का मामला जुलाई 2015 में मुदासिर अहमद शेख, मुश्ताक अहमद काम्बे, मोहम्मद के खिलाफ जम्मू-कश्मीर पुलिस (कुलगाम जिला) की एफआईआर से उपजा है।

# दिल्ली की अदालत से लालू परिवार को झटका

**समन**

**कोर्ट ने लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती, हेमा यादव को समन जारी किया है**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
एक ओर लालू यादव बिहार में हो रही सियासी उठापटक से परेशान हैं तो दूसरी ओर लालू यादव के परिवार की लैंड फॉर जॉब मामले में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बता दें कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पलटी मारने सियासी हलचल मची हुई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में लैंड फोर जॉब केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले मामले में चार हजार पन्नों की चार्जशीट (आरोपपत्र) पेश की है। इसके बाद कोर्ट ने लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती, हेमा यादव को समन जारी किया है। उन्हें कोर्ट में 9 फरवरी को पेश होने के लिए कहा गया है।

# नगर निगम पार्किंग का शुल्क चार गुणा बढाएगा!

**महंगाई...**

**तहत नियमों और नीति में संशोधन के लिए प्रस्ताव 29 जनवरी को होने वाली निगम सदन की बैठक में रखा जाएगा।**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता की स्थिति बहुत खराब होने पर अब दिल्ली नगर निगम इलाके में पार्किंग का शुल्क चार गुणा तक चुकाना पड़ सकता है। निगम इसकी तैयारी कर रहा है, इसलिए इसके तहत नियमों और नीति में संशोधन के लिए प्रस्ताव 29 जनवरी को होने वाली निगम सदन की बैठक में रखा जाएगा। इसकी मंजूरी के बाद जब भी ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ( ग्रेप) का दूसरा चरण लागू होते ही पार्किंग का शुल्क चार गुणा तक बढ़ जाएगा।

**चार चरणों में बंटा है ग्रेपः** एमसीडी के प्रस्ताव के तहत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वायु गुणवत्ता स्तर के हिसाब से ग्रेप को चार चरणों में बांटा है। इसके तहत जब वायु गुणवत्ता स्तर बहुत खराब स्थिति में पहुंच जाएगा तो ग्रेप का दूसरा चरण लागू हो जाएगा। इसके लागू होते ही लोग सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करें और निजी वाहनों का उपयोग कम कर दें इसके लिए पार्किंग का शुल्क चार गुणा करने का नियम है। इसी का हवाला देते हुए एमसीडी आयुक्त ने सदन के सामने नियमों का हवाला देते हुए इससे सबंधी नियमों को लागू करने की मंजूरी सदन से मांगी है। सदन की मंजूरी के बाद नियम बन जाएगा प्रस्ताव सदन की मंजूरी के बाद इस प्रस्ताव को नियम बना दिया जाएगा। जैसे ही ग्रेप का दूसरा चरण लागू होगा निगम पार्किंग के शुल्क चार गुना करने का आदेश जारी कर देगा। ग्रेप का दूसरा चरण हटने के बाद दाम कम करने के आदेश जारी कर देगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली नगर निगम करीब 425 स्थलीय और बहुमंजिला पार्किंग का संचालन करता है।

# चाकू और गोलियों से किया वार

**सनसनीखेज**

**आपसी विवाद और झगड़े में एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू और गोली से वार कर दिया**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शास्त्री पार्क थाना आपसी विवाद और झगड़े में एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू और गोली से वार कर दिया। शास्त्री पार्क निवासी पीड़ित समीर अहमद उर्फ मोनू को इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। फरार आरोपित बिलाल, फिरोज, सलीम और साउद भी शास्त्री नगर में रहते हैं। पुलिस हत्या के प्रयास व अन्य धाराओं में प्राथमिकी पंजीकृत कर-के आरोपितों की तलाश में जुट गई है।

**गाली देने से किया था मनाः** पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार शाम वह अपने एक जानकार की दुकान पर बैठा था। तभी वहां स्कूटी पर आरोपित बिलाल, फिरोज, सलीम और साउद वहां पहुंचे। आपसी विवाद के चलते बिलाल उनसे बहस करते हुए गालीगलौज करने लगा। उन्होंने गाली देने से मना किया तो आरोपित सलीम और साउद ने चाकू निकालकर उस पर वार कर दिया। वह पीछे हटा तो दोनों ने उसके जांघों पर वार कर दिया। इसके बाद बिलाल ने पिस्टल निकालकर गोली चला दी।

## दो महीने बाद भी प्रो. नजमा ने नहीं छोड़ा सरकारी बंगला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) की पूर्व कुलपति प्रो. नजमा अख्तर के सेवानिवृत्त होने के बाद भी सरकारी निवास में रहने के मुद्दे पर विश्वविद्यालय प्रशासन से तनातनी की चर्चाएं हैं। पूर्व कुलपति ने जेएमआई प्रशासन को लिखकर पूछा था कि वे बंगले में कब तक रह सकती हैं, लेकिन उनको कोई जवाब नहीं दिया गया है। उधर, उनका बंगले में रहना प्रशासन को खटक रहा है, लेकिन आधिकारिक रूप से वे कुछ भी कहने को तैयार नहीं हैं। प्रो. अख्तर का कार्यकाल 15 नवंबर को समाप्त हो गया था।

# नोएडा-दिल्लीः एक्सिस कार्ड से कर सकेंगे मेट्रो में सफर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली-नोएडा वालों के लिए बड़ी खुशखबरी है। नोएडा और दिल्ली मेट्रो से सफर करने वाले मुसाफिर एक ही एक्सिस कार्ड (यात्रा के किराए का भुगतान करने वाला एसबीआई बैंक का कार्ड) से यात्रा कर सकेंगे। इसके लिए नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) और दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन (डीएमआरसी) दोनों कंपनियां मिलकर एक साथ काम कर रही है।



**एसबीआई बैंक का एक्सिस कार्ड लॉन्चः** एनएमआरसी के एमडी डॉ. लोकेश एम ने बताया कि सभी तकनीकी समस्याओं को दूर किया जा चुका है। जल्द ही इस नए कार्ड को लांच किया जाएगा। गुरुवार को एनएमआरसी अपना पांचवां राजस्व स्थापना दिवस मना रहा है। इस मौके पर एनएमआरसी ने एसबीआई बैंक का अपना नया एक्सिस कार्ड भी लांच किया। ये कार्ड चंद्रयान-3 की थीम पर बना है। जल्द ही ये कार्ड लोगों को मिलने शुरू होंगे। उन्होंने बताया कि नोएडा में 1 जनवरी 2023 से करीब 8 हजार मुसाफिर कार्ड का प्रयोग कर रहे है। नए कार्ड पर चंद्रयान-3 की फोटो भी शामिल की गई है।



# सभी जिलों में 127 श्रमिक कैंटीन शुरू

## श्रमिकों को मात्र 10 रुपये में मिलेगा भोजन, कैंटीनों से 52 स्वयं सहायता समूहों से जुड़े 488 लोगों को मिला रोजगार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा श्रमिकों को सस्ती दरों पर भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गई "अंत्योदय आहार योजना" के तहत श्रम विभाग ने प्रदेश में 127 श्रमिक कैंटीन का सफल संचालन शुरू कर दिया है। इन कैंटीन पर केवल 10 रुपये में भोजन मिलेगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहाँ इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि इन 127 कैंटीनों में से 52 बेस कैंटीन हैं, जिनमें रसोई की व्यवस्था है। जहां भोजन पकाया जाता है और भोजन परोसा भी जाता है। शेष 75 कैंटीन केंद्रीय रसोई में पकाया जाने वाला भोजन प्रदान करेंगी, जहां से 39 वैन और 9 ई-रिक्शा द्वारा आवंटित स्थलों पर भोजन वितरित किया जाएगा। इन कैंटीन पर न केवल किफायती दामों पर भोजन उपलब्ध होगा, बल्कि यहां स्वयं सहायता समूहों से जुड़े सदस्यों को रोजगार भी मिलेगा। कैंटीनों से 52 स्वयं सहायता समूह जुड़े हुए हैं और इन समूहों के लगभग 488 सदस्य कैंटीन के संचालन में शामिल होंगे। कैंटीनों से प्रति दिन लगभग 27,000 श्रमिकों को भोजन मिलेगा। बेस कैंटीन रणनीतिक रूप से कार्यस्थलों और प्रमुख औद्योगिक के पास स्थित की गई हैं। प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में अंत्योदय आहार योजना के तहत 100 कैंटीन खोलने की परियोजना का विस्तार करते हुए 127 कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। इस योजना से जहां जरूरतमंदों को किफायती दर पर खाना मिल पाएगा तो वहीं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। सरकार की सोच है कि महिला व पुरुष श्रमिकों को किफायती दर में अच्छा खाना मिले।



**पहल**

▶▶ कैंटीन्स व मोबाइल यूनिट के लोकेशन को श्रम विभाग की वेबसाईट पर मैप के जरिये उपलब्ध कराया गया है

श्रमिक अपने नजदीकी कैंटीन व मोबाइल कैंटीन यूनिट की लोकेशन का पता लगाने के लिए श्रम विभाग की वेबसाइट पर मोबाइल से भी देख सकते हैं, जिससे श्रमिक मैप दिशा निर्देश के जरिये अपने नजदीकी कैंटीन व मोबाइल यूनिट तक आसानी से पहुंच सकते हैं।

सभी स्थायी कैंटीन्स व मोबाइल यूनिट के लोकेशन को श्रम विभाग की वेबसाईट पर मैप (नक्शा) के जरिये उपलब्ध कराया गया है।

यहां मिल रही है कैंटीन की सुविधाः प्रमुख क्षेत्रों व कार्यस्थलों और श्रमिकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए सरकार की ओर से करनाल में 4 जगह, सोनीपत में 9, यमुनानगर में 5, गुरुग्राम में 31, फरीदाबाद में 15, नूह में 5, पानीपत में 9, अंबाला में 4, पंचकूला में 4 कैंटीन सहित कई जगह संचालित है।

# मोदी के नेतृत्व में निरंतर विकास की बुलंदियों को छू रहा देश : बिश्नोई

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश जहां एक ओर निरंतर विकास की बुलंदियों को छू रहा है, वहीं दूसरी ओर हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी दृढ़ता से वे आगे बढ़ा रहे हैं। अयोध्या में राम मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह सभी भारतवासियों के लिए गौरवमयी और भावनात्मक पल था। यह बात उन्होंने शनिवार को जारी बयान में कही। उन्होंने कहा कि आज देश के हर चौक-चौराहे से लेकर देश के हर सियासी गलियारे में लोग राम मंदिर की चर्चा कर रहे हैं। हमारी सनातन संस्कृति का परचम पूरी दुनिया में लहरा रहे प्रधानमंत्री का विजन है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा किया जाए। इसके लिए विकसित भारत यात्रा जो देश के हर गांव में जाकर लोगों को सीधे सरकारी योजनाओं का लाभ दे रही है। इस यात्रा में आम जनमानस जुड़ रहा है और मौके पर ही लोगों की जरूरतें पूरी हो रही हैं। ऐसी दूरदर्शी सोच विरले व्यक्तित्व वाले प्रधानमंत्री ही रख सकते हैं। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि एक समय था

जब भारत को विश्व गुरु के रूप में जाना जाता था और दूसरे देशों के छात्र यहां पर शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे, इसलिए हमें अपने अतीत के गौरव को फिर से प्राप्त करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाना चाहिए। भारत को आज विश्व गुरु बनाने के लिए प्रधानमंत्री दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि देश की जनता एक बार फिर से 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाकर विकसित राष्ट्र के संकल्प को पूरा करेगी।

## न्यूज फ्लैश

### भगवंत मान ने लॉन्च किया सड़क सुरक्षा फोर्स

**चंडीगढ़**: पंजाब में सडक हादसे घटा कर सालाना 3000 के करीब अमूल्य मानवीय जानें बचाने के उद्देश्य से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शनिवार को देश की पहली सडक सुरक्षा फोर्स के 129 हाई-टैक वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। जालंधर के पी.ए.पी. ग्राउंड में इस फोर्स की शुरूआत करने के लिए आयोजित समारोह के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के लिए आज यह ऐतिहासिक पल है, क्योंकि लोगों को सुरक्षित रखने के लिए समर्पित फोर्स की शुरूआत करने वाला पंजाब पहला राज्य बन गया है, जिससे लोगों की जान बचाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इस फोर्स के गठन और उसके बाद लोगों को समर्पित करने में सभी अधिकारियों ने अहम रोल अदा किया है। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जाहिर की कि यह फोर्स लोगों की कीमती जानें बचाने और यातायात की व्यवस्था को सुचारू बनाने में बहुत बड़ा रोल अदा करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फोर्स के गठन का विचार रातों-रात नहीं आया, बल्कि इस गंभीर समस्या के गंभीर स्व- आलोचना का नतीजा है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि संसद सदस्य के तौर पर उन्होंने लोक सभा में सडक हादसों का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया था, क्योंकि इन हादसों के कारण राज्य में रोजाना 12 मौतें होती थीं। उन्होंने कहा कि तब से ही उनके मन में यह सोच थी कि जब भी राज्य की सेवा करने का अवसर मिला तो लोगों की जान बचाने के लिए समर्पित फोर्स बनाई जाएगी और आज उनका यह सपना साकार हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फोर्स के गठन से पुलिस के जवान अपनी पुलिस ड्यूटी को और अधिक प्रभावशाली ढंग से निभा सकेंगे। उन्होंने कहा कि जो वाहन इस फोर्स को दिए गए हैं, वह वाहन दुनिया भर के सबसे बढि?ा वाहनों में से एक हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि एस.एस.एफ. आम व्यक्ति की जान बचाने के लिए अहम भूमिका निभाएगी और अब से एस.एस.एफ. के कामकाज की पड़ताल करने के लिए हर महीने के आंकड़ों से अध्ययन किया जाएगा और हर महीने के बाद आंकड़े लोगों के साथ साझे किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फोर्स का गठन सडक हादसों के सम्बन्ध में पंजाब को सबसे सुरक्षित राज्य बनाने की तरफ उपयुक्त कदम है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं, जब राज्य और यहाँ के लोगों की भलाई के लिए सार्वजनिक हित में यह मनोरथ प्राप्त किया जाएगा। भगवंत सिंह मान ने एस.एस.एफ. के स्टाफ को भी लोगों की कीमती जानें बचाने के लिए अपनी ड्यूटी और अधिक ईमानदारी और समर्पित भावना से निभाने के लिए कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्राइविंग लाइसैंसों के लिए भी प्वाइंट्स की व्यवस्था की जाएगी, जिससे आने वाले समय में बार-बार उल्लंघन करने वालों को उनके ड्राइविंग लायसेंस रद्द करके सजा दी जा सके। उन्होंने कहा कि यह समय की जरूरत है कि लोग ट्रैफिक नियमों की पालना करने के साथ-साथ वाहनों की यातायात को सुचारू बनाया जाए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह बहुत ही गर्व और संतुष्टी की बात है कि बड़ी संख्या में लड़कियाँ पुलिस फोर्स में शामिल हो रही हैं और एस.एस.एफ. के वाहनों के 90 चालक भी लड़कियाँ हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फोर्स 5500 किलोमीटर राज्य और राष्ट्रीय मार्गों को कवर करने के लिए सडक सुरक्षा योजना के तहत शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि पंजाब में पिछले कुछ दशकों के दौरान यातायात और सडक ढांचे में महत्वपूर्ण विस्तार हुआ है। भगवंत सिंह मान ने चिंता जाहिर की कि 65 प्रतिशत सडक पर मौतें राष्ट्रीय और राज्य मार्गों पर घटती हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से ज्यादातर घातक हादसे शाम 6 बजे से रात 12 बजे के दरमियान घटते हैं, जब इन सडकों पर पुलिस की मौजुदगी बहुत कम होती है।

### प्रॉपर्टी हथियाने के लिए पत्नी ने पति को दिया जहर

**पलवल**: पलवल में एक महिला पर गंभीर आरोप लगे हैं। महिला ने प्रॉपर्टी हथियाने के लिए अपने पति को जहर देकर मारने का प्रयास किया। उसने परिजनों व दिल्ली पुलिस के एक कर्मी के साथ मिलकर पति को वृंदावन ले जाकर मारने की साजिश रची। रास्ते में कोल्ड डिंक में जहर मिलकर पति को पिला दिया। पुलिस ने पत्नी समेत 4 पर केस दर्ज किया है। नई दिल्ली के नगलीस करावती गांव निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसकी शादी वर्ष 2016 में प्रीति डबास के साथ हुई थी। शादी के बाद उसकी पत्नी प्रीति उसे और उसके परिवार पर उनकी प्रॉपर्टी अपने नाम करने का दबाव डालती रहती है। ऐसा नहीं करने पर उसकी पत्नी उसके परिवार को झूठे मामले में फंसाने की धमकी देती और उन्हें प्रताड़ित करती।

# कर्मचारी 16 फरवरी को करेंगे राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका रानी**

**पुरानी पेंशन** बहाली, ठेका कर्मियों की रेगुलराइजेशन पांच साल में पे रिवीजन,18 महीने के बकाया डीए डीआर, खाली पदों को भरने, निजीकरण पर रोक, एनईपी की वापसी आदि सात सूत्री मांगों को लेकर कर्मचारी 16 राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। कर्मचारी संगठन 31 जनवरी को देशभर में जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेंगे और सरकार को हड़ताल का नोटिस देंगे। इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर शनिवार को भकना भवन सेक्टर 29 डी में कर्मचारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कनफरडेशन ऑफ यूटी एम्पलाइज एंड वर्कर्स चंडीगढ़ के प्रधान रघबीर चंद की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने भाग लिया और 16 फरवरी की हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया। सम्मेलन में गत वर्ष बिजली मुलाजिम की चंडीगढ़ में हुई हड़ताल के दौरान पदाधिकारियों पर दर्ज की गई एफआईआर सहित अन्य सभी प्रकार की उत्पीड़न की कार्यवाहियों को वापस न लेने की घोर निन्दा की और अविलंब

# झूठ पर टिकी है गठबंधन सरकार: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भगवान श्रीराम के नाम पर महंगाई, बेरोजगारी, कृषि जैसे गंभीर मुद्दों पर ध्यान भटका रही है। भाजपा को भगवान श्रीराम का राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। भगवान श्रीराम लोगों के दिलों में पहले भी वास करते थे और आज भी करते हैं। इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से रामभक्तों को प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह गठबंधन सरकार झूठ पर टिकी है और प्रदेश की जनता अब इस सरकार को जुमलेबाज सरकार कहने लगी है। वे शनिवार को सिरसा की अनाजमंडी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरभान मेहता के संयोजन में हुई कांग्रेस संदेश रैली को संबोधित कर रही थी। रैली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राज्यसभा के सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला, कालका के विधायक प्रदीप चौधरी, साढ़ौरा की विधायक रेणू बाला, असंध के विधायक शमशेर गोगी, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुज्जर भी पहुंचे। अपने क्षेत्र में किसी बैठक में व्यस्त होने के चलते रैली में तोशाम की विधायक किरण चौधरी शिरकत नहीं कर सकी। रैली में पहुंचने पर वीरभान मेहता एवं राजन मेहता ने कुमारी सैलजा एवं रणदीप सुरजेवाला का स्वागत किया। वीरभान मेहता ने उन्हें पगड़ी पहनाई एवं शक्ति की प्रतीक गदा भेंट की। वीरभान मेहता व राजन मेहता ने कुमारी सैलजा, रणदीप सिंह सुरजेवाला व अन्य नेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



**साधा निशाना**

▶▶ भगवान श्रीराम लोगों के दिलों में पहले भी वास करते थेखरीदी जाएंगी: कुमारी सैलजा

# पटवारी और कानूनगो एसोसिएशन से सरकार की वार्ता कल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** में पे-ग्रेड में संशोधन और एश्योर्ड करियर प्रमोशन की मांग को लेकर तीन जनवरी से हड़ताल पर चल रहे राजस्व पटवारियों और कानूनगो से वार्ता के लिए सरकार ने पहल की है। वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सोमवार को सुबह साढ़े 11 बजे राजस्व पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया है। बैठक में वेतन विसंगतियों को दूर करने और एसीपी को लेकर वार्ता होगी।

**वार्ता**

▶▶ बैठक में वेतन विसंगतियों को दूर करने और एसीपी को लेकर वार्ता होगी

उधर एसोसिएशन ने 31 जनवरी तक हड़ताल बढ़ा दी है। शनिवार को भी विभिन्न स्थानों पर पटवारियों और कानूनगो ने धरने-प्रदर्शन जारी रखे। हड़ताल के चलते लोगों को तहसीलों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जमीन की रजिस्ट्री और ट्रांसफर समेत पटवारी और कानूनगो के अधीन 75 तरह के कार्य आते हैं। नए साल की शुरूआत से ही यह सभी काम पूरी तरह ठप हैं जिससे लोग तहसीलों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनका काम नहीं हो पा रहा है। इससे सरकार को भी सैकड़ों करोड़ का नुकसान अभी तक हो चुका है। समाधान के लिए अब वित्त सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से राजस्व पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के राज्य प्रधान को सोमवार को बैठक के लिए बुलाया गया है।

## हिसार में बदहाल सीवरेज व्यवस्था से परेशान लोगों ने लगाया जाम

**हिसार**: शहर की नई सब्जी मंडी के दो नंबर गेट के पास पिछले काफी समय से बदहाल सीवरेज व्यवस्था से परेशान क्षेत्रवासियों ने शनिवार को जाम लगा दिया। क्षेत्रवासियों ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्रवासियों को समझाकर अधिकारियों को मौके पर बुलाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नई सब्जी मंडी के दो नंबर गेट के पास क्षेत्रवासियों ने शनिवार को सीवरेज व्यवस्था ठप होने के चलते रोड जाम कर दिया। उनका कहना था कि कि दो-तीन माह से भारत नगर, श्यामलाल ढाणी के सीवरेज व्यवस्था चरमराई हुई है।

# मुख्यमंत्री ने करनाल में गणतंत्र दिवस पर किया ध्वजारोहण



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को जिला करनाल में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 1 फरवरी, 2024 से 11 शहरों में प्लॉट के आवंटन हेतु पोर्टल खोला जाएगा,

जिसमें 30 वर्ग गज का प्लॉट दिया जाएगा। आवेदनकर्ता मामूली राशि जमा करवा कर इसमें भागीदारी कर सकेंगे।

ऐसे लोगों को बैंको से ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा और केंद्र व राज्य सरकार की ओर से भी सहयोग किया जाएगा, ताकि वे लोग अपना मकान बना सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीबों व जरूरतमंदों के सिर पर छत मुहैया करवाने के लिए यह योजना शुरू की गई थी और सरकार ने विज्ञापन के माध्यम से प्लॉट या फ्लैट के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। इस योजना के तहत अभी तक एक लाख लोगों ने आवेदन किया है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि करनाल में स्थित डॉ मंगलसेन ऑडिटोरियम में डॉ मंगलसेन की मूर्ति तथा कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में कल्पना चावला की मूर्ति स्थापित की जाएगी। ध्वजारोहण से पहले, मुख्यमंत्री ने वीर शहीदी स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**'देश की प्रगति में हरियाणा दे रहा योगदान'**

मनोहर लाल ने कहा कि देश की प्रगति में हरियाणा भी अपना योगदान अदा कर रहा है। पिछले साढ़े 9 वर्षों में राज्य सरकार ने विभिन्न योजनाएं बनाई हैं तथा व्यवस्था परिवर्तन के कार्य किए हैं और आज देश के अन्य प्रांत हमारी योजनाओं का अनुसरण कर रहे हैं।

# सीएम आज पानीपत से शुरू करेंगे इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को पानीपत से इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा का शुभारम्भ करेंगे। इस पहल का उद्देश्य न केवल नौ शहरों के निवासियों को सुगम परिवहन का लाभ पहुंचाना है, बल्कि शून्य प्रदूषण सुनिश्चित करके पर्यावरणीय स्थिरता में भी योगदान देना है। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा 29 जनवरी को जगाधरी, यमुनानगर से इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा का उद्घाटन करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने शनिवार को यहाँ बताया कि पानीपत और जगाधरी में लॉन्च के बाद, सरकार प्रदेशके पंचकुला, अंबाला, सोनीपत, रेवाड़ी, करनाल, रोहतक और हिसार सहित कुल सात अतिरिक्त शहरौं में इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा शुरू करेगी। इन सभी नौ शहरों में सिटी बस सेवा की शुरूआत जून 2024 तक पूरी होने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 2023 के अपने बजट भाषण में घोषणा की थी कि सरकार हरियाणा के नगर निगमों वाले 9 शहरों और रेवाडी शहर में सिटी बस सेवा शुरू करेगी और गुरुग्राम, मानेसर और फरीदाबाद में मौजूदा सिटी बस सेवाओं का विस्तार करेगी। इस घोषणा को तीव्रता से क्रियान्वित करते हुए परिवहन विभाग ने रिकॉर्ड समय में इस परियोजना को सफलतापूर्वक लागू किया है, जिससे यह पूरे देश में किसी भी राज्य द्वारा शुरू की गई एक अनूठी परियोजना बन गई है। उन्होंने कहा कि 450 अत्याधुनिक, वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े के साथ, 12 वर्षों से अधिक समय की 2450 करोड़ रुपये की यह परियोजना प्रदूषण रहित पर्यावरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। राज्य सरकार ने बस निविदा प्रक्रिया के लिए भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तहत एक इकाई कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) को अपना सलाहकार नियुक्त किया । सीईएसएल द्वारा राष्ट्रीय ई-बस प्लान के तहत किए गए एक वैश्विक निविदा के बाद, 375 (12 मीटर) बसों के लिए ऑर्डर दिया गया था, जिसका उपयोग इन सिटी बस सर्विस के तहत परिचालन के लिए किया जाएगा। इस परियोजना के तहत कुल 450 बसें खरीदी जाएंगी। वर्तमान में इन नौ शहरों में से प्रत्येक में सिटी बस सेवा के लिए अलग-अलग डिपो निर्माणाधीन हैं।

**संवेदना**

▶▶ प्रदेश के दस शहरों में इलेक्ट्रिक सिटी बस चलाने की परियोजना जून तक होगी पूरी

# आम आदमी पार्टी की जींद में बदलाव रैली आज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ अंकुश जैन**

**हरियाणा** में सियासी आधार तैयार करने के लिए जींद में रविवार को बदलाव रैली करने जा रही आम आदमी पार्टी को इससे पहले झटका लगा है रैली से पहले ही जींद और जुलाना में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एस वाई एल को लेकर पोस्टर लगा दिए है। पोस्टरों में केजरीवाल को गद्दार कहा गया है। पोस्टर किसने लगाए यह स्पष्ट नहीं है। इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने अभी से कमर कसनी शुरू कर दी है। आम आदमी पार्टी जनता के बीच में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए लगातार जमीनी स्तर पर काम कर रही है। आप ने हाल ही में हरियाणा के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में 'बदलाव यात्रा' का आयोजन किया था। इसके बाद अब आम आदमी पार्टी 'बदलाव रैली' करने जा रही है। यह रैली 28 जनवरी को जींद में होगी। बदलाव रैली को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान संबोधित करेंगे। इस रैली के जरिए आम आदमी पार्टी हरियाणा में आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के अभियान को और तेज करेगी। इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने कहा है कि 28 जनवरी को अरविंद केजरीवाल हरियाणा में बदलाव का बिगुल बजाएंगे। पूरा हरियाणा भय, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और महंगाई की मार से जूझ रहा है।

**चस्पा पोस्टर**

▶▶ जींद और जुलाना में आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल के खिलाफ एस वाई एल को लेकर पोस्टर लगा दिए है

# तीर्थ राणा भारी भीड़ को साथ लेकर 6 विधानसभा के लिए निकले

## -झांकी से पूर्व तीर्थ राणा, भाजपा उपाध्यक्ष पुनीत राई आदि नेताओं ने संतो से लिया आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया/राई**

प्रभु श्रीराम मन्दिर की झांकी शनिवार को आयोजक तीर्थ राणा कुंडली गांव के मन्दिर से जोश व उत्साह से भारी भीड़ के साथ लेकर पूजा- अर्चना के बाद रवाना हुए। यात्रा सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाली सभी विधानसभा के मुख्य गांवों से होते हुए 2 फरवरी को समाप्त होगी। यात्रा के शुरू होने से पूर्व कुंडली गांव के मंदिर में पहुंचे मंहत अवधेशनाथ महाराज, श्रीश्री108 बाबा भले गिरी महाराज, मंहत सरपंचनाथ राजस्थान, अमरदास महाराज, सुर्यनाथ महाराज आदि दर्जनों साधुं संतो से यात्रा के आयोजक तीर्थ राणा के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई, भाजपा नेता एवं सरपंच योगेश जठेड़ी, भाजपा नेता आजाद नेहरा, कुंडली नगरपालिका की चेयरपर्सन शिमला देवी, जिला सचिव रोहित, गन्नौर से जिला पार्षद नरेन्द्र बड़ी आदि ने पहुंचकर संतो से आशीर्वाद लिया और यात्रा में रवाना हुए। यात्रा की शुरूआतज के मौके पर सांसद रमेश कौशिक, विधायक निर्मल चौधरी, निशांत छौक्कर आदि भी पहुंचे। इस मौके पर पार्षद नरेश खत्री, राजसिंह, निरंजन, प्रदीप जैन, विक्रम, छोटू, निटु खत्री, प्रवीन खत्री, मुकेश बत्रा आदि मौजूद थे। यात्रा के दौरान जय श्रीराम के नारों से वातावरण को भक्तिमय बनाया। यात्रा के दौरान जी टी रोड पर यात्रा में वाहनों की लंबी लाईन लगी रही।



**श्रीराम मन्दिर**

▶▶ यात्रा सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाली सभी विधानसभा के मुख्य गांवों से होते हुए 2 फरवरी को समाप्त होगी

**आज गन्नौर में पहुंचेगी प्रभु श्रीराम मन्दिर की झांकी** – प्रभु श्रीराम मन्दिर की झांकी के आयोजक भाजपा नेता तीर्थ राणा ने बताया कि यात्रा के दौरान राई हलके के गांवों में लोगों में पूरा उत्साह था। श्रीराम मन्दिर की झांकी का गांवों में जगह- जगह स्वागत किया और लोगों ने जयश्रीराम के नारे लगाए। यात्रा के दौरान श्रीराम भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। तीर्थ राणा ने बताया कि झांकी रविवार को राई हलके के गांवों से पहुंचते हुए गन्नौर हलके में शिरकत करेंगी।

**भगवान राम की झांकी व संतों के आशीर्वाद मिलेगा : पुनीत राई**

पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा 6 विधानसभा में झाकी निकाल रहे है। राई हलके से यात्रा का उद्देश्य है कि सनातम धर्म की जीत हुई है। भगवान श्रीराम का मन्दिर बनकर तैयार हुआ है। अयोध्या में सभी लोग नही जा सकते तो तीर्थ राणा ने सभी गांवों में जाकर भगवान श्रीराम के मन्दिर की झांकी को दिखाने का व संतों का आशीर्वाद देने का प्रयास किया है।

## न्यूज फ्लैश

### राजपूत समाज के खिलाड़ियों ने फहराया तिरंगा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** राजपूत सभा द्वारा गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। राजपूत राजपूत सभा के पदाधिकारी की तरफ से एक नई मिसाल पेश की गई, जिसमें राष्ट्रीय खिलाड़ी सम्राट राणा उपलाना व एंजेल राणा सगा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज लहराया गया। उन्होंने कहा कि वह स्वतंत्रता संग्राम के उन अमर सेनानियों को नमन करते हैं, जिनके बलिदानों की बदौलत हमें गणतंत्र दिवस मनाने का गौरवशाली अवसर मिला है। 74 वर्ष पूर्व आज ही के दिन देश में संविधान लागू हुआ था, जिसके कारण सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला।
इस मौके पर कुलदीप सिंह चौहान नंबरदार, बृजपाल राणा एडवोकेट, यशवीर राणा कुकू, अशोक राणा उपलना, मानसिंह राणा, ओमबीर राणा, नाथ सिंह, शीशपाल चौहान, परमजीत राणा कोयर, राजकमल नंबरदार, चंद्रशेखर राणा, तेजपाल, कुलदीप राणा, देवव्रत राणा, कैप्टन राजेंद्र सिंह, भूप सिंह राणा, बलजीत राणा, सपट्टर नंबरदार, चरण सिंह सरपंच, प्रमोद राणा उचाना, करण सिंह राणा, उपलसना अनिल राणा मंगल गढ़ी, राजेंद्र ऊंचा समाना, राहुल राणा बड़ागांव, दीपक राणा, गौरव राणा अरडाना सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### कमरे में घुस कर तीन मोबाइल व 25 हजार रुपये चुराये

**गन्नौर।** बड़ी गांव में कमरे में घुस कर चोर तीन मोबाइल फोन व 25 रुपये की नकदी चोरी कर ले गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत बड़ी थाना में दी। शिकायत में गांव आमानउल्लापुर, जिला मेरठ, यूपी के रहने वाले अजीत ने बताया कि करीब डेढ साल से वह बड़ी गांव के सोनू के मकान में किराये पर कमरा लेकर अपने गांव के ही साथी करण व आकाश साथ रह रहा है।
26 जनवरी को वह अपने साथियों के साथ कमरे का गेट खोल कर सो रहा था। इस दौरान अज्ञात चोर उनके कमरे में घुस आया और उन तीनों के फोन व 25 हजार रुपये चोरी कर ले गया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### दीप्ति साधवानी ने अपने रेड हॉट लुक से पेरिस फैशन वीक के रैम्प वॉक पर लगाया चार चाँद

**मुम्बई।** भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री के लिए एक ऐतिहासिक पल है जिस में, अभिनेत्री दीप्ति साधवानी ने प्रतिष्ठित पेरिस फैशन वीक में डियोर शो के लिए रैम्प वॉक की। प्रसिद्ध ऐश्वर्या राय बच्चन के नक्शेकदम पर चलते हुए, जो हर साल इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाती हैं, दीप्ति साधवानी की उपलब्धि ने पेरिस फैशन वीक में वॉक कर के अपने करियर में एक नया मुकाम हासिल किया है . यह गौरवपूर्ण क्षण न केवल फैशन के दायरे में बल्कि बाहरी देशों में भी भारतीय प्रतिभा के बढ़ते प्रभाव और मान्यता के प्रतीक के रूप में भी आगे ले जाता है। अपनी प्रतिभा और सुंदरता के लिए जानी जाने वाली दीप्ति साधवानी ने भारतीय फिल्म उद्योग में ध्यान आकर्षित किया है, और अब, वह एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर कदम रख रही हैं, जिस पर लंबे समय से स्थापित नामों का वर्चस्व रहा है। डियोर शो में उनकी उपस्थिति को लेकर जो प्रत्याशा थी, वह राष्ट्र के सामूहिक उत्साह और गौरव को दशार्ती है, क्योंकि प्रशंसक और उद्योग के अंदरूनी लोग उनके रनवे डेब्यू का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। यह भारतीय सिनेमा और फैशन के उभरते परिदृश्य का एक प्रमाण है, जो साबित करता है कि हमारे कलाकार विश्व मंच पर जा कर भारत को गर्व महसूस करा सकते है। पेरिस फैशन वीक और मनोरंजन उद्योग के सबसे बड़े नामों के लिए एक पवित्र मैदान रहा है, और दीप्ति साधवानी की भागीदारी इस शानदार मंच पर भारत के प्रतिनिधित्व में एक नया अध्याय जोड़ती है।

# गांव चलो अभियान से होगी भाजपा पहले से अधिक मजबूत : डा. अर्चना गुप्ता

## नारी वंदन योजना से होगीं महिलाएं आत्मनिर्भर व कुशल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा में भाजपा ने बड़ा गेम प्लान बनाया है। अब उन ग्रामीण इलाकों पर फोकस शुरू हो गया है, जो अब तक पार्टी की कमजोर कड़ी माने जाते थे, ताकि पार्टी अधिक से अधिक लोगों तक अपनी पकड़ बना सके। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के दिशा-निर्देश में आज भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में गांव चलो अभियान जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं गांव चलो




अभियान की जिला करनाल प्रभारी डा. अर्चना गुप्ता कार्यशाला को संबोधित करने पहुंची। उन्होंने बताया कि गाँव चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जन कल्याणकारी योजनाओं को पंक्ति मे खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा के सभी जन प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता गांव चलो अभियान के तहत गांव के प्रति एक बूथ पर जाकर वहां के लोगों से बात

**योजना**

**जन कल्याणकारी योजनाओं को पंक्ति मे खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है**

करेंगे व उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे एवं केंद्र व प्रदेश की जनकल्याण की नीतियों से अवगत करवाने का काम करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने प्रदेश महामंत्री को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान घरोंडा विधायक हरविंदर कल्याण ने भी इस विषय पर कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। इसके अलावा नारी वंदन अभियान के बारे में भी चर्चा की गई। इसको लेकर डा. अर्चना गुप्ता ने व मेयर रेणू बाला ने बताया कि सरकार द्वारा शुरू की गई इस नारी वंदन योजना का मुख्य उद्देश्य केवल महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना नहीं है, बल्कि उन्हें इन्हीं पैसों की मदद से आत्मनिर्भर तथा कुशल बनाना भी है। महिलाएं न सिर्फ इन पैसों से अपने खर्च संभाल सकती हैं, बल्कि छोटी मात्रा पर किसी उद्योग भी शुरू कर सकती है।

## हन्नी मार्डन स्कूल की पूर्व छात्रा का प्राध्यापक नियुक्त होने पर किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** बहालगढ़ चौक के पास स्थित हन्नी मार्डन स्कूल की छात्रा रही रितु को दिल्ली के सरकारी स्कूल में प्राध्यापक नियुक्त होने पर मास्टर सतनारायण आंतिल (आप के एजुकेशन सेल डिस्ट्रिक्ट प्रेजिडेंट) ने स्वागत करते हुए रितु के पिता जितेंद्र मुकीमपुर को बधाई देते हुए सम्मानित किया और रितु के उज्जवल भविष्य की कामना की। आंतिल ने कहा कि आप इसी तरह आगे बढते रहे और तरक्की करे। उधर आप जिलाध्यक्ष शिक्षा सैल मास्टर सतनारायण आंतिल के नेतृत्व में आप कार्यालय में हलके के बहुत से लोगों ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा, वे लोग दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं पार्टी नेता अरविन्द केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित है और शामिल होकर पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

## चोरों ने बंद घर में लगाई सेंध, नकदी और लाखों के गहने लेकर हुए फरार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** स्थानीय उत्तम नगर के एक मकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। मकान मालिक अपने परिवार के साथ अपने पिता की मौत पर गांव फतेहपुर गया था। मकान के अंदर से 30 से 40 हजार रुपए की नकदी व लाखों रुपए के सोने-चांदी के गहने चोरी हुए हैं। पड़ोसियों ने चोरी की जानकारी मकान मालिक को दी। मकान मालिक घर पहुंचा



तो घर में सारा सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उत्तम कॉलोनी निवासी प्रदीप ने शिकायत में बताया है कि वह मूल रूप से फतेहपुर गांव का रहने वाला है। उसके पिता गांव में ही रहते हैं, जबकि वह अपनी फैमिली के साथ करनाल में रह रहा है। बीती 22 जनवरी को उसके पिता राजेंद्र पाल कौशिक की मौत हो गई थी। गांव से उसके पास पिता की मौत की कॉल आई। इसके बाद वह करीब साढ़े चार बजे घर को लॉक करके फतेहपुर चले गए थे। 26 जनवरी को उसके पड़ोसी ने उसके पास कॉल किया कि घर के पीछे बांस बंधा हुआ है, एक बार आकर देख लो। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ घर आया और ताला खोलकर अंदर गया तो कमरों में सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी टूटी हुई थी।

## खुबडू झाल में मिला 40 वर्षीय व्यक्ति का शव

**गन्नौर।** खुबडू झाल नहर में पुगथला के निकट करीब 40 वर्षीय व्यक्ति का शव सरियों में अटका हुआ मिला। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद खुबडू झाल चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के मदद से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास भी किए, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। खुबडू झाल पुलिस चौकी प्रभारी पीएसआई संदीप कुमार ने बताया कि मृतक के बाएं हाथ पर पंजाबी भाषा में कुछ लिखा हुआ है। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए आसपास गांव के लोगों की भी मदद ली, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है।

## अमेरिका से करनाल पहुंचा युवक का शव

### 40 लाख कर्ज लेकर परिवार ने मंगवाया शव

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** करनाल में संजय का शव घर पहुंच गया है। उसकी 16 दिन पहले अमेरिका में हार्टअटैक से मौत हो गई थी। आज दोपहर एंबुलेंस के जरिए शव पैतृक गांव में लाया गया, जहां पर संजय के शव को देखकर परिवार सहित पूरे गांव की आंखें नम थीं। संजय के 12 साल के बड़े बेटे ने अपने छोटे भाई के साथ मिलकर पिता की चिता को मुखाग्नि दी। परिवार ने करीब डेढ़ साल पहले 30 लाख लगाकर संजय को विदेश भेजा था। अब मां ने 40 लाख कर्ज लेकर उसके शव को भारत मंगाया है। संजय के परिवार के लोगों ने शव भारत मंगाने के लिए सीएम मनोहर लाल से भी गुहार लगाई



थी, लेकिन सरकार द्वारा कोई मदद नहीं की गई। इसके बाद परिवार ने डेड बॉडी मंगाने के लिए कर्ज लिया।मृतक के भाई सोनू ने बताया कि संजय 2022 के अगस्त महीने में ही अमेरिका चला गया था। डोंकी के रास्ते उसे वहां पहुंचने में करीब 8 से 9 महीने का समय लगा। इस दौरान बॉर्डर से करीब 2-3 बार वापस आ चुका था। इसके बाद किसी तरह से वह अमेरिका में दाखिल हो गया। उसके बाद अमेरिका में उसे डेढ़ से दो महीने तक काम ही नहीं मिला। बाद में उसे काम मिला और स्टोर पर काम करने लगा। उसे उम्मीद थी कि उसका कर्ज भी उतर जाएगा और घर के हालात भी सुधर जाएंगे, लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। उसे पहले भी हार्टअटैक आया था। तब उसे साथियों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। वह ठीक तो हो गया था, लेकिन उसके बाद से ही वह बीमार रहने लगा था। ढंग से काम भी नहीं कर पा रहा था।
सोनू ने बताया कि 10 जनवरी को संजय को फिर अटैक आया। चचेरे भाई रजनीश व अन्य साथियों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया।

## सीएम मनोहर लाल रविवार को करनाल प्रवास पर, वार्ड नंबर 11 की जनता से करेंगे जन संवाद

### विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को गांव मैनमती पहुंची, गांव में यात्रा का पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को करनाल प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री दोपहर बाद 3 बजे शहर के वार्ड नंबर 11 की जनता से जन संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं का निवारण करेंगे। मुख्यमंत्री इसके बाद सायं करीब साढ़े 4 बजे बांसो गेट स्थित श्री श्री 1008 संत दुर्बलनाथ जी महाराज की नवनिर्मित प्रतिमा का अनावरण करेंगे।
मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त अनीश यादव ने शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ




कार्यक्रम स्थलों का दौरा किया और प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश। उपायुक्त सबसे पहले वार्ड नंबर 11 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल मॉडल टाउन के प्रांगण में आयोजित होने वाले जन संवाद के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और वहां पर प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
उपायुक्त इसके बाद बांसों गेट करनाल स्थित श्री श्री 1008 संत दुर्बलनाथ जी महाराज की नवनिर्मित प्रतिमा के अनावरण के लिए आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और वहां पर भी प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता डीएसपी वीर सिंह, एसडीएम घरौंडा अदिति, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता धर्मवीर सिंह, नगर निगम की कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा, वार्ड नम्बर 11 की पार्षद रमनजीत कौर, पार्षद प्रतिनिधि गिनी, पार्षद विकास तंवर, पार्षद युद्धवीर सैनी, खटीक समाज के प्रधान राजकुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा बांसों गेट से संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पंजाब दे शेर टीम ने आईआरएस अधिकारियों को 120 रनों से हराया

**23 फरवरी को शारजाह से शुरू होने वाली सेलिब्रिटी** क्रिकेट लीग (सीसीएल) के अंतर्गत खेल रही टीम पंजाब दे शेर की पहल पर शनिवार को मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में एक एग्जीबिशन मैच खेला गया। पंजाबी सिनेमा से जुड़ी विभिन्न हस्तियों की टीम – पंजाब दे शेर ने एकतरफा मुकबला में इंडियन रेवेन्यू सर्विर्सिस (आईआरएस) एकादश की टीम को 120 रनों के बडे अंतर से हराया। पीडीएस के मालिक व आयोजक पुनीत सिंह के अनुसार मैच आयोजित करने के दो उद्देश्य थे। लीग के शुरू होने से पहले टीम स्पिरिट को जागृत करना था और गेम के दौरान कमियों को पूरा करना था। उन्होंनें कहा कि ऐसो एग्जीबिशन मेच खेल के माध्यम से भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं। इससे पूर्व टीम ने पीडीएस के कप्तान बिन्नू ढिल्लों ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। नाबाद नींजा की 64 रनों की आतिशी पारी की बदौलत पीडीएस ने अपनी पहली पारी में 122/2 रन बनाये। नींजा ने सात चौके और चार छक्के जड़कर रिटायर्ड हर्ट हुये। देव खरोड़ ने 19 जबकि जस्सी गिल ने आठ रन जोड़े। कप्तान बिन्नू ढिल्लों ने नाबाद दस रन बनाये। जवाब में आईआरएस ने अपनी पहली पारी में मात्र 76/5 रन बनाये जिसमें सर्वाधिक स्कोर नाबाद राजीव श्रृषि 44 का रहा। विपक्ष की ओर से दक्ष अजीत (3/2) ने तीन विकेट चटकाये। पीडीएस ने अपनी दूसरी में 131/1 रन बनाकर आईआरएस एकादश को 178 का टारगेट दिया। बब्बल राय (30) और मयूर मेहता (29) रिटायर्ड हर्ट हुये जबकि राहुल जेटली (28) और दक्ष अजीत (23) नाबाद रहे। जवाब में आईआरएस अपनी दूसरी पारी में 57/6 ही जुटा पाई। पारी में देव खरोड़ ने दो विकेट चटकाये। मैच के दौरान पंजाब से राज्य सभा सांसद विक्रम सिंह साहनी, यूटी क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय टंडन और हरियाणा सरकार के उर्जा मंत्री रणजीत सिंह चौटाला मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुये। मैच के अंत में उर्जा मंत्री चौटाला ने विजेता और उपविजेता टीमों का सम्मानित किया।

## लिंग जांच करवाना है गैर कानूनी : अमिता


**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत जिला के गांव बुढ ?पुर में घटती लड़कियों की संख्या पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को लिंगानुपात के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव की सरपंच रामजुवारी ने की। इन कार्यकमों में गांव की पंचायत, आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर व ग्रामीणों ने बढ़-चढकर भाग लिया। एएनएम अमिता ने बताया कि लिंग जांच करवाना गैर कानूनी है और ऐसा करने पर सजा का भी प्रावधान है। जैसे ही कोई महिला गर्भवती




होती है तो वह नजदीकी आशा वर्कर के पास रजिस्ट्रेशन करवाए। उन्होंने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का एएनएम के पास जल्दी व समय पर पंजीकरण करवायें। माता पिता को लडका-लडकी में भेदभाव नहीं करना चाहिए। गांव के लिंगानुपात को सुधारने के लिये हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति कन्या भ्रूण हत्या करवाता पाया जाता है तो उसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जायेगा व उसको ईनाम भी दिया जायेगा।

## भाजपा के पूर्व अध्यक्ष पर हुआ जानलेवा हमला

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** सेक्टर-14 में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक सुखीजा पर कुछ युवकों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। उनका इलाज करनाल के निजी अस्पताल में चल रहा है। सिर में चोट की वजह से ज्यादा खून बहने से उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। यह हमला कुछ युवकों के झगड़े के दौरान वीडियो बनाने को लेकर हुआ। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर एक आरोपी युवक को हिरासत में लिया है।



सेक्टर-13 पुलिस चौंकी इंचार्ज संदीप ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब साढ़े 9 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर 4 पार्ट-2 निवासी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा पर कुछ युवकों द्वारा हमला किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक उनको इलाज के लिए अस्पताल लेकर जा चुके थे। पुलिस ने इस दौरान एक आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।
संदीप ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि भाजपा नेता देर शाम को किसी काम से सेक्टर-14 में आए थे। जब वह सेक्टर 14 पहुंचे तो दो गुट आपस में लड रहे थे। इस दौरान उन्होंने दोनों गुटों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब आरोपी नहीं माने तो उन्होंने अपना फोन निकाल कर वीडियो बनाने लगे तो उनके ऊपर आरोपियों ने वार कर दिया। भाजपा नेता पर सिर में कई बार हाथ में पहनने वाले कड़े से वार किए गए है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गए।

## 'भारत संविधान के नियमों के तहत चलकर ही सबसे बड़ा लोकतंत्र बना है'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** देश की आजादी के बाद देश चलाने के लिए नियमों की आवश्यकता थी, जिसके लिये संविधान लिखा गया। आज देश इस संविधान के नियमों के तहत चलकर ही विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना है। ये उद्‌गार जिला एवम्‌ सत्र न्यायाधीश चन्द्र शेखर ने व्यक्त किए। वे नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स द्वारा 75वें गणतंत्र दिवस पर सेंट थरेसा कॉन्वेंट स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित संगीत संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।
उन्होंने दो माह तक लगातार जिला के विद्यार्थियों को सफल व जिम्मेदार नागरिक बनाने के निफा के प्रयास की भरपूर प्रशंसा की और देश की भावी




पीढ़ी के मार्गदर्शन को समय की आवश्यकता बताया। निफा द्वारा सहोदय स्कूल काम्प्लेक्स, जेनेसिस क्लासेज व कानन इंटरनेशनल के सहयोग से 26 नवम्बर से 26 जनवरी तक आयोजित किए गए अभियान देश की बात का समापन गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश भक्ति के गीतों से किया गया।
कार्यक्रम का आगाज मुख्य अतिथि जिला सेशन जज चन्द्रशेखर, कार्यक्रम अध्यक्ष व कॉन्वेंट स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर प्रिय थेरेस व उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहित अग्रवाल, डॉ. विवेक गोयल, जिला बार संघ के प्रधान संदीप चौधरी, भारतीय हैंडबाल टीम के वाईस कैप्टन नवीन पुनिया, जिला व्यापार मंडल के प्रधान नरेंद्र भांबा, ऑस्ट्रेलिया से आयी अंतरराष्ट्रीय मोटिवेटर अमिता रोस, शिक्षाविद जसवंत रेड्डू, निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु व संयोजक एडवोकेट नरेश बराना ने दीप शिखा जलाकर किया।
श्रद्धानन्द अनाथालय के बच्चों द्वारा मेरे देश की धरती सोना उगले गीत पर बेहद सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया, जबकि सैंट थेरेसा कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने भी देशभक्ति के भाव को दशार्ता सामूहिक नृत्य देकर सबका मन मोह लिया। इसके पश्चात वॉइस ऑफ इंडिया के तत्वावधान में देशभक्ति के गीतों ने खूब समा बांधा। वॉइस ऑफ इंडिया के निदेशक, संगीत गुरु डॉ. कृष्ण अरोड़ा व महासचिव महेश शर्मा के संयोजन में लगभग एक घंटे तक चली संगीत संध्या में, एक के बाद एक राष्ट्र प्रेम व देश पर कुर्बान होने वालों पर आधारित गीत सुनाकर सबको देश प्रेम के रंग में रंग दिया।

## ट्रक से टकराई प्राइवेट बस, 7 घायल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** करनाल के कैथल-निसिंग रोड पर सवारियों से भरी प्राइवेट बस धान से भरे ट्रक से टकरा गई। बस में 25 सवारियां थीं, जिनमें से 7 घायल हुई हैं। घायलों को निसिंग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। कुछ सवारियों की हालत ज्यादा खराब होने की वजह से उन्हें करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया है। गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह हाबड़ी-सिरसल रूट की प्राइवेट बस सवारियां लेकर पुंडरी से करनाल की




तरफ आ रही थी। मंजूरा के नजदीक राइस मिल में एक ट्रक एंट्री कर रहा था। ट्रक में धान की बोरियां लोड थीं। अचानक ट्रक सामने आया और बस ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया, जिससे बस सीधी ट्रक से जा टकराई। बस की कंडक्टर साइड का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

## संपादकीय

# कर्पूरी ठाकुर और प्रधानमंत्री मोदी की पारखी नजर

**तीन** निखालिस सोशलिस्ट, मुलायम सिंह यादव, जॉर्ज फर्नांडिस और अब कर्पूरी ठाकुर को पुरस्कार से नवाज कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी विशाल और उदार-हृदयता का परिचय दिया है। वर्ना आम सियासतदां के लिए यह लोहियावादी तो हमेशा अस्पृश्य ही रहे। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिया जाना गैरमामूली निर्णय है। हम मीडिया-कर्मियों के लिए कर्पूरी ठाकुर ईमानदारी के प्रतिमान रहे। उन्हें कभी भी किसी पत्रकार से गिला शिकवा नहीं रहा। पटना में हिंदुस्तान टाइम्स के संपादक रहे सुभाषचंद्र सरकार कर्पूरी जी के कट्टर आलोचक रहे। उनके खिलाफ में खूब लिखा। बढ़कर, जमकर। पर जब कपूर्री जी से वे मिले तो बोले : कैसा व्यक्ति है ? लेशमात्र भी नाराज नहीं। यह बात पत्रकार सुरेंद्र किशोर ने मुझे बताई। सुरेंद्र किशोर मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के निजी सचिव रहे। हमारे बडौदा डायनामाइट केस में हमारे वे पटना के संपर्क सूत्र थे। कर्पूरी जी विशेष क्यों हैं ? यूपी के सोशलिस्ट हमेशा नारा लगाते थे : जिन जोतों पर लाभ नहीं, उन पर लगे लगान नहीं। समाजवादी तो सरकार में कई बार आए। सीमांत किसानों को कोई राहत नहीं मिली। कपूर्री ठाकुर ने सत्ता पर आते ही मालगुजारी खत्म कर दी। इसे माल गुजारी के रूप में हिंदुस्तानी जमींदारी बिचौलियों के मार्फत ब्रिटिश गवर्नर जनरल लॉर्ड चार्ल्स कार्नवालिस ने (12 सितंबर 1786) गुलाम देश पर थोपा था। कर्पूरी ठाकुर ने बिहार में उसका अंत कर दिया। उत्तर प्रदेश के सोशलिस्ट सत्याग्रही नारे बुलंद करते रहे, अंग्रेज यहां से चले गए, अंग्रेजी हमें हटानी है। स्वयं मैं भी लखनऊ विश्वविद्यालय में अंग्रेजी हटाओ आंदोलन में सक्रिय रहा। पर अभी भी यूपी में अंग्रेजी पनप रही है। जब बिहार में कर्पूरी ठाकुर गैर-कांग्रेसी काबीना में शिक्षा मंत्री बने थे तो उनका पहला कदम था कि मैट्रिक परीक्षा पास करने के लिए अंग्रेजी में पास होना अनिवार्य नहीं होगा। इससे उन लाखों छात्रों को लाभ हुआ जो उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते थे। इसके अलावा युवतियां भी तब से हाई स्कूल पास कर बीए तक पढ़ लेती थीं। ग्रेजुएट बहु चाहने वालों के लिए सुगम हो गया था। आज के अमीर मुख्यमंत्रियों के लाट साहबी अंदाज को देखकर कपूर्री ठाकुर के मुख्यमंत्री काल की याद आती है। एक बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे सत्येंद्र बाबू की कार में उनका सहायक पिछली सीट पर बैठ गया। सीएम ने उसे डांट कर उठा दिया कहा- क्या कपूर्री ठाकुर की बस समझ रखा है। जाकर ड्राइवर के साथ बैठो। कारण यह था कि कपूर्री ठाकुर के साथ सरकारी मोटर में लोग ठूंस कर बैठते थे। मानो बस की सवारी कर रहे हों। कर्पूरी ठाकुर की सरलता का अंदाज एक घटना से लग जाता है। यह किस्सा मुझे साथी जॉर्ज फर्नांडिस ने बताया था। तब बिहार में सरकार बनाने की बात थी। पार्टी अध्यक्ष जॉर्ज फर्नांडिस पटना गए थे। निर्णय करना था। दो उम्मीदवार थे। पंडित रामानंद तिवारी, बड़े दावेदार और सवर्ण। उधर कर्पूरी ठाकुर भी थे। जॉर्ज ने अपने प्रखर विवेक तथा सियासी समझ का उपयोग किया। कर्पूरी ठाकुर को मनोनीत कर दिया। पार्टी का जनाधार बड़ा व्यापक हो गया। समाजवादी जड़ें गहरी हो गईं। पर दुर्भाग्य था कि इस जातीय समीकरण का मुनाफा चारा चोर लालू यादव ने भरपूर उठाया। संपन्न ग्वालों के जातीय आधार पर लालू ने दांव चला। पिछड़ों की बात चलाई।

# विपक्षी एकता का ढहता किला



आशीष वशिष्ठ

> बहरहाल तृणमूल कांग्रेस बंगाल की सबसे मजबूत राजनीतिक ताकत है। 2019 के आम चुनाव में 43 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल कर उसके 22 सांसद जीते थे, जबकि कांग्रेस के 5.5 फीसदी वोट के साथ मात्र 2 सांसद ही संसद तक पहुंच पाए थे। वाममोर्चे को करीब 7.5 फीसदी वोट मिले थे, लेकिन सांसद के तौर पर शून्य ही नसीब हुआ। भाजपा को 40 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे और उसके पहली बार 18 सांसद चुने गए। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि पंजाब के सीटों पर किसी से समझौता नहीं होगा। आम आदमी पार्टी ने पंजाब में 13 लोकसभा सीट के लिए करीब 40 उम्मीदवार शार्ट लिस्ट किए हैं। आम आदमी पार्टी 13 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के लिए सर्वे करवा रही है। कांग्रेस ने साल 2019 में राज्य में आठ लोकसभा सीटें जीती थीं

**इंडी गठ**बंधन के बारे में राजनीति की समझ रखने वाले अधिकतर व्यक्तियों के अनुमान सही साबित हुए। गठबंधन की पहली बैठक के बाद से ही उसके भविष्य के बारे में जो कुछ कहा जा रहा था, वो शब्दश धरती पर उतरता दिख रहा है। वास्तव में, इंडी नामक विपक्षी गठबंधन में चूंकि वैचारिक साम्यता नहीं है इसीलिए इसकी एकजुटता प्रारंभ से ही संदिग्ध रही है। उससे जुड़े दल मोदी विरोध पर तो एकमत हैं किंतु आपसी विश्वास नजर नहीं आने से एक कदम आगे, दो कदम पीछे वाली स्थिति बनी हुई है। एक तरफ तो भाजपा अपनी व्यूह रचना मजबूत करती जा रही है वहीं विपक्षी दलों में सीटों के बंटवारे की गुत्थी उलझती जा रही है। सीट के बंटवारे की वेला समीप आते ही, गठबंधन तिनकों की तरह बिखरता जा रहा है। भारतीय राजनीति का इतिहास खंगाले तो पिछले 75 वर्षों में न जाने कितने गठबंधन बनें और बिखरे, और पुनः बनें। चूंकि विपक्ष की नियति टूटने की है, लिहाजा बार-बार गठबंधन करना पड़ता है। यह नियति हम जनता पार्टी के दौर से देखते आ रहे हैं। 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के गठन के बाद से हर बीतते वर्ष के साथ विपक्ष की राजनीति की कांति लगातार प्रभावहीन हो रही है। मोदी सरकार के नौ वर्षों के कामकाज के बाद विपक्ष ने बड़ा साहस और शक्ति जुटाकर इंडिया गठबंधन का गठन किया था। गठबंधन के बाद विपक्ष ने मीडिया और प्रचार तंत्र के माध्यमों से ऐसा वातावरण और संदेश देने का काम किया था कि इस गठबंधन के सामने भाजपानीत एनडीए गठबंधन टिक नहीं पाएगा। लेकिन गठबंधन की पहली बैठक के समय से ही जिस तरह की चालाकी और व्यवहार गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेता एक दूसरे के साथ कर रहे थे, उससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि इस गठबंधन की आयु दीर्घ नहीं होगी। लेकिन इतनी छोटी होगी कि वो चुनाव से पहले ही बिखर जाएगा, इसकी उम्मीद तो किसी को भी नहीं थी। विपक्षी गठबंधन अपने अस्तित्व के लगभग सात माह के दौरान चाय-नाश्ते पर बैठकें तो कर सका, लेकिन सीटों के बंटवारे, सचिवालय, संयोजक, साझा न्यूनतम कार्यक्रम, साझा नारा, ध्वज आदि पर आज तक सहमत नहीं हो सका है। अब तो अलगाव की नौबत भी आ गई है। बंगाल के अलावा, पंजाब की घोषणा भी अलगाववादी है। बिहार से भी जो



समाचार आ रहे हैं, उनके मुताबिक नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन का साथ छोड़कर एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं। विपक्ष के सामने चुनौती है कि कैसे भाजपा को लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने से रोका जाए और तमाम सर्वे कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ऐसी स्थिति में मोदी का मुकाबला कैसे होगा ये अहम प्रश्न है? पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस और पंजाब में भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी की ओर से घोषणाएं की हैं कि वे अकेले ही सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। अलबत्ता उन्होंने ह्यइंडियाह्न का हिस्सा बने रहने की भी घोषणाएं की हैं। अपने प्रभाव क्षेत्रों के बाहर गठबंधन के मायने क्या हैं? यदि ये घोषणाएं ह्यअंतिमह्न हैं, तो भाजपा की चुनावी संभावनाएं बढ़ सकती हैं। ममता और भगवंत मान दोनों ही अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री हैं। आश्चर्य यह है कि बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं। वह छुटभैया नेता नहीं हैं, बल्कि लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता हैं। वह ममता बनर्जी को ह्यअवसरवादी नेताह्न करार देते रहे हैं और बार-बार बयान देते हैं कि ममता कांग्रेस की कृपा और मदद से ही पहली बार सत्ता में आई थीं। कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड? में सक्षम है। ममता इंडिया की भीतरी राजनीति से क्षुब्ध थीं। उनके प्रत्येक प्रस्ताव को खारिज किया गया। गठबंधन में वाममोर्चे के नेताओं का प्रभाव ज्यादा है और वे हरेक बैठक को तारपीडो करते रहे हैं। ममता का आरोप है कि राज्य में कांग्रेस की रैलियां की जा रही हैं। उनके खिलाफ जहर उगला जा रहा है। राहुल गांधी की न्याय यात्रा की न तो उन्हें जानकारी दी गई और न ही कोई आमंत्रण मिला। बंगाल में न्याय यात्रा और राहुल गांधी के जो पोस्टर लगाए गए थे, ममता की घोषणा के बाद उन्हें फाड़ना शुरू कर दिया गया। दोनों दलों के बीच विषैला अलगाव इस सीमा तक पहुंच चुका है। अंततः ममता ने फैसला किया कि उनकी तृणमूल कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस के साथ, कोई गठबंधन नहीं करेगी और सभी 42 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। हालांकि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बयान देकर पार्टी का नरम रुख जताया कि ममता के बिना इंडिया गठबंधन की कल्पना तक नहीं की जा सकती। बहरहाल तृणमूल कांग्रेस बंगाल की सबसे मजबूत राजनीतिक ताकत है। 2019 के आम चुनाव में 43 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल कर उसके 22 सांसद जीते थे, जबकि कांग्रेस के 5.5 फीसदी वोट के साथ मात्र 2 सांसद ही संसद तक पहुंच पाए थे। वाममोर्चे को करीब 7.5 फीसदी वोट मिले थे, लेकिन सांसद के तौर पर शून्य ही नसीब हुआ। भाजपा को 40 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे और उसके पहली बार 18 सांसद चुने गए। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि पंजाब के सीटों पर किसी से समझौता नहीं होगा। आम आदमी पार्टी ने पंजाब में 13 लोकसभा सीट के लिए करीब 40 उम्मीदवार शार्ट लिस्ट किए हैं। आम आदमी पार्टी 13 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के लिए सर्वे करवा रही है। कांग्रेस ने साल 2019 में राज्य में आठ लोकसभा सीटें जीती थीं, जबकि आप ने केवल एक सीट जीती थी। वहीं 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में आप ने पंजाब में 92 सीटें जीतीं, जबकी 2017 में उसके 20 उम्मीदवार जीते थे। उसका वोट शेयर बढ़कर 42.4 प्रतिशत हो गया था। इसी के साथ कांग्रेस को सत्ता गंवानी पड़ी थी। कांग्रेस के सिर्फ 18 सीटें मिली थीं। बिहार में अटकलें तेज हैं कि मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड प्रमुख नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के साथ महागठबंधन को छोड़कर एक बार फिर एनडीए में जा सकते हैं।

2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने जेडीयू और लोकजनशकित पार्टी के साथ गठबंधन करके 54.40 प्रतिशत वोट हासिल कर बिहार की 39 लोकसभा सीट जीतीं। इस दौरान एडीए को मिले 54.40 प्रतिशत में 22.3 फीसदी वोट नीतीश की पार्टी जेडीयू का था। जबकि महागठबंधन का वोट शेयर 31.40 प्रतिशत था। जेडीयू को 2019 लोकसभा चुनाव में 17 में से 16 सीटों पर जीत मिली थी। सर्वे बता रहे हैं कि जेडीयू को इस बार ऐसे नतीजे नहीं मिलने वाले हैं। नीतीश को लगता है कि अगर उन्हें ज्यादा सीटें जीतनी हैं तो पाला बदलना पड़ेगा। वह इस बात को भलीभांति जानते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर खुलने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की वजह से बीजेपी को 2024 में जीत मिल सकती है। उत्तर प्रदेश में अभी तक विपक्षी गठबंधन के साथियों में यह तय नहीं हो सका है कि किसे कितनी सीटें मिलेंगी। राज्य की 80 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस ने 20 सीटों की मांग की है लेकिन समाजवादी पार्टी को यह मांग जायज नहीं लग रही है। दोनों दलों के नेताओं के बीच सीट बंटवारे को लेकर बैठक हो चुकी है। इस बीच सपा ने राष्ट्रीय लोकदल के साथ सात सीटों को लेकर समझौता की घोषणा कर दी है।

अभी सीटों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। पिछली बार 2019 में हुए चुनाव में आंकड़ों पर गौर करें तो बीजेपी के खाते में कुल वोट का 49.56 प्रतिशत गया था। वहीं बसपा को 19.26, सपा को 17.96 और कांग्रेस को 6.31 प्रतिशत वोट हासिल हुआ था। हालांकि सपा और बसपा एक साथ मिलकर चुनाव मैदान में उतरे थे।

## कविता

कितने कितने हिंदुस्तान ?
नल पर अकालकी व्यतिरेक ग्रस्त जनानाओं
की
आत्मभू मदार्ना वाच्याएं।
एक-दूसरे के वयस की अंतरंग बातों,
पहलुओं को
सरेआम निर्वस्त्र करती,
वात्या सदृश्य क्षणिकाएं,
चीरहरण, संवादों से
आत्म प्रवंचना, स्व-स्तुति,
स्त्रियों के अधोवस्त्रों में झांकती
शब्दों की तीक्ष्ण नजरें,
निज संबंधों को
उघाड़ती शब्दांजलियां,
पानी के चंद कतरों को
गुण्डियों, जंग लगी छेद वाली
बाल्टियों में सहेजती।
कभी-कभी असगर और अमर के
लहू का लाल रंग
इस नल के पानी से कितना
मिलता-जुलता दिखता है।
पानी शायद रंगहीन
न जात, न पात।
लहू-लाल, न हिन्दू न मुसलमान,
वैसे ही जैसा खुला आसमान ?
समाज में पानी का अहम,
लहू के रंग से कहीं ज्यादा,
गहरा, और नल के ठीके पर
दिखाई देती है, सुबह शाम
धर्म निरपेक्षता की

संजीव

## कुर्सी यात्रा की फलदाई कथा

**रामविलास जांगिड़**

एक बार की बात है कि एक राज्य के मंत्री जी और दलाल देव फाइव स्टार होटल में पार्टी करने जा रहे थे। लिफ्ट में दलाल देव ने मंत्री जी से पूछा- हे स्वामी! एक जिज्ञासा है मेरे मन में है। अगर आज्ञा हो तो पूछूं? मंत्री जी ने कहा- दलाल देव! हर एक भ्रष्ट आचरण में तुम्हारा हिस्सा मैं पहले ही तय करता हूं। तुम मुझसे बिना किसी हिचक, कुछ भी पूछ सकते हो। तब दलाल देव ने कहा- मुझे आज तक ये बात समझ नहीं आई है कि भ्रष्टाचार तो मैं भी बहुत करता हूं, परंतु पार्टी के सभी लोग तुम्हारे चमचे को ही सबसे बड़ा भ्रष्ट अधिपति क्यों कहते हैं? यह प्रश्न सुन मंत्री जी मुस्कुराए और बोले- आज मैं तुम्हारी यह जिज्ञासा अवश्य शांत करूंगा। कहकर मंत्री जी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य ऑफिस में स्थित विभिन्न फाइलों के ढेर को वर्क आर्डर और टेंडर में बदल दिया। फिर दलाल देव से बोले- हे दलाल देव! इन फाइलों के ढेर में लगाए गए वर्क आर्डर और टेंडर को तुम पार्टी के विभिन्न कार्यकताओं में बांट दो। दलाल देव ने पार्टी के सभी कार्यकताओं को अपने पास बुलाया। उनसे कहा-आप सभी लोग एक पंक्ति बना लें। आपको बहुत सारे कार्यों के टेंडर और वर्क आर्डर बांटूंगा। जिनसे तुम लोग अपने-अपने हिस्से का जमकर भ्रष्टाचार कर पाओगे। पार्टी कार्यकताओं ने ने दलाल देव की खूब जय-जयकार करनी शुरू कर दी। दलाल देव अपनी मर्जी से एक एक फाइल उठाते गए और उन्हें वर्क आर्डर और टेंडर आदि देते थे। दस दिन और ग्यारह रातों तक लगातार दलाल देव ऐसा करते रहे। कुछ पार्टी कार्यकर्ता दोबारा-तिबारा आकर लाइन में लगने लगे। इससे दलाल देव काफी थक गए। उसमें अहंकार आ गया। तब उन्होंने मंत्री जी से कहा कि अब मुझसे यह काम और न हो सकेगा। अब मुझे विश्राम चाहिए। मंत्री जी ने कहा- ठीक है तुम अब विश्राम करो। फिर उन्होंने चमचे को बुलाकर कहा- तुम इस ऑफिस में अपने भाई-भतीजों को भ्रष्टाचार के लिए विभिन्न फाइलें बांट दो। कहते हैं चमचा तुरंत ऑफिस की ओर गया। उसने पार्टी कार्यकताओं को अपने पास बुलाया और कहा- ये सारी फाइलें, टेंडर सब आपके हैं। जिसको जितना भ्रष्टाचार करना है, वह अपने पसंद की फाइल अपने आप उठाकर के ले जाएं। ऐसा कह कर चमचा फाइव स्टार होटल में अंतर्धान हो गया। पार्टी के कार्यकर्ता उछल कर भ्रष्टाचार करने में व्यस्त हो गए। तब मंत्री जी ने दलाल देव को शिक्षा ठोकी- तुम्हें टेंडर बांटने और भ्रष्टाचार करने का मूल कार्य दिया था। इसमें तुम खुद निर्णय कर रहे थे कि किसको, कितना भ्रष्टाचार करना है? यही बात गलत रही। जबकि चमचे ने सारे भ्रष्टाचार का निर्णय समस्त पार्टी कार्यकताओं पर ही छोड़ दिया और वे स्वयं चले गए। अतः सफलता के लिए सभी पार्टी कार्यकताओं को मिल बांट कर खाने, अपनी आवश्यकता के अनुसार भ्रष्टाचार करने एवं जमकर अनैतिकता करने का धार्मिक कार्य उनको अपने ऊपर ही छोड़ देना चाहिए।

## विचार

# प्राण प्रतिष्ठा में मुसलमानों की उपस्थिति के संदेश

**आर.के. सिन्हा**

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रख्यात मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना उमेर इलियासी समेत बहुत सारे मुसलमान धर्म गुरुओं की और फि ल्म कलाकारों, गायकों , कलाकारों और शहाबुद्दीन हुसैन जैसे राज नेताओं की उपस्थिति सुकून देने वाली थी। इनका भगवान श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को निर्विघ्न पूर्ण करवाने में पूरा नैतिक समर्थन रहा। इन्होंने अपनी उपस्थिति से यह भी संदेश दिया कि देश के बहुसंख्यक और पढ़े - लिखे समझदार मुसलमान अयोध्या में रामलला के मंदिर के निर्माण का समर्थन करते हैं। प्राण - प्रतिष्ठा के बाद अखिल भारतीय इमाम संगठन के मुख्य इमाम मौलाना इमाम उमेर अहमद इलियासी ने कहा कि वास्तव में यह ही नए भारत का चेहरा है। हमारा सबसे बड़ा धर्म मानवता है। हमारे लिए राष्ट्र पहले है।यह बदलते भारत की तस्वीर है। आज का भारत नवीन भारत, आज का भारत उत्तम भारत, मैं यहां पैगाम-ए-मोहब्बत लेकर आया हूं। हमारी इबादत करने के तरीके अलग जरूर हो सकते हैं, पूजा पद्धति जरूर अलग हो सकती है, हमारी आस्थाएं जरूर अलग हो सकती है, लेकिन हमारा जो सबसे बड़ा धर्म है वह इंसान और इंसानियत का है।

अब यह जानना जरूरी है कि मौलाना उमेर इलियासी कौन हैं? कुछ समय पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के अध्यक्ष मोहन भागवत की मौलाना उमेर अहमद इलियासी से मुलाकात के बाद उनके बारे में जानने वालों की तादाद चक्रवृद्धि ब्याज की तरह से बढ़ी है। वे राजधानी में इंडिया गेट से लगभग सटी गोल मस्जिद के इमाम हैं। वे इस्लाम के विद्वान तो हैं ही। बड़ी बात ये है कि उन्होंने अन्य धर्मों का भी हिंदू धर्म का भी गहन अध्ययन किया हुआ है। उनके जीवन का अटूट हिस्सा है सर्वधर्म समभाव। वे सब धर्मों का सम्मान करने में यकीन करते हैं। मौलाना उमेर इलियासी की शख्सियत पर महात्मा गांधी का असर साफ दिखाई देता है। वे कहते हैं कि गांधी जी उनके गुरुग्राम के गांव घसेरा के पुश्तैनी घर में 19 अगस्त, 1947 को आए थे। वहां पर उनका मौलाना उमेर के दादा चौधरी मुनीरउद्धीन साहब और सैकड़ों लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया था। गांधी जी ने गांवों वालों को हिदायत दी थी कि वे पाकिस्तान नहीं जाएंगे। गांव वालों ने उनकी बात मानी थी। मौलाना उमेर इलियासी राजघाट में होने वाले सर्वधर्म सम्मेलनों में लगातार पहुंचते हैं। बहुत ही प्रखर वक्ता हैं। वे जब कुरआन के साथ गीता और बाइबल से भी उदाहरण देकर अपनी बात रखते हैं तो श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। गोल मस्जिद में एक जमाने में श्रीमती इंदिरा गांधी जी भी आया करती थीं।तब इस मस्जिद के इमाम मौलाना जमील इलियासी थे। वे मौलाना उमेर अहमद इलियासी के पिता थे। वे भी राष्ट्रवादी मुसलमान थे। उन्हें इंडिया गेट का फकीर भी कहा जाता था। शायद इसलिए क्योंकि गोल मस्जिद इंडिया गेट से चंद कदमों की दूरी पर है। उन्होंने गोल मस्जिद में हरेक फकीर या भूखे इंसान के लिए भोजन की व्यवस्था की रिवायत शुरू की थी। उसे मौलाना उमेर इल्यासी ने अपने वालिद के 2010 में इंतकाल के बाद आगे बढ़ाया। मौलाना उमेर इलियासी साफ कहते हैं कि उनके पु?खे हिन्दू ही तो थे। वे तो यहां तक कहते हैं कि वे भगवान कृष्ण के वंशज हैं। उनका परिवार करीब दो झढाई सौ साल पहले इस्लाम स्वीकार कर चुका है। वे मानते हैं कि इस्लाम का रास्ता सच्चाई, अमन और भाई चारे की तरफ लेकर जाता है। इस्लाम में किसी के लिए कोई नफरत का भाव नहीं है। इस्लाम समता के हक में खड़ा होता है। मौलाना उमेर इलियासी की स्कूली शिक्षा राजधानी के पंडारा रोड के सरकारी स्कूल में हुई। पर उम्र बढ़ी तो उनका रास्ता बदल गया। पिता मौलाना जमील इलियासी ने उन्हें अपने साथ जोड़ लिया। उन्हें अपने उत्तराधिकारी के रूप में प्रशिक्षित किया वे मानते हैं किभारत में शांति के लिए वे कुछ भी कर सकते हैं। उनकी इसी सोच का नतीजा है कि गोल मस्जिद में ईद और दिवाली पर आलोक सज्जा होती है। दीपोत्सव अंधकार से प्रकाश की तरफ लेकर जाने वाला अनोखा त्योहार है। ये भारत की धरती का पर्व है। गोल मस्जिद में सब मिलकर दिये जलाते हैं और बनाते हैं रंगोली।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# उत्तरदायित्वों को निर्वहन करने की शपथ लेनी होगी

**संजीव**

**26 जनवरी गणतंत्र** दिवस देश के लिए गौरव साली दिवस है। आप सभी को अनंत बधाइयां एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर हमें नवीन संकल्पों के साथ नए-नए विकास और उत्थान के संकल्पों निर्वाहन की शपथ भी लेनी होगी। तब जाकर गणतंत्र दिवस मनाने की सार्थकता प्रमाणित हो पाएगी। आज ही के दिन स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग ढाई वर्ष बाद इसी ऐतिहासिक तिथि 26 जनवरी 1950 को स्वतंत्र भारत का संविधान लागू किया गया था। और भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने प्रथम राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी।

तत्कालीन वायसराय राजगोपालाचारी जी ने विधिवत रूप से अपने समस्त अधिकार हस्तगत किए थे। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और महत्वपूर्ण सहयोगियों के द्वारा निर्मित भारत के संविधान को जारी करते हुए ही भारत प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य बन गया था। गणतंत्र का अर्थ ऐसी शासन व्यवस्था से है जिसमें सत्ता जनसाधारण में समाहित है। वैसे तो हमें 15 अगस्त 1945 को ही अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी, किंतु इस स्वतंत्रता को वास्तविक अर्थ देते हुए प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य राष्ट्र घोषित 26 जनवरी 1950 को ही किया गया था। निसंदेह हैं यह हमारे लिए गौरवशाली दिवस है, एवं राष्ट्रीय पर्व भी है। इस दिन प्रत्येक भारतीय को देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिवस है। इस दिन हम सब को समझना होगा की आजादी खून बहा कर प्राप्त हुई है आसानी से नहीं मिली है। आजादी प्राप्त करने के लिए हजारों लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। प्राणों को न्यौछावर करने के बाद ही हमें प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य के रूप में में स्थापना मिली है। क्या भारतवासी हम सब आजादी के इस मूल्य और गणतंत्र या लोकतंत्र की भावना को अच्छे से समझते हैं, और इस राष्ट्र के विकास तथा देश का वैश्विक स्तर पर सिर ऊंचा करने का प्रयास कर रहे हैं, यह एक वैचारिक प्रश्न है।

क्या हम लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था की बारीकियों को समझते हैं या जिस आजादी की फिजा में हम सांस ले रहे हैं।

## बस यूँहीं

**डॉ. सुरेश कुमार**

**हम सब दोस्त मि**लकर इधर-उधर की बातें कर रहे थे। इधर उधर की बातें शुद्ध इधर उधर की होती है। इसमें किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होता। वैसे भी समझौता नौकरीपेशा लोग करते हैं, निकम्मे तो सिर्फ बेकार की बातें करते हैं। इनके पास कुछ हो न हो समय की अकूत संपदा अवश्य होती है। इसीलिए ये लोग समझौता करना अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। इसी निकम्मेपन के चलते तो देश में कान की बीमारी वाले मरीजों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। रक्तदान शिविर में रक्तदान करें न करें, लोगों के कान पका-पका कर दुनिया भर का खून निकालने में इनसे कोई होड़ नहीं ले सकता। इन्हीं लोगों के बीच हमारी इधर उधर की बातें किसान आंदोलन से होते हुए संसद भवन की कैंटीन तक पहुंच गई। सिर्फ बातें होती तो दुनिया बड़ी सुखी रहती। कमबख्त इन बातों ने ही तो दुनिया में कोहराम मचा रखा है। मेरी कई बुरी आदतों में एक बुरी आदत दिन में सुनी-सुनाई बातों का रात के सपनों में रिहर्सल करना है। कल रात में देश का प्रधानमंत्री बना था। संसद भवन की आलीशान कैंटीन में सब्सिडी वाला भोजन करने के इरादे से प्लेट में मक्खन पराठा, बिरयानी चावल, राजमा दाल, पनीर की सब्जी, रायता आदि का लुत्फ उठाने लगा। जब मैंने इन सब की कीमत पूछी तो किसी ने बताया - अठारह रुपए! मुझे विश्वास न हुआ। मैंने फिर से पूछा - सच-सच बताओ कितना हुआ? फिर से जवाब आया अठारह रुपए! मैं प्रसन्न होकर विजिटर रजिस्टर में अन्नदाता सुखीभव लिखने ही वाला था कि किसी ने मेरी कमर पर जमकर लात मारी। पलभर में सपनों की दुनिया से लुढ़कर जमीन की खाक चाट रहा था। कर्जे के बोझ तले मुझे, मां के भरोसे छोड़ चले पिता की याद हो आई। उन्होंने इसी कमरे में कुछ साल पहले फाँसी लगा ली थी। लगा यदि सच में अन्नदाता सुखीभव होता तो आज मेरी मां घर-घर जाकर बर्तन-पोंछा का काम थोड़े न करती। अन्नदाता के भाग्य में कुछ भी हो सकता है लेकिन सुख हरगिज नहीं हो सकता। काश मैं सपना टूटने से पहले ही अन्नदाता सुखीभव लिख देता। दुर्भाग्य से अन्नदाता को सपने में भी सुखीभव होने का अवसर न मिल सका।

## न्यूज फ्लैश

### हमलावरों को जल्द ही गिरफ़्तार करवाने का आश्वासन दिया



**गोहाना:** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने गोहाना में प्रसिद्ध जलेबी वाले मातु राम हलवाई की दुकान पर पहुंचकर मालिक नीरज गुप्ता से बातचीत की और हमलावरों को जल्द ही गिरफ़्तार करवाने का आश्वासन दिया। इस बारे में गृह मंत्री अनिल विज तथा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर से भी बातचीत की जाएगी। भाजपा सरकार में अब तक हुई सभी वारदातों को सुलझाया गया है और इस घटना में शामिल हमलावर जल्द ही जेल में बंद होगे।

### आम आदमी पार्टी की बदलाव रैली में पहुंचने का दिया न्यौता



**गन्नौर।** आम आदमी पार्टी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेंद्र छिक्कारा ने शनिवार को विभिन्न गांवो में 28 जनवरी को जींद में होने वाली आम आदमी पार्टी की रैली का न्यौता दिया। महेंद्र छिक्कारा ने बताया 28 जनवरी को जींद में बदलाव रैली हो रही है। जिसमें आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि बदलाव रैली का उद्देश्य हरियाणा में सत्ता के साथ-साथ व्यवस्था को बदलना है। छिक्कारा ने बताया कि मौजूदा सरकार ने हरियाणा को बेरोजगारी में नंबर 1 राह्रय बना दिया है। पिछले 9 साल से भाजपा सरकार है, लेकिन प्रदेश के लोगों के हालात बदतर हैं। सरकार बदलती रही लेकिन व्यवस्था कभी नही बदली। उन्होंने ग्रामीणों से भारी संख्या में रैली में पहुंचने का आह्वान किया।

### गांव राई के हाई स्कूल में गणतंत्र दिवस का धूमधाम से आयोजन



**राई।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में गांव राई के हाई स्कूल में सभी विद्यार्थियों के साथ ध्वजारोहण समारोह में बतौर मुख्यअतिथि भाजपा से जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने शिरकत की। इस दौरान स्कूल स्टाफ ने मुख्यधापक की मौजूदगी में पुष्प गुच्छ व फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मुख्यातिथि पुनीत राई ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह देशवासियों के लिए एक गौरवशाली दिन है। देश के विकास के साथ ही हमारा विकास जुड़ा है। हमें अपने सभी कार्यों को कर्तव्यनिष्ठा की भावना से युक्त होकर देश निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

# विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वालों को किया सम्मानित

### हैलिपंब यूथ ग्रूप की मोनिका को व डॉ मोना को प्लास्अिक हटाओं के संर्दभ में सम्मानित किया गया

**सम्मान**

⏩ सराहनीय कार्य करने वाले 22 व्यक्तियों को महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सम्मानित किया



**पानीपत, कमाल हुसैन**
स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में आयोजित किये गये 75वें गणतंत्र दिवस समारेह में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले 22 व्यक्तियों को महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में खेलों इण्डिया यूथ गेम में कास्य पदक जीतने पर कु. हंशु को व वर्षा आर्य को योगा में सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में यागदान देने वाली प्राचार्य प्रतिमा शर्मा, प्राचार्य संदीप कंधवाल, अध्यापक विजय कुमार के अलावा व्यवसायिक शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाली प्रतिमा शर्मा, ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार को नैनों हर्बल पार्क बनाने पर सम्मानित किया गया। चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. सुखरामपाल व डॉ. अभिनव अरोड़ा को सम्मानित किया गया। सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाला जन सेवा दल, थैलेशमिया पैशेंट एसोशिसन, हैलिपंब यूथ ग्रूप की मोनिका को व डॉ मोना को प्लास्अिक हटाओं के संर्दभ में सम्मानित किया गया। अर्पित कुमार निगम अभियंता को भी सम्मानित किया गया। अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्युडी ललीत कुमार जिंदल, गौशाला के क्षेत्र में योगदान देने पर कृष्ण गोपाल को, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को लेकर भारत भूषण को, इंस्टीच्यूट आफ चारट्रड अकाउंटस आफ इंडिया को कई सामाजिक क ार्यो में योगदान देने पर सम्मानित किया गया।

## शहीद स्मारक पर राज्यपाल ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि



**पानीपत कमाल हुसैन**
75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश के महामहिम राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय ने स्थानीय लघु सचिवालय में स्थापित शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि शहीदों की बदौलत ही आज हम सुरक्षात्मक माहौल में अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। हम सब सदैव इनके ऋणि रहेंगे। उन्होंने कहा कि शहीदों को हमें कभी नहीं भूलना चाहिए और आने वाली

**याद किया**

⏩ शहीदों की बदौलत ही आज हम सुरक्षात्मक माहौल में अपना जीवन-यापन कर रहे हैं

पीढियों को भी हमें इस बात से अवगत करवाते रहना चाहिए कि शहीदों ने अपने देश के प्रति प्राणों को न्यौछावर कर अपनी शहादत दी है।

### भीख मांग रहे भाई-बहनों को दंपति ने पीटा, अस्पताल में भर्ती

**हिसार: निकटवर्ती** गांव मलापुर में ढोल बजाकर आजीविका मांग रहे एक युवक व उसकी दो बहनों को एक दंपति ने डंडो से पीटा। घायल भाई-बहनों को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस संबंध में एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें महिला और एक व्यक्ति तीनों पर डंडे बरसाते हुए नजर आ रहे हैं। शनिवार को घायलों के परिजनों व अन्य ने नागरिक अस्पताल में धरना दिया और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की। भीम आर्मी के संतलाल ने बताया कि अग्रोहा क्षेत्र के रहने वाले तीनों भाई-बहन गत दिवस मलापुर गांव में गए थे।

# 'नियमित स्वास्थ्य की जाँच करवाना आवश्यक'





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
श्रीराम परिवार द्वारा स्वामी दिव्यान्द भिक्षु जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित मुफ्त स्वास्थ्य जाँच शिविर में डॉक्टरों की टीम को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य की जाँच करवाना आवश्यक है ताकि गंभीर बीमारी को समय से पहले पता चल सके।

गीता भवन मंदिर में आयोजित शिविर में सैंकड़ो मरीजों ने जाँच करवाई और मरीजों को दवाइयां मुफ्त दी गई। जाँच शिविर को आयोजन तीन दिवसीय रामकथा के उपलक्ष्य में किया गया था। शिविर में ह्रदय रोग एवं फेफड़ों की जाँच पर ज्यादा जोर दिया गया। शिविर में पहुंचे डॉक्टरों की टीम को स्वामी दिव्यानंद ने ओमप्रकाश अरोड़ा के साथ स्मृति चिह्न एवं प्रसाद देकर सम्मानित किया।

राजीव जैन ने श्री बालाजी धाम, बहालगढ़ में हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिकोत्सव में पंहुचकर श्रधालुओं को बधाई दी एवं संतों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के मजबूत होने की राह खुल चुकी है और अयोध्या जी में श्री राम मंदिर का निर्माण इसकी नींव मजबूत करेगा। राजीव जैन ने कहा कि प्रतिमा की भी पूजा के साथ-साथ उनके चरित्र की भी पूजा करें तभी हमारा कल्याण होगा। इस अवसर पर ओम प्रकाश अरोड़ा, पवन सहगल, श्याम रहेजा, ललित बत्रा, चंद्र कांत बत्रा, महेश पांडे, मुकेश आनंद, अशोक कथूरिया, शंकर अरोड़ा, महेश तनेजा, सुरेंद्र भुटानी, राज भल्ला, पंकज ठककर, जतिन, राहुल अरोड़ा, देवेंद्र खत्री, सचिन ठाकुर, सन्नी, सतीश डेम्ब्ला आदि-आदि सैंकड़ो भक्त उपस्थित रहे।

### ज्यूडिशियल बिल्डिंग में ध्वजारोहण किया



**पानीपत, कमाल हुसैन**
**गणतंत्र दिवस** पर सुदेश कुमार शर्मा जिला एवं सत्र न्यायाधीश पानीपत सहित सभी ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट और प्रधान जिला बार एसोसिएशन अमित कादियान वकील ने अपनी कार्यकारिणी सहित ज्यूडिशियल बिल्डिंग में ध्वजारोहण किया। सुदेश कुमार शर्मा जिला अब सत्र न्यायाधीश और जिला बार एसोसिएशन पानीपत की कार्यकारिणी के द्वारा सभी वकीलों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर प्रकाश गाहल्याण ,पूर्व प्रधान राजेश शर्मा, बलराज खर्ब , रविंद्र शर्मा, नरेश अत्री, योगेंद्र मलिक, अनिल चेची,राजेश अहलावत, कंवर जागलान, अनिल सिंगल, अनिल ऐलावादी आदि वकील मौजूद रहे।

# अनेकता में एकता का अनूठा दर्शन कराती शोभा यात्रा: माता सुदीक्षा



**समालखा (कुलदीप सिंह)**
**जीवन में** जब परमात्मा का बोध हो जाता है तब आत्मा और परमात्मा के मिलन से एकत्व स्थापित होता है। फिर जीवन में मानवीय गुणों का आना स्वाभाविक हो जाता है। महाराष्ट्र के 57वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के शुभारंभ में मानवता के नाम दिए संदेश में निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने यह उद्गार व्यक्त किए। इस तीन दिवसीय भव्य सन्त समागम में महाराष्ट्र के कोने कोने से एवं देश विदेश से लाखों की संख्या में निरंकारी भक्त एवं अन्य प्रभुप्रेमी शामिल हुए हैं। गणतंत्र दिवस का उल्लेख करते हुए सत्गुरु माता जी ने फरमाया कि गणतंत्र दिवस पर अपने देश का संविधान अपनाया गया। इसी तरह अगर मनुष्य मानवीय गुणों का कोई संविधान बना लें और अपने जीवन में लागू करे, तो वासतव में यह जीवन जीने लायक हो जायेगा । नफरत और भेदभावों को छोड़ कर फिर हम प्रेम-नम्रता जैसे दिव्य गुणों को अपनाकर वास्तविक मनुष्य बनकर एक दूसरे का सत्कार करेंगे । केवल किताबी तरीके से नहीं बल्कि ब्रह्मज्ञान द्वारा पूरे ब्रह्मांड के कण कण में, हर एक में परमात्मा को देखकर मानवता का व्यवहार कर पाएंगे।

***शोभा यात्रा***
इससे पूर्व आज सुबह नागपुर के सुमठाणा, हिंगणा स्थित मशहूर मिहान एसईजेड़ एवं पतंजली फूड फैक्ट्री के पास वाले विशाल मैदानों में सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता रमित जी के दिव्य आगमन पर श्रद्धालु भक्तों द्वारा एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जिसमें एक ओर भक्तों ने अपने हृदयसम्राट सत्गुरु का भावपूर्ण स्वागत किया, वहीं दूसरी ओर विभिन्न झांकियों के द्वारा मिशन की सिखलाई पर आधारित देश-विदेश की अलग अलग संस्कृतियों के मिलन का अनूठा दृश्य भी प्रस्तुत किया। शोभा यात्रा के दौरान दिव्य युगल फूलों से सुशोभित एक पालकी में विराजमान होकर विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन करते हुए सामने से गुजरते हुए श्रद्धालुओं के अभिवादन को स्वीकार करते हुए अपना पावन आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे।

# बुनियादी कर्तव्यों का पालन करें : जयभगवान

**राष्ट्रीय पर्व**

⏩ संविधान की स्थापना व भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती प्रदान करने वाला राष्ट्रीय पर्व



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** दीपालपुर व बहालगढ़ सहित आधा दर्जन जगह पर पहुंचकर आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी का दिन संविधान की स्थापना व भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती प्रदान करने वाला राष्ट्रीय पर्व है। कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि गणतंत्र पर्व पर हम सभी संविधान का सम्मान एवं गणतंत्र के प्रति निष्ठा का संकल्प लेकर आपसी सौहार्द व एकता के साथ देश व प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में अपना योगदान करें। हर भारतीय के लिए देश के संविधान के प्रति समर्पित और गौरवान्वित होने का अवसर है। आंतिल ने कहा कि देशभक्ति और सेवा की भावना के साथ बुनियादी कर्तव्यों का पालन करें और एक बेहतर भारत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करके देश को सर्वांगीण विकास के पथ पर ले जाएं।

### एसवाईएल का पानी पर हरियाणा वासियों का हक

**जींद:** जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने शनिवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान रविवार को जींद आ रहे हैं। दोनों ही नेता एसवाईएल को लेकर हरियाणा के लिए स्थिति स्पष्ट करें। हरियाणा के कानूनी हक का सम्मान करते हुए पंजाब की आप सरकार को तत्काल प्रभाव से हरियाणा के हिस्से का पानी दे दिया जाना चाहिए। विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि एसवाईएल का पानी हरियाणा वासियों का हक है और वो हक हमें हर हाल में मिलना ही चाहिए। हरियाणा के लिए एसवाईएल का पानी अत्यंत आवश्यक है।

# विद्यार्थियों ने देश की सेवा करने का लिया संकल्प

### ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में गणतंत्र दिवस पर स्कूली बच्चों ने दी राष्ट्रभक्ति से प्रेरित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में गणतंत्र दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। एक ओर जहां छात्र -छात्राओं में देशभक्ति का जज्बा दिखा, वहीं सभी बच्चों ने देश की सेवा करने का संकल्प भी लिया । प्राचार्या गीता चोपड़ा ने स्कूल परिसर में तिरंगा ध्वज फहराकर उन वीरों को याद किया जिन्होंने देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन व सीईओ संजय जैन ने छात्र-छात्राओं को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और अपने विचारों के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना का संचार किया।

चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि हमारा प्रमुख उद्देश्य है कि बच्चों में देशभक्ति का जज्बा बचपन से ही पैदा किया जाए । उन्होंने कहा कि अनेकता में एकता ही हमारी पहचान है। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू किया गया

**समां**

⏩ विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया

था। इसके तहत भारत देश को एक लोकतांत्रिक, संप्रभु और गणतंत्र देश घोषित किया गया। आजाद भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 26 जनवरी, 1950 को 21 तोपों की सलामी के साथ ध्वजारोहण कर भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया था।

# अभियान शुरू: भाजपा ने लोकसभा चुनावों की तैयारियां की तेज

### प्रदेश की सभी दस सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित : मोहन लाल बडौली



**पानीपत/कमाल हुसैन**
जहां अन्य पार्टियां अपना संगठन भी नही बना पा रही वहीं भाजपा ने अपनी लोक सभा चुनावी तैयारियां को तेज कर दिया है।भ ाजपा फरवरी माह में चलो गांव की और अभियान शुरू कर रही है। जिसमे हर बूथ एक एक प्रवासी कार्यकर्ता प्रवास करेगा वहां वह पार्टी की नीतियों तथा सरकार के विकास कार्यों का प्रचार प्रसार करेगा। पार्टी हर बूथ पर जहां एक एक प्रवासी कार्यकर्ता भेजेगी उसकी मदद के लिए हर बूथ पर एक एक संयोजक भी नियुक्त किया जाएगा ये जानकारी भाजपा प्रदेश महा मंत्री भाजपा तथा विधायक मोहन लाल बडौली ने जिला भाजपा के जी टी रोड़ स्थित कार्यालय पर जिले के कार्यकताओं की बैठक लेते हुए कहे।

**अभियान**

⏩ लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर फरवरी से भाजपा का चलो गांव की और अभियान होगा शुरू

मोहन लाल बडौली ने आगे कहा की पार्टी गत लोक सभा चुनाव की तरह इस बार भी सभी की सभी दस सीटों का जितना सुनिश्चित है परन्तु जीत का अंतर को अधिक बढ़ाना है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए ज़िला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा की भाजपा आज विश्व की सबसे बढ़ी पार्टी है। पार्टी का विस्तार अब गांव गांव गली गली हो चुका है।

अब केवल बूथ के कार्यकताओं को सरकार के विकास कार्यों की जानकारी देकर प्रचार प्रसार के लिए सक्षम बनाना है।उन्होंने कहा की पानीपत जिले में चलो गांव की ओर अभियान अपने उद्देश्यों प्राप्त कर सफल होगा । उन्होंने कहा की आगमी लोक सभा चुनाव में पानीपत जिला का योगदान पहले की अपेक्षा बहुत अधिक रहेगा ।उन्होंने प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया ।बैठक को पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने भी

# रविवार को नए बस अड्डे का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया



**पानीपत, कमाल हुसैन**
मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार बाद दोपहर 2 बजे पानीपत के नए बस अड्डे से इलेक्ट्रिक सिटी बस सर्विस के संचालन का शुभारंभ करेंगे।

डीसी डॉक्टर वींरेंद्र कुमार दहिया और पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने रविवार को नए बस अड्डे का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा सिटी बस सर्विस का शुभारंभ कर इसे आमजन को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह सभी बसें इलेक्ट्रिक होंगी। इन बसों के संचालन से जहां आम लोगों को काफी लाभ होगा, वहीं इनसे प्रदूषण भी नहीं होगा। पानीपत जिले के लिए 50 इलेक्ट्रिक बसें मिल रही हैं। ये बसें शहर के साथ साथ आसपास के गांवों में भी जायेंगी। इससे सार्वजनिक यातायात व्यवस्था में काफी सुधार होगा। इन बसों की चार्जिंग के लिए नए बस स्टैंड पर चार्जिंग स्थान बनाने के साथ ही पुराने बस स्टैंड पर भी चार्जिंग स्टेशन बनाया जा रहा है।

# रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल्स में दो दिवसीय ग्रामीण खेल-कूद प्रतियोगिता का शानदार आयोजन



**सम्मानित**

पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स भी समय समय पर खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित कर रहा है

**पानीपत/कमाल हुसैन**
रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने देश सेवा में लगातार सफलता के साथ अपनी स्थापना के 25 वर्ष 12 जुलाई को पूरे कर लिए हैं। अपनी इस रजत जयंती वर्ष को और सार्थक, उद्देश्यपूर्ण एवं विशेषकर जिला पानीपत एवं करनाल के आसपास के गांवों में खेल संस्कृति को और अधिक बढ़ावा देने हेतु दो दिवसीय ग्रामीण खेल-कूद प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया है। ग्रामीण खेल-कूद की इस बड़े आयोजन का विधिवत उद्घाटन एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख ने शनिवार को किया। इस अवसर पर रिफाइनरी के सभी कमांडेंट (सीआईएसएफ), ऑफिसर्स एसोसिएशन, कर्मचारी लोग, स्कूलों के प्रिंसिपल, , पीटीआई व खिलाड़ियों के परिजन भी विशेष रूप से उपस्थित थे। यह आयोजन सीआईएसएफ कॉम्प्लेक्स के खेल के मैदान में किया जा रहा है।

ग्रामीण खेल-कूद इस आयोजन में ट्रैक एवं फील्ड तथा टीम खेल की बहुत सी प्रतियोगिताएँ जिसमें प्रमुखतः दौड़ (100, 200 व 400 मीटर), लांग जम्प, जैवलिन, शॉटपुट जैसे कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल इत्यादि शामिल हैं। इन खेलों में जिला पानीपत एवं करनाल के लगभग 30 गांवों के गवर्नमेंट स्कूलों के 14, 17 व 19 वर्ष तक आयुवर्ग के 1500 से अधिक खिलाड़ी लड़के एवं लड़कियां बड़े उत्साह के साथ भाग ले रहें हैं। सभी प्रतियोगिताएं बड़े ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में चल रही है और सभी दर्शक चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिताएँ देखकर खिलाड़ियों का होंसला बढ़ाते हुए खेलों का आनंद ले रहें हैं ।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री डहरिया ने कहा कि इंडियनऑयल पिछले तीन दशकों से पूरे देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए अग्रणी भूमिका निभा रहा है और भारत की खेल प्रतिभाओं का विशेष सम्मान करते हुए उन्हे उच्च पदों पर नियुक्त कर रहा है। खेल-कूद में हमारी इस सक्रियता को पहचानते हुए अभी हाल ही में इंडियनऑयल को भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित "राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार" से नवाजा गया। पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स भी समय समय पर खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित कर रहा है ।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल मे हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

**मत**

छात्रों को मत के बारे मे अवगत कराया कि 18 वर्ष व उससे अधिक आयु का व्यक्ति अपना मत दे सकता है




**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल मे गणतंत्र दिवस अति हर्षोल्लास से मनाया गया। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिसमे विद्यालय के अध्यापक श्री कर्मवीर ने छात्रों को मत के बारे मे अवगत कराया कि 18 वर्ष व उससे अधिक आयु का व्यक्ति अपना मत दे सकता है व अपना मत जरूर बनवाना चाहिए तत्पश्चात छात्रों द्वारा शपथ ग्रहण की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य व (सहायक क्षेत्रीय अधिकारी) हरियाणा, जोन डी, डॉ आर आर सूरी ने भी छात्रों को बताया कि छात्रों को व सभी को अपने मत का बड़ी सूझ बुझ से प्रयोग करना चाहिए व अवश्य करना चाहिए। उचित पात्र को मत देकर देश के विकास मे योगदान देना चाहिए। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य मे सामाजिक विज्ञान क्लब की ओर से कक्षा छठी व सातवीं के छात्रों को राष्ट्रीय गीत लिखने का क्रिया कलाप कराया गया। गणतंत्र दिवस को विद्यालय परिसर मे डॉ आर आर सूरी व अध्यापकों द्वारा ध्वजारोहण किया गया व राष्ट्रीय गीत गाया। विद्यालय के छात्रों ने देशभक्ति गीत व कवितायें गाई व पंजाबी भंगड़ा भी प्रस्तुत किया गया।

डॉ सूरी ने सभी को 75वे गणतंत्र दिवस की बहुत बहुत बधाई दी व कहा कि हमें भारत देश का नागरिक होने के नाते अपने अधिकारों का उचित प्रयोग करना चाहिए व देश के हित के लिए जो भी काम हम कर सकते है वे करने चाहिए।

# बराड़ा की तनु व हिमानी को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला-बराड़ा (मनीष कुमार)** बराड़ा नगर पालिका कार्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। यहां पर बराड़ा नगर पालिका के सचिव राजेश कुमार ने तिरंगा फहराया इस दौरान उन्होंने कहा कि देश को आजाद करने में अनेक वीरों ने अपना बलिदान दिया व इस दिन हम सबको मिलजुल कर गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमारे देशवासियों को सामाजिक समर्थकता और जनप्रतिनिधित्व का अधिकार दिया। स्वतंत्रता के बाद से ही भारत दुनिया में एक बड़ी ताकत के तौर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहा है। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि वह स्वच्छता के प्रति जागरूकों और अपने घरों के आसपास सफाई पर भी विशेष ध्यान दें। इस कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया गया

जिनमें एसएमएस स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा तनु सभरवाल और पीएसी जैन स्कूल की छात्रा हिमानी सभरवाल भी शामिल रही। इन दोनों बहनों ने पिछले 10 वर्षों के दौरान हरियाणा के विभिन्न स्थानों पर अनेक सामाजिक जागरूकता कार्य किये और साथ ही नगर पालिका में काम करने वाले अन्य कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

# पीएनजी के प्रति रैली निकाल लोगों को किया जागरूक




**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
शहर की अनाज मंडी के सामने बढ़िया गुणवत्ता लिए जाना जाने वाले शिव शक्ति मोटर कंपनी पेट्रोल पंप पर लोगों को पीएनजीआरबी द्वारा पीएनजी को बढ़ावा देने के लिए को एक रैली का अयोजन किया गया। इस रैली में अनेक वाहन चालकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पंप के संचालक अमित गर्ग, सुशील कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में एएसपी दीपक कुमार मुख्यातिथि थे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हिंदुस्तान पेट्रोल पंप के प्रवीन राणा, एचपी ऑयल के प्रबंधक रजत सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक गौरव दुबे, मार्केटिंग ऑफिसर अमन पंजेटा, सहित अनेक गुणमान्य लोग मौजूद रहे। सीएनजी से पीएनजी की ओर लोगों को अग्रसर करने के उददेश्य से निकाली गई इस रैली में अमित गर्ग ने बताया कि आज पेट्रोल पंप पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें बताया गया है कि घर घर में पीएनजी व सीएनजी का जो वातावरण देश में चल रहा है इसके प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एचपी ऑयल की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिससे हर घर में पीएनजी उपलब्ध हो। शहर में आज रैली निकाली गई जो अनाज मंडी चौक, अग्रसेन चौक, पॉलिटेक्निक चौक, पुलिस लाइन चौक, प्रेम नगर, इंको से होते हुए जंडली तक पहुंची। इस दौरन लोगों को बताया कि पीएनजी एक सुरक्षित ज्वलनशील गैस है। घरों में सिलेंडरों का प्रयोग न करते हुए हम पीएनजी के कनेक्शन लें तो वे हमें ज्यादा सस्ते पड़ेंगे। कार्यक्रम में एएसपी दीपक कुमार ने बताया कि अंबाला में यह एक नई पहल है।

# खुबडू झाल में मिला 40 वर्षीय व्यक्ति का शव

**गन्नौर।** खुबडू झाल नहर में पुगथला के निकट करीब 40 वर्षीय व्यक्ति का शव सरियों में अटका हुआ मिला। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद खुबडू झाल चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के मदद से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास भी किए, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। खुबडू झाल पुलिस चौकी प्रभारी पीएसआई संदीप कुमार ने बताया कि मृतक के बाएं हाथ पर पंजाबी भाषा में कुछ लिखा हुआ है। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए आसपास गांव के लोगों की भी मदद ली, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

# ब्लॉक स्तर की नृत्य प्रतियोगिता में चंदन स्कूल ने पाया प्रथम स्थान



**गणतंत्र दिवस**

चेयरमैन नरेश तथा स्कूल प्रधानाचार्या नीलम ने राष्ट्रीय ध्वज लहराकर अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाया

**समालखा 27 जनवरी ( कुलदीप सिंह )**
**चंदन** बाल विकास पब्लिक स्कूल, दुर्गा कॉलोनी, समालखा में ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूल चेयरमैन नरेश गाहल्याण तथा स्कूल प्रधानाचार्या नीलम कादियान ने राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराकर अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाया। अनाज मंडी समालखा में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसमें कथक नृत्य के साथ हनुमान चालीसा तथा मेरे घर राम आए हैं की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पानीपत ग्रामीण हल्का के एम एल ए महिपाल ढांडा, एसडीम अमित शर्मा तथा बी. ई.ओ. नीलम कांडू जी उपस्थित रहे। समालखा ब्लॉक के सभी स्कूलों ने गणतंत्र दिवस समारोह के नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल प्रथम रहा। लगातार दूसरी बार ब्लॉक स्तर पर प्रथम आकर चंदन स्कूल ने एक बार फिर से अपनी विजय का परचम लहराया।

# '25 सालों से आपके सुख-दुख का साथी और हमेशा रहूंगा'



**टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**
**आपका** प्यार और स्नेह मुझे हमेशा मिला है और आगे भी मिलता रहेगा मुझे ज्ञात है की आज से 25 साल पहले 26 जनवरी 1999 को यहीं गांव गढ़ी त्यागयान में आप लोगों ने पगड़ी पहना कर मुझे आशीर्वाद दिया था मुझे पगड़ी की कीमत का पता है ना पहले कभी झुकने दी है ना आगे कभी झुकने दूंगा इस पगड़ी और आप सभी गांव वासियों का मान हमेशा रखूंगा उक्त बाते भाजपा नेता संजय छौक्कर ने गांव गढ़ी त्यागयान में आयोजित सम्मान समारोह में कहीं
संजय छौक्कर ने आज से 25 साल पहले अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत गांव गढ़ी त्याग्यान से की थी! उस समय गांव वासियों ने संजय छौक्कर को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनको पगड़ी पहना कर राजनीतिक आगाज किया था। जो आज 25 साल पूरे होने पर दोबारा गांव गढ़ी त्यागयान वासियों द्वारा आयोजित सम्मान समारोह मे भाई संजय छौक्कर को चादर पगड़ी से सम्मानित करते हुए उनको भविष्य में विधायक बनाने का संकल्प लिया।

इस समारोह में संजय छौक्कर ने चादर ओढ़ा कर बुजुर्गों का सम्मान किया इस अवसर पर पूर्व सरपंच देवी सिंह, पहल सिंह,रणबीर सिंह, महेंद्र, श्याम लाल,अजब सिंह सरपंच, प्रकाश चंद,नरेंद्र, शमशेर, रामफल, ओमदत्त शर्मा,ईश्वर ढांगी, रायसिंह बैरागी,अनिल कुमार, किशन चंद,रविंद्र छौक्कर,रामेश्वर छौक्कर, पन्ना लाल,रामपाल,नफे सिंह ,सुनील छौक्कर व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे

# 'आज जींद में आप की होगी ऐतिहासिक रैली'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आज जींद में आम आदमी पार्टी की ऐतिहासिक रैली होगी जो हरियाणा प्रदेश की दशा और दिशा बदलने का काम करेगी।

यह शब्द आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव विशाल खुब्बड ने कहे ।उन्होंने कहा कि जींद में होने वाली आम आदमी पार्टी की रैली में हरियाणा प्रदेश के कोने-कोने से भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे। जींद में आम आदमी पार्टी की होने वाली ऐतिहासिक रैली को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान संबोधित करेंगे। आम आदमी पार्टी के यह दिग्गज नेता हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन विरोधी नीतियों का पदार्फाश करेंगे।

# कॉलेज में गणतंत्र दिवस मनाया

**ध्वजारोहण**

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कॉलेज में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कृष्णलाल ने किया ध्वजारोहण




**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कॉलेज में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कृष्णलाल ने किया ध्वजारोहण। कॉलेज के चेयरमैन पवन अग्रवाल व पूर्व प्रिंसिपल सेवा निर्मित कृष्ण लाल ने ध्वजारोहण किया। एचओडी रोमित खन्ना ने स्टाफ व विद्याथीयों को संबोधित करते हुए कहा की 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू किया था इस दिन हमारे देश को संविधान मिला था ।
सविधान लागू होने के बाद हमारा देश एक गणतंत्र देशबन गया ।इस खुशी के अवसर पर कॉलेज के चेयरमैंन पवन अग्रवाल, यशिक अग्रवाल, जीएम इंद्र बाली (रेजिंटा), जीएम लवदीप ,प्रिंसिपल साहिद व एचओडी रोमित खन्ना उपस्थित रहे।

# आश्रम पट्टी कल्याण में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा (कुलदीप सिंह )**
गांधी स्मारक निधि पंजाब हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश स्वाध्याय आश्रम पट्टी कल्याण में 75 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राकृतिक जीवन केंद्र के डॉ आकाश बिसौने द्वारा ध्वजारोहण किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम राष्ट्रगीत से किया गया इस अवसर पर गांधी स्मारक निधि पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए डॉक्टर आकाश बिसौने ने आज के दिन का महत्व बताया तथा एकत्रित कार्यकर्ता एवं आश्रम परिसर के लोगों का धन्यवाद किया इसी कड़ी में गांधी स्मारक निधि पंजाब हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश नियासी मंडल की सदस्य हेमलता रावत ने संबोधन करते हुए कहा कि आज के दिन संविधान लागू हुआ था यह संविधान डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखा गया था हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हो गया था उसके पश्चात भारत में कानून व्यवस्था को लागू करने के लिए संविधान बनाया गया।

# बड़ी धूमधाम से मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा (कुलदीप सिंह )**
एलएनटी कॉलेज आफ एजुकेशन मछरौली के प्रांगण में 75वे गणतंत्र दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया गया मुख्य अतिथि कॉलेज की चेयरपर्सन मीनाक्षी गुप्ता जी को आमंत्रित किया गया था उनके ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ बच्चों ने अपनी कार्यक्रम प्रस्तुत किए प्रसाद वितरण हुआ बड़े धूमधाम से 26 जनवरी का गणतंत्र उत्सव मनाया गया संविधान की मेहता को समझाते हुए मीनाक्षी गुप्ता ने बताया कि हमें देश के लिए सर्वस्य न्योछावर करने के लिए तैयार रहना चाहिए अभी राम राज्य शुरू हो गया है भारत विकसित होने जा रहा है इसमें सब की सहभागी का जरूरी है कॉलेज के प्राचार्य लोकेश शर्मा ने अपने भाषण में भारत के इतिहास पर नजर डाली संविधान का महत्व बताया और आने वाले समय में भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता।

# हिमगिरी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

## विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते हुए अपने हृदय में समाहित देशभक्ति के भावों को अभिव्यक्त किया



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा (कुलदीप सिंह )** हिमगिरी पब्लिक स्कूल, बिहौली रोड, समालखा में धूमधाम व उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्यातिथि राजबीर सिंह , विशिष्ट अतिथि मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी, रामनिवास पाँचाल व प्रधानाचार्य प्रमोद राठी, खेल प्रभारी हरेन्द्र सिंह व स्टाफ सेक्रेटरी शालू कालड़ा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की । स्कूल के सभी बच्चों ने उत्साह व जोश के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते हुए अपने हृदय में समाहित देशभक्ति के भावों को अभिव्यक्त किया। सर्वप्रथम आठवीं कक्षा की छात्रा वीना ने गणतंत्र दिवस पर एक भाषण प्रस्तुत किया। प्रथम कक्षा की छात्राओं सिद्धि एंड ग्रुप के द्वारा 'आओ बच्चों तुम्हें दिखाए झाँकी हिन्दूस्तान की' दूसरी कक्षा की छात्राओं सिया एंड ग्रुप के द्वारा 'देश रंगीला' छठी कक्षा की छात्राओं दिव्या और वंशिका के द्वारा 'वंदे मातरम' पांचवीं कक्षा के छात्रों कार्तिक एंड ग्रुप 'सुनो गौर से दुनिया वालो' तीसरी कक्षा की छात्राओं परी एंड ग्रुप ने 'मेरी चौखट पे राम आएंगे' चौथी कक्षा की छात्राओं हर्षिका एंड ग्रुप ने 'कल जो केशरी के लाल' पांचवीं कक्षा की छात्राओं अर्पिता एंड ग्रुप ने 'मेरा रंग दे बसंती चोला' गीतों पर बहुत ही सुंदर नृत्य किया तथा देशभक्ति गीतों से पूरा पण्डाल को देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत कर दिया । गणतंत्र दिवस पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिमगिरी स्कूल की छात्राओं ने ब्लॉक स्तर पर द्वितीय स्थान व एन सी सी कैडेड ने भी परेड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया । मुख्यातिथि राजबीर सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जिस खुली हवा में हम सांस ले रहे हैं इसके लिए असंख्य देशभक्तों ने अपने प्राणों की आहूति दी है । परंतु आज बड़े दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि हम लोग जाति व धर्म के नाम पर लड़-झगड़ कर अपने उन वीरो की कुर्बानियों को कलंकित कर रहे हैं। इससे न केवल हमारे आपसी सम्बन्ध ही खराब हो रहे हैं बल्कि देश भी अवनत्ति के गढ़े में गिरता जा रहा है । आज हमारी आजादी तो खतरे में पड़ती जा ही रही है इससे भी बड़ी समस्या न केवल भारत के लिए बल्कि सम्पूर्ण विश्व के लिए ग्लोबल वार्मिंग की बनती जा रही है । आज हम खुली हवा में सांस तो ले रहे हैं परंतु उस हवा को ही हमने जहरीली बना दिया है । आप सब भारत का उज्ज्वल भविष्य हों तो आओं आज हम इस पावन पर्व पर एक स्वच्छ एवं सुदृढ़ भारत के निर्माण का संकल्प लें । प्रधानाचार्य प्रमोद राठी ने बच्चों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी तथा जीवन में असीम उन्नति प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। अंत में मिठाई वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर सभी अध्यापकगण मौजूद रहे।

# 'स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणा'

## गणतंत्र दिवस के साथ देशभक्तों के त्याग, तप और बलिदान की एक लम्बी गौरव गाथा जुड़ी हैः कमलेश

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**हरियाणा** की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को संदेश देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के साथ देशभक्तों के त्याग, तप और बलिदान की एक लम्बी गौरव गाथा जुड़ी है। इस देश के वीरों, स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों के बलिदान के कारण ही आज सभी भारतवासी खुली हवा में सांस ले रहे है, इन शूरवीरों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इन शूरवीरों के सपनों को साकार करने के लिए हमें देश और प्रदेश की तरक्की में अपना योगदान देना होगा। महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा पिपली



पुलिस लाइन के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले राज्यमंत्री कमलेश ढांडा, उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया ने लघु सचिवालय परिसर में स्थित शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र भेंट कर शहीदों को नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने मुख्य कार्यक्रम स्थल पिपली पुलिस लाइन के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने प्रदेशवासियों को 75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के इस पावन पर्व पर भारत ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नागरिक होने का गौरव प्राप्त किया। आज से 75 वर्ष पहले 26 जनवरी 1950 को भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा और विशेष संविधान अपनाया। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश सद्भाव, सौहार्द, समान विकास, समरसता के साथ-साथ उन बदलावों का साक्षी रहा है, जिनसे हर आदमी का जीवन सरल, सुगम और सुरक्षित हुआ है। जनसेवा और जनता के बीच दीवार बन चुकी व्यवस्था को सरकार ने न केवल बदलने का काम किया है, बल्कि ऐसी व्यवस्था देने का प्रयास किया है, जिसमें जन-जन को योजनाओं और सेवाओं का लाभ सरल तरीके से प्राप्त हो सके। सदियों की प्रतीक्षा और सदियों का अभूतपूर्व धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद प्रभु श्री राम का मंदिर अयोध्या में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के फलस्वरूप 22 जनवरी 2024 का सूरज देश में एक अद्भुत आभा लेकर आया है। इस दिन अयोध्या में राम मंदिर के भूमिपूजन के बाद से प्रतिदिन पूरे देश में उमंग और उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से देशवासियों को सदियों के धैर्य की धरोहर के रूप में श्रीराम का मंदिर मिला है। राम के इस काम में कितने ही लोगों ने त्याग और तपस्या की पराकाष्ठा दिखाई है। हम सब उन अनगिनत रामभक्तों, उन अनगिनत कारसेवकों और उन अनगिनत संत महात्माओं के भी ऋणी हैं इस कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त शांतनु शर्मा ने मुख्य अतिथि हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# 'गणतंत्र दिवस के साथ जुड़ी है देशभक्तों के त्याग और बलिदान की लंबी गौरवगाथा'

**श्रद्धांजलि**

शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/शाहबाद(दलबीर मलिक)**
जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि गणतंत्र दिवस के साथ हमारे देशभक्तों के त्याग और बलिदान की एक लंबी गौरवगाथा जुड़ी हुई है। देश को आजादी दिलाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद और उधम सिंह जैसे अनेक



स्वतंत्रता सेनानियों ने लंबा संघर्ष किया। जिला परिषद कुरुक्षेत्र की चेयरमैन कंवलजीत कौर शुक्रवार को शाहबाद अनाज मंडी के प्रांगण में उपमंडल स्तर पर आयोजित 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में उपमंडल वासियों को संबोधित कर रही थी। इससे दौरान जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर ने गणतंत्र दिवस के उपमंडल स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण करने उपरांत परेड की सलामी ली। इससे पहले जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर ने शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## न्यूज फ्लैश

### क्रोमा ने गणतंत्र दिवस की खुशी में कई उत्पादों पर शानदार डील्स की घोषणा की

**नोएडा।** भारत के गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने के लिए, भारत के पहले और भरोसेमंद ओम्नी–चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का एक हिस्सा, क्रोमा ने अपनी सबसे सस्ती और आकर्षक गणतंत्र दिवस सेल की घोषणा की है। 20 जनवरी से 28 जनवरी, 2024 तक चलने वाली सेल क्रोमा की इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की विशाल रेन्ज उपलब्ध कराने के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालता है। क्रोमा ने टीवी, रेफ्रिजरेटर, एसी, वॉशिंग मशीन, मोबाइल फोन, लैपटॉप, गीजर, माइक्रो ओवन, एयर फ्रायर, मिक्सर ग्राइंडर और कई अन्य क्रोमा ब्रांडेड उत्पादों, साथ ही साथ ऐप्पल, फिलिप्स, एलजी, सैमसंग, डाइकिन, रेडमी, फैबर, आईएफबी जैसे अन्य लोकप्रिय ब्रांडों आकर्षक डील्स और ऑफर की घोषणा की है। सिर्फ 999 रुपये से शुरू होने वाली ईएमआई सुविधा का लाभ उठाकर खरीदारी को और भी किफायती बनाएं। किसी भी पुराने इलेक्ट्रॉनिक्स को एक्सचेंज करें और 5,000 रुपयों तक के लाभ पाएं। चुनिंदा बैंक ऑफर पर अतिरिक्त 10% छूट का आनंद लें। क्रोमा अग्रणी ब्रांडों के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद यहां प्रस्तुत किए हैं, हर उपभोक्ता की पसंद यहां जरूर पूरी होगी। क्रोमा–ब्रांडेड उत्पादों पर 10% की फ्लैट छूट मिल रही है। वॉशिंग मशीन को अपग्रेड करें, खरीदें क्रोमा ब्रांडेड 7.5 किलोग्राम फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन, हर महीने मात्र 1510 रुपयों के ईएमआई के साथ और क्रोमा 50 इंच के गूगल टीवी की ईएमआई 1,694 रुपये प्रति माह* से शुरू होती है। तकनीकी के प्रति उत्साही लोगों के लिए क्रोमा ने अपनी मोबाईल और टेक्नॉलॉजी रेन्ज पर आकर्षक ऑफर्स दी हैं। ऐपल प्रेमियों के लिए, आईफोन 15 की ईएमआई 1,954* रुपये प्रति माह से शुरू होती है। साथ ही, 28999 रुपये से शुरू होने वाली कीमत की ऐपल वॉच एसई 2023, वेयरेबल टेक्नॉलॉजी यूजर्स के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। सेल में रेडमी 13सी 5जी स्मार्टफोन 12499 रुपयों से आगे की किफायती कीमत मिल रहा है। लैपटॉप खरीदारों के लिए, क्रोमा ने एक असाधारण डील पेश की है, जिसमें प्रत्येक लैपटॉप खरीद पर 9990 रुपये की एक्सेसरीज निशुल्क दी जा रही हैं।

### वी के मेगा ऑफर्स के साथ मनाएं इस गणतन्त्र दिवस का जश्न

**गुरुग्राम।** भारत के 75वें गणतन्त्र दिवस के मौके पर प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए एक्सक्लुजिव ऑफर्स की रेंज की घोषणा की है। वी के प्रीपेड उपभोक्ता वी ऐप के जरिए रीचार्ज करने पर चुनिंदा रीचार्ज पैक पर स्पेशल डील्स का लाभ उठा सकते हैं। वी के प्रीपेड उपभोक्ताओं को बिना किसी अतिरिक्त लागत के 50 जीबी तक के स्पेशल डेटा फायदे और रु 75 का इंस्टेन्ट डिस्काउन्ट ऑफर मिलेगा। 179, 195, 199 आर 239 के रीचार्ज पर हीरो अनलिमिटेड 299 पैक पर अपग्रेड करने के लिए रु 50 तक का फ्लैट डिस्काउन्ट मिलेगा। इस ऑफर के तहत वे हीरो फायदे पा सकते हैं जैसे कट डाउन रेट्स पर अनलिमिटेड नाईट डेटा, वीकेंड डेटा रोल–ओवर। उपरोक्त ऑफर्स एक्सक्लुजिव रूप से वी ऐप पर पहले से लाईव हैं। इनके अलावा वी अपने रीटेल आउटलेट्स पर स्पेशल ऑफर्स भी ला रहा है।

# गणतंत्र दिवस और आर्य वीर दल का स्थापना दिवस समारोह मनाया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल परिसर में गणतंत्र दिवस और आर्य वीर दल का स्थापना दिवस समारोह पूरे उत्साह श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया । समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य रहे विशिष्ठ अतिथि कोषाध्यक्ष महताब मलिक व आर्य समाज काबडी के उपप्रधान ओम दत्त आर्य रहे। प्राचार्य सत्यवान आर्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर देश भक्ति से ओत- प्रोत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम पीटी कार्यक्रम डम्बल लेजियम कार्यक्रम और योगाभ्यास भी करवाया गया। मंच संचालन की प्रक्रिया को अंग्रेजी अध्यापिका उर्मिला मलिक व योगाचार्य परवीन



आर्य ने संपन्न करवायी । मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण किया व प्रेड की सलामी ली । प्रतिभाशाली बाल कलाकारों और योगा के स्वयंसेवकों को सम्मानित भी किया गया। आज की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रे द्वारा आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल की हिंदुस्तान स्काउट गाइड की टुकड़ी को राजसत्रीय गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया। इस टुकड़ी का नेतृत्व डीपी जगदीश आर्य ने बखूबी निभाया।

मुख्यअतिथि प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि यह देश उन सभी ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों और अमर जवान शहीदों का हमेशा ऋणी रहेगा जिन्होंने इस देश को आजाद करवाने और आजाद देश की सुरक्षा को मजबूत बनाने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया । उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलवाने और आजादी को सुरक्षित बनाने के लिए महात्मा हंसराज की अध्यक्षता में महात्मा नारायण स्वामी ने 26 जनवरी 1929 को दिल्ली में आर्य वीर दल की स्थापना की आज आर्य वीर दल राज्यपाल आचार्य देवव्रत और हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तारेय तथा आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य की देखरेख में भारत की युवा शक्ति को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य कर रहा है।

# एसडी पीजी कॉलेज में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया



**पानीपत, कमाल हुसैन**
एसडी पीजी कॉलेज में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने प्रबंधकारिणी के जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल और कोषाध्यक्ष विशाल के साथ राष्ट्रीय ध्वज को फहराया और सलामी दी। उनके साथ कॉलेज प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा और टीचिंग एवं नॉन.टीचिंग के स्टाफ सदस्य एनएसएस स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इस अवसर पर देश भक्ति के गीत और कविता पाठ का आयोजन किया गया। मंच संचालन डॉ.संतोष कुमारी ने किया। इस अवसर पर डॉ.एसके वर्मा, डॉ.मुकेश पुनिया व दीपक मित्तल शामिल थे।

# आर्य सुरेश मलिक ने निकाली तिरंगा यात्रा



**पानीपत/कमाल हुसैन**
जिला परिषद के उपाध्यक्ष आर्य सुरेश मलिक ने गणतंत्र दिवस पर सैकड़ो गाडि?ों के काफि ले के साथ रिसालू गांव से शुरूआत करके 12 गांव व 10 कॉलोनियों में तिरंगा यात्रा निकालने के बाद चंदौली गांव में समापन किया। जिसमें हलके के गणमान्य लोगों, चुने हुए पंचायती प्रतिनिधियों, महिलाओं, युवा साथियों व बच्चों ने गर्म जोशी व उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा का स्वागत व अभिनंदन किया। तिरंगा यात्रा में तिरंगा वितरण का कार्यक्रम भी रखा गया। ग्रामीण हल्के की जनता ने आर्य सुरेश मलिक का स्वागत करने के साथ–साथ भविष्य में भी हर प्रकार के संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने का वादा किया।

# कानूनी साक्षरता कार्यक्रम हुआ आयोजित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**भगवान** परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र में एनसीसी एवं कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा भाषण प्रतियोगिता एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर शीशपाल ने कहा कि युवा वर्ग को कॉलेज में आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए क्योंकि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्र में आत्मविश्वास अनुशासन स्वावलंबन और प्रतिस्पर्धा का भाव पैदा होता है। उन्होंने कहा कि सभी युवाओं को अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी दबाव के करना चाहिए तथा जिन युवाओं ने अपना



मत नहीं बनवाया है उनको कॉलेज की तरफ से मत बनवाने की सुविधा प्रदान की जाएगी। सभी युवा चुनाव के समय अपने मत का प्रयोग कर-के समाज में राष्ट्र के लिए अहम भूमिका अदा करें। प्रोफेसर शीशपाल ने प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी व कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ नीरज वशिष्ट, डॉ सुरेश कुमार, डॉ सुरेश पाराशर, डॉ सतीश शर्मा उपस्थित रहे।

# विधायक ने गणतंत्र दिवस समारोह में किया ध्वजारोहण

**गन्नौर।**
नई अनाज मंडी में आयोजित उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक निर्मल चौधरी ने ध्वजारोहण करते हुए गणतंत्र दिवस समारोह की बधाई दी। एसडीएम ने शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा इनकी कुर्बानी की बदौलत ही आज हम आजाद हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि सदियों की प्रतीक्षा और बलिदान के बाद हमारे प्रभु श्री राम का मंदिर अयोध्या में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री के प्रयासों की वजह से ही यह संभव हो पाया है।

# रौनक पब्लिक स्कूल की बैंड टीम रही प्रथम

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
गन्नौर की अनाज मंडी में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में रौनक पब्लिक स्कूल की बैंड टीम ने पहला स्थान प्राप्त कर अपना दमखम बरकरार रखा है। इससे पहले भी इस स्कूल की टीम अव्वल आती रही है। स्कूल के प्रधानाचार्य इंद्रनाथ सिन्हा ने बैंड टीम के बच्चों और स्कूल के बैंड मास्टर गुरजीत सिंह को बधाई दी।
बैंड मास्टर गुरजीत सिंह ने बताया कि सभी स्कूलों की बैंड टीम के बीच कड़ी टक्कर थी। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करते हुए रौनक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी लगन और कड़ी मेहनत से प्रथम स्थान हासिल



किया। दूसरे स्थान पर प्रयास इंटरनेशनल स्कूल और तीसरे स्थान पर जैन स्कूल रहा। समारोह की मुख्य अतिथि विधायक निर्मल चौधरी ने विजेता टीम का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर गन्नौर के एसीपी गोरखपाल राणा, तहसीलदार मनोज कुमार, जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य योगेश कौशिक आदि मौजूद थे।

# 'सोलर वाटर पंप के लिए कर सकते हैं ऑनलाईन आवेदन'

**सोनपतः** अतिरिक्त उपायुक्त एवं मुख्य परियोजना अधिकारी अंकिता चौधरी ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत किसानों को 75 प्रतिशत अनुदान पर 3 एचपी से 10 एचपी तक सोलर पंप लगवाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। उन्होंने कहा कि इच्छुक किसान 29 जनवरी 2024 तक सरल हरियाणा पोर्टल पर अपना आवेदन कर सकते हैं।
अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि पोर्टल पर आवेदन करने से पहले विभाग द्वारा योजना के पूर्ण दिशानिदेशों को ध्यान से पढ़ लें जो पर उपलब्ध हैं।

# 'कार्यक्रम से बच्चों में आत्मविश्वास की भावना बढ़ती है'

**पानीपत/कमाल हुसैन**
पीसीसी अकेडमी में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में एक नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य देश एवं समाज में हो रहे अच्छे कार्यों को लेकर था इस मौके पर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के अंदर आपसी भेदभाव की भावना खत्म होती है एवं मंच का डर भी खत्म होता है और आत्म विश्वास की भावना बढ़ती है। नाटक के माध्यम से हम एक अच्छे तरीके के साथ समझ सकते हैं कि समाज एवं देश में क्या हो रहा है इस मौके पर बच्चों ने शिक्षा के महत्व एवं विदेश जाने के ऊपर



एवं आपसी भाई एवं बहन का प्यार और दोस्ती जैसे मुद्दों पर नाटक के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। राजीव परुथी ने कहा पीसीसी एकेडमी एकमात्र ऐसा संस्थान है जहां भाषण प्रतियोगिता, नाटक प्रतियोगिता, मंच का डर एवं अंग्रेजी भाषा को आसान तरीके से सीखने के मुद्दों पर काम किया जाता है। इस मौके पर शिल्पा परुथी ने कहा एक ही मंच पर मां एवं बेटी इकट्ठे अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं इससे अच्छी बात नहीं हो सकती मौके पर सिमरन एवं पलक सहगल ने कहा जिस व्यक्ति के अंदर से मंच का डर खत्म हो जाता है वह दुनिया में हर चीज का सामना कर सकता है। इस मौके पर प्रीति शर्मा, अमन कौशिक, तनु धोनचक, प्रियंका शर्मा, लविषा, हिमांशी गुप्ता ,अंकुश, केशव, लक्ष्य मेहता, साहिल रवि आदि मौजूद रहे प्रथम स्थान पर प्रीति शर्मा एवं तनु धोनचक और अमन कौशिक रहे।

# सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं ने हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
26 जनवरी को सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं ने गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया। सभी संस्थाओं में बेहतरीन देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।अमीन रोड पर स्थित वात्सल्य वाटिका में गणतंत्र दिवस पूरी धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी धीरज गुलाटी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर ध्वज को सलामी दी । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हम सब के लिए बड़े गौरव का दिन है, क्योंकि 26 जनवरी को भारत का संविधान लागू हुआ था जो हमें समानता का अधिकार देता है ।कार्यक्रम में.स्वामी हरिओम




परिव्राजक के अतिरिक्त शहर के गणमान्य लोग भी शामिल हुए। गांव कैंथला खुर्द में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले छात्रों को उन्होंने सम्मानित भी किया। मुख्य अतिथि के साथ ग्राम पंचायत के सभी सदस्य एवं गांव के गणमान्य व्यक्ति व स्कूल स्टाफ सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। गांव गोविंद माजरा में गणतंत्र दिवस को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच अभिषेक व विशिष्ट अतिथि सरदूल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी। सरपंच अभिषेक ने स्कूल को इंवर्टर, बैटरी, म्यूजिक सिस्टम एवं वाटर कूलर देने की घोषणा की। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।कार्यक्रम में गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने बेहतरीन प्रस्तुति देने वाले छात्रों की खूब प्रशंसा की। श्रीमद् भागवत गीता स्कूल में भी 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसमें विद्यालय प्रबंधक अशोक रोशा व सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने अतिथियों का अभिनंदन किया। गुरनाम सिंह सैनी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हम सबके लिए गौरव का दिवस है। इस दिन संविधान लागू हुआ था जो हमें नियमों में बंद कर देश और समाज के लिए बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। भगवान परशुराम कॉलेज में गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जिसमें प्रोफेसर शीशपाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को हमारा संविधान लागू हुआ था जो कि हमें समानता का अधिकार देता है ।इस अवसर पर कॉलेज के छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति देकर गणतंत्र दिवस मनाने में अहम भूमिका निभाई । रा. वरि. मा. विद्यालय हरिपुर के प्रांगण में "गणतंत्र दिवस "बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत शहीदी स्मारक पर प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट, सरपंच मोहनलाल सैनी,एसएमसी प्रधान श्रीमती सुमन देवी, ब्लॉक समिति प्रधान श्रीमती सुमन देवी, एमसी के अन्य सदस्य तथा गांव के गणमान्य व्यक्तियों, समाज सेवकों के द्वारा पुष्प अर्पित करने उपरांत ध्वज फहराया गया।

# गणतंत्र दिवस योग एवं सूर्य नमस्कार प्रस्तुतियों के लिए सरकार का आभारः जयदीप

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों में योग एवं सूर्य नमस्कार की प्रस्तुतियों को सम्मिलित करने पर हरियाणा सरकार के माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी, गृहमंत्री अनिल विज जी, प्रदेश प्रशासन एवं कुरुक्षेत्र सहित सभी जिला प्रशासन का आभार ज्ञापित किया है । उन्होंने कहा कि ऐसे सार्वजनिक कार्यक्रमों में योग एवं सूर्य नमस्कार के प्रदर्शन से आम जन में स्वास्थ्य एवं योग के प्रति एक सकारात्मक भाव पैदा होता है । लोग इसे दैनिक दिनचर्या में



स्वीकार करते हैं । स्वस्थ व्यक्ति से ही सशक्त व्यक्ति की पहचान होती है और सशक्त व्यक्तियों के समूह से ही राष्ट्र सशक्त होता है, बलवान होता है ।हरियाणा योग आयोग प्रदेश प्रशासन का हृदय से आभार ज्ञापित करता है, जिन्होंने 22 जिलों में योग के कार्यक्रम को प्राथमिकता दी और योग के कार्यक्रम की प्रस्तुति करवाईं और इसके साथ - साथ योग के विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन व प्रोत्साहन प्रदान किया ।
उन्होंने बताया कि योग एवं सूर्यनमस्कार के माध्यम से स्वास्थ्य संवर्धन हेतु हरियाणा योग आयोग द्वारा आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, पुलिस विभाग एवं अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर 1 फरवरी से 20 फरवरी 2024 तक "हर घर परिवार - सूर्यनमस्कार" अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

# सावन पार्क में श्रीराम कथा का हो रहा है भव्य आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**धार्मिक एकता** मंच के प्रधान व पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के सावन पार्क इलाके में आयोजक श्याम धनी सेवा ट्रस्ट और सहआयोजक श्री गोवर्धन मित्र मंडल ट्रस्ट और श्री श्याम प्रेमी मंडल सावन पार्क के द्वारा सावन पार्क धर्मशाला एवं मंदिर समिति के प्रांगण में श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर कथा प्रवक्ता परम पूज्य श्रद्वेय पंडित बिहारी लाल जी महाराज के द्वारा प्रभु की कथा सुनाई गई। आज की कथा में श्रीभरत जीवन चित्रकूट के लिए प्रस्थान का वर्णन किया गया। कथा प्रवक्ता परम पूज्य श्रद्वेय पंडित बिहारी लाल जी महाराज ने कहा कि सभी कथा का श्रवण ध्यान से करें और कथा में बताई गई बातों को जीवन में उतारें। और जहां पर भी कथा का आयोजन हो रहा हो वहां पर समय निकालकर अवश्य ही जाये। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह, पूर्व निगम प्रत्याशी ममता वर्मा, उत्तम सिंह, अजय कुमार, हरीश मदान, राजेश कुमार, सुशील गुप्ता, महेन्द्र सहित समिति के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह ने कहा कि हम सभी को प्रभु श्रीराम के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और सभी कार्य मर्यादा में रहते ही करने चाहिए। उन्होंने आगे यह भी बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है। उसे एक दिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है। इसलिए सभी सत्य का साथ दें। इस मौके पर ममता वर्मा ने आयोजको का धन्यवाद किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन सभी को अपने-अपने क्षेत्र में करने चाहिए। इससे धार्मिकता का संचार होता है। तो वहीं उतम सिंह ने कहा कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है। इसलिए सभी सत्य की राह का चयन करें। इस अवसर पर कई गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार रखें।

# अशोक विहार: जरूरतमंद बच्चों को रिवॉर्ड देकर गुरु अंगद पब्लिक स्कूल ने मनाया स्पोर्ट्स डे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अशोक** विहार स्थित गुरु अंगद पब्लिक स्कूल की ओर से स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी किया और खेलों के जरिए आए हुए अतिथियों का मनमोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पहलवान अर्जुन पुरस्कार विजेता दिव्या काकरान, रेस्लिंग अमित ढाका, नेशनल अकाली दल के अध्यक्ष व फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, युवा नेता भाजपा प्रतीक सिंह जानू को स्कूल के चेयरमैन मनजीत सिंह सेठी, महासचिव सतपाल सिंह मांग व प्रिंसिपल मनजीत कौर ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सतपाल सिंह मांग ने बताया मनजीत सिंह सेठी, पुष्पेंद्र सिंह चावला व परमजीत सिंह छाबड़ा ने जरूरतमंद बच्चों को रिवॉर्ड देखकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी से निवेदन किया लंगर के साथ शिक्षा के लंगर लगाए जो बच्चे जरूरतमंद है उनको पढ़ने में उनकी सहायता करें। दिव्या ने कहा वह छोटे से गांव से निकाल कर इतने बड़े शिविर तक पहुंची है, सबसे बड़ा योगदान उनके माता-पिता कर रहा है जब मैं छोटी थी इसी प्रकार बच्चों के बीच में बैठकर कार्यक्रम देखती थी।

# जहांगीरपुरी में फाउंडेशन ने मनाया गणतंत्र दिवस





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के जहांगीर** पुरी इलाके में नाज कम्प्यूटर सोशल फाउंडेशन एनजीओ द्वारा गणतंत्र दिवस को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस शुभ उपलक्ष्य पर संस्था द्वारा ध्वजारोहण किया गया। साथ ही एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था की निर्देशिका गुलनाज खान एवं डॉक्टर इरफान खान द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के निर्देशक इरफान का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही संस्था के सदस्य हीना, लक्की और जितेंद्र प्रजापति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और संस्था के पूरे स्टाफ और बच्चो ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर खासकर तन्नू, फरहा, साहिल, शफक, समायरा, नेहा, नशरा, बुलबुल, वरीशा, सोनिया आदि मौजूद रहे।
इस खुशी के मौके पर संस्था की निर्देशिका गुलनाज ने पूरे समाज में भाईचारे और एकता का संदेश दिया।


# पूर्वांचल मोर्चा भाजपा ने किया स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन












**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** कौशलपुरी इलाके में जिला चांदनी चौक भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता अशोक गोयल देवराहा, निगम पार्षद सुशील जोंटी, पूर्व निगम पार्षद माधव प्रसाद, भाजपा नेता सचिन दीवान, जिला चांदनी चौक भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष अनिल यादव, मंडल अध्यक्ष वीरपाल, महामंत्री अनिल आनन्द, पूर्वांचल मोर्चा के प्रभारी प्रदीप भैया मौजूद रहे। इस मौके पर बच्चों में स्टेशनरी का वितरण किया गया।
कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का कार्यक्रम के आयोजकों ने स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्वांचल मोर्चा भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल यादव ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि सभी देशहित में कार्य करें, चाहे परिस्थिति कैसी भी क्यों न हो। क्योंकि पहले देश है उसके बाद ही कुछ और होता है। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने विचार रखें।

# शालीमार बाग में सामाजिक कार्यकर्ता सत्यपाल शर्मा ने किया ध्वजारोहण




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** बाग विधानसभा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता सत्यपाल शर्मा ने ध्वजारोहण किया और कहा कि सभी देशहित में कार्य करें। क्योंकि सबसे पहले देश है।
उन्होंने कहा कि हम सभी को बडे-बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कैम्स कॉन्वेंट स्कूल ने मनाया गणतंत्र दिवस





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कैम्स कॉन्वेंट स्कूल** कुशक नम्बर-2 में 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कैम्स कॉन्वेंट स्कूल के चेयरमैन खेमचन्द सैनी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति गीतों से खूब शमां बांधा। स्कूली बच्चो ने पौधारोपण भी किया। स्कूल प्रिंसिपल सोनिया सैनी ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की भूरी-भूरी प्रशंशा की। साथ ही बच्चो की प्रैक्टिस के लिए व पढ़ाई में अव्वल तरीके पढ़ाने को लेकर स्कूल अध्यापकों व अध्यापिकाओं की मेहनत को भी सराहा। चेयरमैन खेमचन्द सैनी ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन-बान-शान हैं। हमारे भारत के सपूतो ने बलिदान दिए। हमारे देश में सभी धर्मों को बराबर सम्मान दिया जाता है। उन्होंने बच्चों को गणतंत्र दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि सभी को हमेशा ही देशहित में कार्य करना चाहिए क्योंकि सबसे पहले देश है बाद में ही कुछ और होता है। इस अवसर पर कई गणमान्य लोगों ने विचार रखें।

# श्रीश्याम बाबा कीर्तन महोत्सव का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी स्थित के ब्लॉक में श्री श्याम बाबा कीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निगम पार्षद अजीत यादव पहुंचे और बाबा का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजको ने पार्षद अजीत यादव का स्वागत किया। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने श्री बाबा श्याम से सभी क्षेत्रवासियों के उज्ज्वल भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना की और कहा कि जो भक्त सच्चे मन से बाबा की आराधना करता है। प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें। श्री यादव ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन सभी को करना चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों से क्षेत्र में धार्मिकता का संचार होता है।

# सैनी सभा धर्मशाला जींद के प्रांगण में मनाया गया गणतंत्र दिवस

## स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी को छात्रों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाये: सुमेर सिंह सैनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा







**टीम एक्शन इंडिया/ जींद/ नई दिल्ली**
**सैनी सभा धर्मशाला** अर्बन एस्टेट जींद हरियाणा द्वारा 75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर ध्वजारोहण समारोह पर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने भारत सरकार से अपील करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों व आंदोलनकारियों की जीवनी को भारतीय छात्रों के पाठ्यक्रम में शामिल करने पर बल दिया। उन्होंने ज्ञात व अज्ञात स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को नमन व स्मरण करते हुए देश को आजाद कराने में उनके बलिदान पर प्रकाश डाला। सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि संविधान की मूल धारणा के अनुसार हमें इसे आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें यह भी मंथन करना चाहिए कि हमें जो कार्य सौंपा गया है उसे हम ईमानदारी से कर रहे हैं या नहीं। इस अवसर पर गायक डॉ. सुनील सैनी ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सैनी सभा धर्मशाला जींद हरियाणा के प्रधान जिले सिंह हैबतपुर, उप प्रधान जसवंत लाठर, सतबीर सिंह, रणधीर सिंह, सुभाष नम्बरदार, सुरेश किनाना, रामकुमार सरपंच ढाबी, सचिव कैप्टन चंद्रभान, सह-सचिव रमेश सैनी, राममेहर सैनी, संगठन सचिव सतबीर सैनी, रणजीत सैनी, रमेश सैनी, बलबीर सिंह सैनी, सूरजभान सैनी, विनोद कुमार सैनी, हरभज एडवोकेट, जिले सिंह किनाना, जयकिशन सरपंच जामनी, सूबेदार सूरत सिंह, महावीर सिंह, पूर्व पार्षद विनोद कुमार सैनी, जोगेन्द्र सिंह भुलजीया, ओम प्रकाश सफीदो, महेन्द्र पहलवान, सुनील कुमार, पूर्व चेयरमैन जिंद हरफुल सिंह सैनी, प्रसिद्ध समाजसेवी राजेन्द्र सिंह सैनी, राजा सैनी, सुन्दर लाल सैनी, दिलबाग सिंह सैनी, हरबन सैनी, पूर्व प्रधान रामेश्वर दास सैनी, प्रसिद्ध समाजसेवी राकेश सैनी समालखा, पानीपत के प्रसिद्ध एडवोकेट ईश्वर सैनी, पूर्व सरपंच लिजवाना रामफल सैनी, पूर्व सरपंच जामनी जयकिशन सैनी, रणजीत सिंह सैनी प्रधान सैनी समाज पिल्लूखेड़ा, राजकुमार सैनी कालवा सहित अनेक गणमान्य व समाजसेवियों ने सैनी समाज के महापुरुष महात्मा ज्योतिबाराव फुले व शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। समारोह के उपरांत आयोजित सभा में हरियाणा के प्रसिद्ध समाजसेवी जींद धर्मशाला के प्रधान जिले सिंह सैनी को अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा हरियाणा प्रदेश का प्रधान नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि नवनियुक्त प्रधान जिले सिंह सैनी से मैं यह आकांक्षा करता हूं कि वे सैनी समाज के साथ-साथ अन्य समाजों के समस्याग्रस्त लोगों के समस्याओं के समाधान में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। नवनियुक्त प्रधान जिले सिंह सैनी का इस अवसर पर भव्य अभिनंदन किया गया एवं देशी घी के लडडू वितरित कर हर्ष व्यक्त किया गया।

# हथीन में उपमंडल स्तर पर हर्षोल्लास से मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस समारोह

**गणतंत्र दिवस**

**स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों व युद्ध वीरांगनाओं को शॉल भेंट कर किया सम्मानित**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
हथीन उपमंडल की अनाज मंडी में गुरुवार को 75वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विधायक राजेश नागर ने समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और पुलिस की टुकडी की सलामी ली।
विधायक राजेश नागर ने कहा कि सन 1950 में आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। उन्होंने उपमंडलवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। विधायक राजेश नागर ने कहा कि गणतंत्र दिवस के साथ हमारे देशभक्तों के त्याग और बलिदान की एक लंबी गौरवगाथा जुड़ी हुई है। देश को आजादी दिलाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद और उधम सिंह जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने लम्बा संघर्ष किया। उन्होंने इस मौके पर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों के साथ-साथ उन जांबाज जवानों को भी सलाम किया, जिन्होंने आजादी के बाद देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा दी। आजादी की लड़ाई में हरियाणा प्रदेश का भी अहम योगदान रहा है। आज भी हरियाणा के नौजवान सेना में भर्ती होना अपनी शान समझते हैं। यही कारण है कि आज भारतीय सेना का हर दसवां जवान हरियाणा से है। आज जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं तो हमें इस बात का विचार करने की आवश्यकता है कि आजादी के बाद हमने अपने स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान-निमार्ताओं के सपनों का भारत बनाने की दिशा में कहां तक सफलता हासिल की है। हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के कठोर संघर्ष से हमें आजादी मिली तो वहीं दिन-रात मुस्तैदी से देश की सीमाओं की निगहेबानी करने वाले वीर सैनिकों के कारण हमारी यह आजादी सुरक्षित है। आज पूरा देश उनका ऋणी है। उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सरकार ने युद्ध के दौरान शहीद हुए हरियाणा के सैनिकों और अर्ध-सैनिक बलों के जवानों की अनुग्रह राशि 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 50 लाख रुपए की

# आजादी हमारे पूर्वजों व स्वतंत्रता सेनानियों की धरोहर : लखन सिंगला

**ध्वजारोहण**

**रेजिडेंट वेलयफेयर एसो. सेक्टर-8 एकता पार्क में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रेजिडेंट वेलयफेयर एसो. सेक्टर-8 एकता पार्क में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करके ध्वजारोहण किया और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपस्थितजनों



को संबोधित करते हुए लखन सिंगला ने कहा कि आजादी हमारी धरोहर है और इसकी रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि आजादी रूपी धरोहर को हासिल करने के लिए हमारे पूर्वजों, स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है इसलिए आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है इसलिए हर भारतवासी को आजादी का सम्मान करते हुए इसके रक्षा के लिए कृतसंकल्पित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी, 1950 को भारत का संविधान निर्माण हुआ था, तभी से इसे गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है, आज का दिन हर देशवासी के लिए खास है और आजादी के इस दिन को पूरे उत्साह के साथ मनाना चाहिए। इस दौरान रेजिडेंट वेलफ़ेयर एसो. के पदाधिकारियों ने श्री सिंगला का कार्यक्रम में पहुचंने पर स्वागत किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओत-पोत कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिन्हें उपस्थितजनों ने खूब सराहा।

## संक्षिप्त खबरें

### राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
दिनांक 27 जनवरी 2024 को राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर के दिशा निर्देशन में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया` कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विवेक आनन्द व विज्ञान विभाग की डीन डॉ. शालिनी मल्होत्रा रहे` प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ. शालीनी मल्होत्रा, डॉ. डॉ. प्रोमिला काजल व डॉ. सबीना सिह रहे ` प्रदर्शनी में लगभग 50 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की` भौतिक विज्ञान में ह्लस्मार्ट एनर्जी कन्सर्वेशनह्व मॉडल को प्रथम स्थान मिला जिसे इ.रू. (ठङ्मल्ल टीर्ं) के तैतीय वर्ष के विद्यार्थि विकेश कुमार सिंह व विकास द्वारा प्रस्तुत किया गया` रसायन विज्ञान के विद्यार्थी प्रियांशी शर्मा व प्रांजल प्रजापति द्वारा निर्मित मॉडल ह्लबायो केम सिटीह्व को प्रथम स्थान मिला` बॉटनी विभाग के विद्यार्थी ऑचल व दीपक के द्वारा निर्मित ह्लमिलेट्स एस ए फ़्यूचरिस्टिक फूडह्व को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ` जूलोजी विभाग में ह्लए.आई. इन हेल्थकेयरह्व मॉडल जोकि खुशी पाठक व यशिका ने प्रस्तुत किया था को प्रथम स्थान मिला` मनोविज्ञान विभाग में दुश्यंत सिंह एवं दिशा भाटिया ने ह्लस्ट्रेस इम्पेक्ट ऑन मेंटल हेल्थह्व मॉडल में प्रथम स्थान सुनिश्चित किया` आरती कुमारी तथा संचित द्वारा निर्मित ह्लडाइवर्सिटी ऑफ फिजिकल ज्योग्राफीह्व मॉडल को ज्योग्राफी विभाग में प्रथम स्थान मिला` काजल कुमारी तथा सोनी कम्प्यूटर साइंस विभाग से ह्लकैलेंडर अलार्मह्व को प्रथम स्थान मिला` सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स प्रदान किए गए` प्राचार्य महोदया ने सभी विद्यार्थियों को नई-नई खोज व अविष्कारों के बारे में जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया` विज्ञान विभाग के डीन व निर्णायक मंडल ने मॉडल के दैंइक जीवन में उपयोगिता के बारे में ज्यादा से ज्यादा मॉडल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया` प्रदर्शनी को सफल बनाने में डॉ. अंकिता, डॉ. पारूल जैं, डॉ. नीनू सैंनी, डॉ. निशा तेवतिया, डॉ. अनुराधा, डॉ. सुरेश, डॉ. प्रियंका पराशर, डॉ. ललिता चौधरी, डॉ. प्रियंका नरूका, डॉ. अमित, डॉ. नीतू सरोत, डॉ. मयार्दा गर्ग, डॉ. किरण, डॉ. कंचन, डॉ. आशोक अहलावत तथा अन्य प्राध्यापकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

### फरीदाबाद पुलिस के अनुसंधान अधिकारियों को महिला व बाल अपराध, मानव तस्करी व पोक्सो एक्ट में हुए बदलाव के बारे में जानकारी देने के लिए सेक्टर 12 में आयोजित की गई ट्रेनिंग

**शक्ति वाहिनी संस्था की तरफ से किया गया वर्कशाप का आयोजन**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
अभी हाल ही में भारतीय न्याय संहिता तथा पूर्व में जेजे एक्ट व पोक्सो एक्ट में हुए बदलावों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निदेर्शानुसार फरीदाबाद पुलिस के अनुसंधान अधिकारियों की सेक्टर 12 में ट्रेनिंग आयोजित की गई जिसमें एसीपी मुख्यालय अभिमन्यु गोयत, एसीपी क्राईम अगेंस्ट वूमेन श्रीमती मोनिका सहित करीब 100 पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यह ट्रेनिंग दिल्ली स्थित शक्ति वाहिनी संस्था द्वारा कैलाश सत्यार्थी फाऊंडेशन की सहायता से आयोजित की गई जिसमें संस्था के कार्यकारिणी निर्देशक श्री निशिकांत, अधिवक्ता शिवपुरी तथा मोहित ने पोक्सो व जेजे एक्ट एक्ट तथा मानव तस्करी के बारे में ट्रेनिंग प्रदान की। ट्रेनिंग के दौरान अधिवक्ताओं ने बताया कि मानव तस्करी महिला व बाल अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कानून में विभिन्न प्रावधान किए गए हैं और एक्ट बनाकर इनको लागू करने तथा किस प्रकार से अनुसंधान किया जाए इसके बारे में जानकारी प्रदान की गई है।

### वैश्य पौद्दार महासभा ने 75वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

**विधायक नीरज शर्मा ने किया ध्वजारोहण**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** वैश्य पौद्दार महासभा फरीदाबाद द्वारा 75वें गणतंत्र दिवस समारोह नंगला एनक्लेव पार्ट टू स्थित पौद्दार भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधायक नीरज शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की और पौद्दार भवन में ध्वजारोहण कर राष्ट्र गान गाया। तत्पश्चात वैश्य पौद्दार महासभा के नए पौद्दार भवन का रिबन काटकर महासभा को समर्पित किया।

## क्राउन प्लाजा मॉल में गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने किया मस्ती धमाल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
फरीदाबाद सेक्टर 15अ स्थित क्राउन प्लाजा मॉल में गणतंत्र दिवस पर बच्चों के लिए इवेंट का आयोजन किया गया। इस इवेंट को लेकर क्राउन प्लाजा की माल मैनेजर निशा विज ने बताया कि क्राउन प्लाजा मॉल में समय-समय पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे हैं। इसी कड़ी में गणतंत्र दिवस पर भी खासकर बच्चों के लिए एक इवेंट आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने एंकर ईशा के साथ खूब जम कर मस्ती धमाल किया और डांस और सिंगिंग का भी मजा लिया और खूब लुफ्त उठाया।

# भाजपा के नेता व कार्यकर्ता गांवों में करेंगे 24 घंटों का प्रवास: दीपक शर्मा*

**दिशा-निर्देश**

***- जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा और प्रदेश सचिव राहुल राणा ने अभियान को लेकर दिए दिशा निर्देश***

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला**
लोकसभा चुनाव के पहले बीजेपी ह्यह्वगांव चलो अभियानह्लह्ल शुरू करने जा रही है। इस अभियान के तहत मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक बीजेपी के तमाम नेता और पदाधिकारी गांव में 24 घंटे का प्रवास करेंगे। भाजपा ज़िला अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को पार्टी कार्यालय पंचकमल में ह्यह्वगांव चलो




अभियानह्लह्ल को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पार्टी नेताओं और कार्यकताओं को ह्यह्वगांव चलो अभियानह्लह्ल के लिए प्रशिक्षित किया गया ताकि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों से मिले और मोदी सरकार की उपलब्धियों का लाभ जनता तक पहुंचाएं। इस मौके पर गांव चलो अभियान के सह संयोजक प्रदेश सचिव राहुल राणा, अभियान के ज़िला संयोजक वीरेंद्र राणा, कालका नगर परिषद के चेयरमैन कृष्ण लांबा, राष्ट्रीय महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष श्रीमती लतिका शर्मा, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष वीरेंद्र गर्ग, महामंत्री परमजीत कौर, सह संयोजक रजिंदर नौनीवाल व पूनम कोहली विशेष तौर पर उपस्थित रहे।
ज़िला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी के निदेर्शानुसार भाजपा देश के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों से संपर्क साधने के लिए 4 से 11 फरवरी तक देशभर में मेगा ह्यह्वगांव चलो अभियानह्लह्ल चलाने जा रही है। अभियान के तहत कार्यकर्ता गांवों में 24 घंटा प्रवास करेंगे। इस दौरान बूथ स्तर की बैठकें भी होंगी। पिछले चुनावों में पार्टी ने जो बूथ हारे हैं, उन्हें जीतना और जो जीते हैं, उनमें पिछली बार के मुकाबले 10 प्रतिशत मतों में वृद्धि करना, इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य है।
दीपक शर्मा ने कहा पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ता कम से कम एक दिन गांव में रहकर पन्ना प्रमुखों के साथ ही आमजन के साथ बैठकें करेंगे। ग्रामीणों की समस्याएं जानकर उनका निराकरण भी कराएंगे साथ ही अधिक से अधिक व्यक्तियों को भी पार्टी से जोड़ा जाएगा। कार्यकर्ता बूथ पर जाकर 24 घंटे जनता के बीच रहेंगे और मोदी सरकार की नीतियों, योजनाओं और उनके लाभ देने की बात करेंगे। दीपक शर्मा ने कार्यशाला में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिलाए जाने पर काम करने के लिए भी कार्यकताओं से आह्वान किया।

# 19 से 25 जनवरी, साइबर अपराध के 04 मुकदमों मे 09 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, 27 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**
पुलिस द्वारा आमजन को साइबर ठगी से बचाने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें आमजन को सोशल मीडिया पर साइबर अपराधियों के द्वारा बिछाए गए जाल के संबंध में जागरुक किया है। साइबर अपराधियो द्वारा आमजन को अपनी जाल में फंसा कर अलग-अलग तरीकों से साइबर फ्रॉड किए जा रहे है।
साइबर अपराध के तरीके:
सेक्सटोर्शन फ्रॉड:-
आजकल साइबर अपराधियों की गैंग फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम,



व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसी भी व्यक्ति के साथ मित्रता करके वीडियो कॉल करते हैं जिसमें सामने वाली लड़की/लड़का निर्वस्त्र होकर वीडियो कॉल पर आते है और उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग करके उसे व्यक्ति को भेजी जाती है और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जाता है। ब्लैकमेलिंग के माध्यम से पैसों की डिमांड की जाती है और जब वह व्यक्ति एक बार पैसे दे देता है तो उसे फिर से ब्लैकमेल करके बार-बार पैसों की डिमांड की जाती है। इस प्रकार वह व्यक्ति मानसिक परेशानी का सामना तो करता ही है इसके साथ ही उसे आर्थिक रूप से भी बहुत नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए ध्यान रखें कि यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया के माध्यम से मित्रता करके वीडियो कॉल करने के लिए कहता है तो वह साइबर अपराधी हो सकता है इसलिए किसी भी अनजान व्यक्ति की वीडियो कॉल को रिसीव ना करें

## बीपीटीपी के सभी साइट्स में रही गणतंत्र दिवस की धूम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
एकता और देशभक्ति की भावना के साथ, बीपीटीपी की विभिन्न साइट्स में गणतंत्र दिवस को उत्साह और गर्व के साथ मनाया गया । राष्ट्रीय ध्वज फहराने, सांस्कृतिक प्रदर्शन और सामुदायिक गतिविधियों द्वारा चिह्नित उत्सव ने निवासी समुदाय की सामूहिक ताकत और विविधता को प्रदर्शित किया। फरीदाबाद के बीपीटीपी पार्क फ्लोर 1, पार्क फ्लोर और डिस्कवरी पार्क में गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया गया. वहीँ गुडगाँव के बीपीटीपी टेरा , बीपीटीपी एम्सटरिया, बीपीटीपी एमसटायर, बीपीटी स्पेसिओ, सरीन, जनरेशन और 37 डी में भी जोश देखने लायक था।

# बिप्लब देब की मेहनत से खुश केंद्रीय नेतृत्व ने सौंपी चुनाव प्रभारी की भी जिम्मेदारी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब की संगठनात्मक कुशलता और कार्यकताओं के साथ सहजता से मिलने की खूबी से भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व भी काफी खुश और प्रभावित है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के साथ तालमेल बैठाकर संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार की जा रही बिप्लब देब की मेहनत को देखते हुए एक बार फिर से भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें हरियाणा में ही बड़ी जिम्मेदारी दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हरियाणा प्रभारी एवं राज्य सभा सांसद बिप्लब कुमार देब को ही लोकसभा चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी भी सौंपी है और उनके साथ सह प्रभारी के रूप में राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर को लिया गया है।
अपने प्रभारी बिप्लब कुमार देब को ही लोकसभा चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी दिए जाने से हरियाणा भाजपा में एक नया उत्साह भर गया है। हरियाणा के हजारों कार्यकताओं ने बिप्लब देब को लोकसभा चुनाव प्रभारी नियुक्त करने पर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपनी खुशी जाहिर की है और केंद्रीय नेतृत्व का आभार भी जताया है।
दूसरी और खुद बिप्लब कुमार देब ने भी सोशल मीडिया श्एक्सश पर पोस्ट कर अपनी इस नियुक्ति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार



जताते हुए लिखा है-
ह्यह्यमाननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और भाजपा अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी ने मुझमें विश्वास जताते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के लिए हरियाणा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है इसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं।ह्लह्ल
बिप्लब देब ने केंद्रीय नेतृत्व को विश्वास दिलाते हुए एक्स पर आगे लिखा है -
ह्यह्ययह विश्वास दिलाता हूं कि माँ त्रिपुरसुंदरी के आशीर्वाद और तन-मन से कार्य करते हुए पार्टी शीर्ष नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करुंगा।
उल्लेखनीय है कि त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सांसद श्री बिप्लब देब 9 सितंबर 2022 को हरियाणा भाजपा प्रभारी नियुक्त किए गए थे। बिप्लब देब तभी से मुख्यमंत्री मनोहर लाल और निवर्तमान अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ तथा अब वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी से बेहतर तालमेल के साथ लगातार पार्टी को मजबूत करने में जुटे हैं।

# हमेशा उज्जवल रहता है खिलाड़ियों का भविष्य: धर्मवीर भड़ाना

**टूर्नामेंट**

**खेलों से जहां शारीरिक और मानसिक विकास होता है वहीं खिलाड़ियों को इसका फायदा मिलता है**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
खेलों से जहां शारीरिक और मानसिक विकास होता है वहीं खिलाड़ियों को कई तरह से इसका फायदा मिलता है । अच्छे खिलाड़ियों को तमाम विभागों में बड़ी नौकरी मिलती है । खिलाड़ियों का भविष्य हमेशा उज्जवल रहता है । यह विचार आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने दिनांक




ग्लोबल कंफेडरेशन ऑफ एनजीओ की तरफ से प्रथम एनजीओ क्रिकेट टनार्मेंट मैं बतौर मुख्य अतीत भाग लेते हुए व्यक्त किया । टूनार्मेंट रविंद्र फागना क्रिकेट ग्राउंड पाली में खेला गया । टूनार्मेंट में चार टीमों ने हिस्सा लिया जिसमे मिशन जागृति , जज्बा फाउंडेशन , सुख दुख के साथी और कुमाऊ सांस्कृतिक मंडल शामिल थीं । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सतीश फागना भी उपस्थित रहे । उन्होंने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया । धर्मवीर भड़ाना ने कंफेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रवेश मलिक की तारीफ करते हुए कहा कि फरीदाबाद में प्रवेश मलिक लगभग 20 साल से समाज सेवा कर रहे हैं । शहर की सभी सामाजिक संस्थाओं को साथ लेकर चलते हैं । सभी के सुख-दुख में भाग लेते हैं इसलिए इनकी जितनी तारीफ की जाए कम होगी । इस मौके पर टूनार्मेंट के आयोजनों में धर्मवीर भड़ाना कब फूल मालाओं से स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट की । इस मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक हिमांशु भट्ट , राजेश भूटिया, साहिल नंबरदार , कविंद्र चौधरी , विवेक गौतम आदि मौजूद रहे ।

# जिला के 1257 बूथों पर 24 घंटे प्रवास करेंगे कार्यकर्ता: डा. सुधा यादव

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/गुरुग्राम**
लोकसभा चुनाव से पहले गांव चलो अभियान के माध्यम से गुरुग्राम जिला में भी भाजपा कार्यकर्ता जिले के 1257 बूथों पर 24 घंटे का प्रवास करेंगे। शनिवार को गुरुकमल कार्यालय में जिला अध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता में रखी गई कार्यशाला में संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव ने उपस्थित सभी कार्यकताओं को अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। सुधा यादव ने बताया कि 10 फरवरी पूरे जिले के सभी बूथों पर प्रवासी कार्यकताओं की ड्यूटी लगाई जाएगी। कार्यकर्ता किसी अन्य बूथ पर जाकर 24 घंटे जनता




के बीच रहेंगे और मोदी सरकार की नीतियों, योजनाओं और उनके लाभ देने की बात करेंगे। आज की इस कार्यशाला में जिले में रहने वाले प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख आदि उपस्थित रहे।
अभियान की कार्ययोजना पर बोलते हुए डा. सुधा यादव ने बताया कि 10 फरवरी को चलने वाले इस अभियान को लेकर पहले मंडल स्तर पर भी कुछ कार्यशालाएं भी होंगी। सुधा यादव ने जिला के पदाधिकारियों को इन कार्यशालाओं से पहले अभियान के निमित बूथों, मंडलों के संयोजकों, सह संयोजकों की नियुक्ति करने के लिए भी कहा। कार्यशाला में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिलाए जाने पर काम करने के लिए भी कार्यकताओं से आह्वान किया। यहां मोदी ऐप के विषय में भी उपस्थिति कार्यकताओं को बताया गया ताकि 10 फरवरी को जिन भी कार्यकताओं की ड्यूटी बूथों पर लगे वे लोगों से ज्यादा ज्यादा नमो ऐप डाउनलोड़ करा सकें। डा. सुधा यादव ने कहा कि मोदी सरकार विकसित भारत संकल्प यात्रा से कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। मोदी सरकार में जनता का विश्वास लगातार मजबूत होता जा रहा है। जनता भाजपा को समर्थन देने के लिए समय का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत जनता के बीच जाएंगे और उन्हें आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत बनाने के संकल्प भी लोगों को दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान जनसंपर्क का बड़ा अभियान है।
डा. सुधा यादव ने कहा कि गांवों में प्रवास के दौरान मोदी सरकार की योजनाओं व उपब्धियों की जानकारी घर-घर तक पहुंचानी है। उन्होंने कहा कि इस दौरान गांवों के मुख्य लोगों, एनजीओ व युवाओं तथा लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें पार्टी से जोड़ना अहम जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार ने जितना विकास लगभग 10 सालों में ग्रामीण क्षेत्रों का किया है उतना विकास दूसरे दलों सरकारों

# फरीदाबाद कालीबाड़ी सेक्टर 16 ने किया मेगा ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
फरीदाबाद कालीबाड़ी सेक्टर 16 में दिनांक 26 01 2024 शुक्रवार के दिन एक मेगा ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता की आयोजन की गयी थी। प्रतियोगिता में फरीदाबाद कालीबाड़ी सेक्टर 16 आर्ट स्कूल एवं स्थानीय विभिन्न स्कूल के कक्षा छङ्क्षे से बारहवीं तक के लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को पांच ग्रूपों में कक्षा एवं उम्र के हिसाब से बांटा गया था। कालीबाड़ी में उपस्थित वरिष्ठ सदस्य श्री अभिजीत गांगुली एवं सांतनु देब सरकार ने कहा कि फरीदाबाद



कालीबाड़ी द्वारा समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिता करवाई जाती रहती है। प्रतियोगिता का उद्देस्य बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखार कर उभारना है। सभी भाग लेने वाले प्रतियोगियों को सर्टिफिकेट देकर एवं बेहतर प्रदर्शन करने वालों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कालीबाड़ी के महिला एवं पुरुष सदस्यों ने मिलकर प्रतियोगिता के पश्चात विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण में एक खास और बहुत ही अच्छी बात यह देखने को मिली की, इसमें बेहतर प्रदर्शन के लिए फर्स्ट, सेकंड अथवा थर्ड स्थान की घोषणा और प्रमाणीकरण न करते हुए कालीबाड़ी समिति ने 'आर्टिस्ट ऑफ द इवेंट', 'मास्टर ऑफ स्ट्रोक्स', 'कलरफुल माइंड' और 'असाधारण' जैसे सम्बोधनों का प्रयोग किया जिससे की किसी भी बच्चे के मन में हिन भावना उत्पन्न न हो और एक स्वस्थ प्रतियोगिता का माहौल भी बना रहे।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 28 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# योगी ने सीबीजी प्लांट का किया उद्घाटन

## अब पराली और गोबर बनेगा किसानों की अतिरिक्त आय का जरिया : योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया/बदायूं**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट से ना केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी, बल्कि किसानों की आय भी बढ़ेगी। इससे किसानों द्वारा खेतों में पराली जलाने की बहुत बड़ी समस्या का समाधान होगा। जिस पराली को पहले जला दिया जाता था अब ये हमारे किसानों की अतिरिक्त आमदनी का माध्यम बनेगा। इसके साथ ही गोबर से भी किसानों को अतिरिक्त आय होगी। सीबीजी प्लांट ना केवल किसान और पशुपालकों के लिए, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। सीएम योगी शनिवार को दातागंज विधानसभा के सैंजनी गांव में सीबीजी प्लांट का उद्घाटन करने पहुंचे थे। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस व आवासन एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी बतौर सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे।



**आठ जिलों में कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांटः** अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक रूप से विपन्न क्षेत्र में सीबीजी प्लांट पर्यावरण की रक्षा, अन्नदाता किसानों की आमदनी, युवाओं को रोजगार और नये उद्यम स्थापित करने का नया माध्यम बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्लांट की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी का हृदय से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के आठ जिलों जौनपुर, अमेठी, सीतापुर, फतेहपुर, बहराइच, बरेली, कन्नौज और बदायूं में सीबीजी प्लांट लगाया जा रहा है।

**प्रतिदिन 65 मीट्रिक टन ठोस जैविक खाद का होगा उत्पादनः** उन्होंने बताया कि बदायूं में 133 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सीबीजी प्लांट 50 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है।

इसमें प्रतिदिन 100 मीट्रिक टन धान की पराली का उपयोग करते हुए 14.25 मीट्रिक टन बायोगैस का उत्पादन हो सकेगा। साथ ही 65 मीट्रिक टन ठोस जैविक खाद का प्रतिदिन उत्पादन भी होगा। इससे प्राकृतिक और कच्चे तेल के आयात में कमी आएगी, साथ ही साथ प्रदूषण में भी कमी आएगी। जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में ये संयंत्र सहायक होगा और तो और जैव उर्वरक के प्रयोग से मिट्टी में कार्बन तत्व की वृद्धि होगी।

**एक प्लांट से 147 हजार एकड़ भूमि खेती को शुद्ध किया जा सकेगाः** मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी में आने वाले दिनों में 100 सीबीजी प्लांट लगाए जाएंगे। प्रत्येक प्लांट से सीधे सीधे 100 से अधिक लोगों को नौकरियां मिलेंगी। साथ ही साथ इससे जुड़े सहायक उद्यमों में भी बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने

**आय का स्त्रोत**

▸▸ कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट से ना केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी, बल्कि किसानों की आय भी बढ़ेगी

कहा कि एक प्लांट से 147 हजार एकड़ भूमि खेती को शुद्ध किया जा सकेगा। फर्टीलाइजर के अत्यधिक उपयोग से हमारे खेत जहरीले हो चुके हैं, जिनसे किडनी, लिवर फेल्योर होने के साथ ही कैंसर जैसी घातक बीमारियां बढ़ रही हैं। इसका बस एक ही इलाज है, प्राकृतिक और जैविक खेती।

सीबीजी प्लांट प्राकृतिक जैविक खेती को बढ़ावा देने वाला होगा। साथ ही ये वेस्ट से वेल्थ का निर्माण करेगा। मुख्यमंत्री ने हाल में हुए रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रभु का भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सच्चे अर्थों में भारत के गौरव की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम था। ये जन विश्वास के प्राण प्रतिष्ठा का कार्य था।

## फास्ट न्यूज

### उप्र में 80 सीट जीतने जा रही भाजपा: अरुण सिंह

मीरजापुरः भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने शनिवार को मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा 80 में से 80 सीट जितने जा रही है। .मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन के बाद मीडिया से बात करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और सपा गठबंधन का कोई भविष्य नहीं है। पहले भी दोनों पार्टियों में समझौता हुआ था। भाजपा 80 में से 80 सीट जीतने जा रही है। बिहार में चल रहे उठा पटक पर उन्होंने कहा कि जल्द ही अच्छा समाचार मिलेगा। आज हर कोई मोदी के नेतृत्व में काम करना चाह रहा है और मोदी के नेतृत्व में सभी खुश हैं। देश ही नहीं विदेशों में भी भारतीयों को सम्मान मिल रहा है।

### मसूरी उत्तराखंड रोडवेज बस के ब्रेक हुए फेल, हादसा टला

**देहरादूनः** मसूरी में उत्तराखंड रोडवेज की एक बस के ब्रेक फेल हो गए, जिसकी चपेट में आने से तीन कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है और इस हादसे के बाद बस सड़क किनारे के कार से टकराकर रुक गई। बस के बीच सड़क में हो जाने से दोनों ओर वाहनों का लम्बा जाम लग गया, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़। बताया जा रहा है कि सुबह 5 बजे के समय उत्तराखंड रोडवेज की एक बस दिल्ली से मसूरी आई थी और खराब होने के कारण सड़क किनारे खड़ी कर दी गई। मसूरी में राज्यपाल के दौरा होने के कारण सड़क पर खड़ी गाड़ियों को पुलिस ने हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद बस कंडक्टर और ड्राइवर को पुलिस ने बस हटाने के लिये जोर दिया। इस पर बस चालक ने बस को स्टार्ट करके बैक करने की कोशिश की कि तभी अचानक बस के ब्रेक फेल हो गए और बस अनियंत्रित होकर हो गई, जिसकी चपेट में आने से सड़क पर खड़ी तीन कारें आ गईं और क्षतिग्रस्त हो गईं। बस कंडक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि वह देर रात को दिल्ली से लेकर मसूरी सुबह 5 बजे पहुंचे थे। सुबह 6 बजे मसूरी से देहरादून के लिये सवारी को लेकर जाना था, लेकिन बस के ब्रेक खराब होने के कारण बस को सड़क किनारे खड़ा कर दिया गया था।

# 'रामलला के साथ हुई भारत के गौरव की प्राण प्रतिष्ठा'

**टीम एक्शन इंडिया/बदायूं**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को दातागंज के गांव सैजनी में आयोजित कार्यक्रम में एचपीसीएल के बायोगैस प्लांट का उद्घाटन किया। पर्यावरण के साथ किसानों की आमदनी बढ़ाने, युवाओं को रोजगार के लिए नए उद्यम स्थापित करने व साथ ही पर्यावरण की रक्षा का भी नया संदेश दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को प्रधानमंत्री के प्रयासों से अयोध्या में पांच सौ सालों का वनवास समाप्त हुआ। प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आपने देखा। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही भारत के गौरव की भी प्राण प्रतिष्ठा हुई है। यही रामराज्य है।

जब सरकारें अच्छी होती हैं तो आस्था का सम्मान भी होता है। जन विश्वास पर खरा उतरने के लिए लोक भावनाओं का भी ख्याल रखती हैं। हमारी सरकार को सात साल होने जा रहे हैं। इन सात सालों में दंगा नहीं हुआ। जो प्रदेश पहले दंगा प्रदेश हुआ करता था अब वह उत्सव प्रदेश बन गया है। कहीं रामोत्सव हो रहा है ,तो कहीं होली उत्सव। अलग-अलग उत्सवों के

**जनविश्वास**

▸▸ जन विश्वास पर खरा उतरने के लिए लोक भावनाओं का भी ख्याल रखती हैं : सीएम योगी

साथ हर जाति व मजहब के लोग उत्सव मना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हम किसानों सुरक्षा का वातावरण भी देंगे। गरीबों के लिए चलने वाली तमाम योजनाएं आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सांसद विधायक गांव-गांव जाकर आपको अपने साथ जोड़ने का प्रचार कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल से आपने बदलते हुए भारत को देखा है, सात साल में बदलते हुए यूपी को देखा है।

आने वाले समय में आपको हर क्षेत्र में बदलाव देखने में मिलेगा। गंगा एक्सप्रेस-वे बनने के बाद यहां के लोग बदायूं से लखनऊ की दूरी तीन घंटे में पूरी कर लेंगे। चार साढ़े चार घंटे प्रयागराज तो तीन घंटे में दिल्ली पहुंचेंगे।

# 'अधिकारी गुड गवर्नेंस और इनोवेशन पर करें फोकस'

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

मुख्यमंत्री ने शनिवार को प्रान्तीय सिविल सेवा के वार्षिक अधिवेशन में कहा कि जनता और सरकार के मध्य जितना अच्छा आप समन्वय स्थापित करेंगे, उतने ही जनहित में कार्य और तेजी से होंगे। सरकार की ओर से लिये गये नीतिगत निर्णयों को धरातल पर उतारने की पूरी जिम्मेदारी अधिकारियों पर होती है। आप गुड गवर्नेंस के अग्रदूत हैं। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों से गुड गवर्नेंस और इनोवेशन पर जोर देने की अपील की।

सुभाष रोड स्थित एक होटल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड प्रान्तीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) संघ के वार्षिक अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि यह बातें कहीं। उन्होंने संघ की वार्षिक पत्रिका आरोही का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने संघ को अधिवेशन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संघ की ओर से जो मांग पत्र दिया गया है, उन सभी विषयों पर गंभीरता से विचार करते हुए समस्याओं के समाधान के लिए उचित कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आप सभी सरकार के प्रमुख अंग हैं। जब आपके ओर से

**निर्देश**


▸▸ जनहित में सराहनीय कार्य किये जाते हैं, तो इससे सरकार के प्रति जनता का और विश्वास बढ़ता है

जनहित में सराहनीय कार्य किये जाते हैं, तो इससे सरकार के प्रति जनता का और विश्वास बढ़ता है। अधिकारी सरकार और जन सामान्य के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं। सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन और उनको आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हमारे अधिकारी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में उत्तराखंड की एक अलग छवि बनी है, इस छवि को बनाए रखने के लिए हमारे सभी अधिकारियों को ब्रांड एम्बेसडर के नाते कार्य करना है। उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में लाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।










# उत्तराखंड : यूसीसी पर आई निर्णायक घड़ी




**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर निर्णायक घड़ी बहुत करीब आ गई है। पांच फरवरी से विधानसभा का सत्र आहूत किया जा रहा है, जिसमें यूसीसी लागू करने के संबंध में अहम फैसला किए जाने की संभावनाएं बताई जा रही हैं। गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिस तरह से यूसीसी का खास जिक्र किया है, उसके भी कई मायने टटोले जा रहे हैं। इन स्थितियों के बीच, सरकार ने यूसीसी का प्रारूप तैयार करने वाली जस्टिस देसाई कमेटी का कार्यकाल 15 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। बताया जा रहा है कि कमेटी का काम पूरा हो चुका है। कार्यकाल सिर्फ तकनीकी वजह से बढ़ाया गया है। यह भी बताया जा रहा है कि दो फरवरी को यह

**संकल्प**

▸▸ पांच फरवरी से विधानसभा सत्र पर नजरें, धामी ने दोहराया संकल्प

कमेटी अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप देगी। दो फरवरी को ही धामी कैबिनेट का अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। लोकसभा चुनाव की दस्तक दिनों दिन तेज होती जा रही है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सफलता से भाजपा गदगद है। श्रीराम मंदिर के अलावा यूसीसी को भाजपा का प्रमुख मुद्दा माना जा रहा है, जिसको लेकर वह चुनावी जंग में कूदना चाहती है। ऐसे में संभावनाएं प्रकट की जा रही हैं कि उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने के संबंध में अब विलंब के लिए कोई गुंजाइश नहीं बची है।

